स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, बुधवार
14 मई, 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 2
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक -262 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

रोहित और विराट की अनुपस्थिति से इंग्लैंड को काफी फायदा होगा : मोईन



पीएम मोदी ने आदमपुर एयरबेस पर देश के जवानों को संबोधित किया

## अपनी शर्तों पर देंगे हर आतंकी हमले का जवाब

**जालंधर।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पीएम मोदी आज पंजाब के जालंधर स्थित आदमपुर एयरबेस पर देश के जवानों को

**वे कायरों की तरह छिप कर आए, हमने सामने से हमला करके मारा**

**आज देश के हर कोने में है 'ऑपरेशन सिंदूर' की गूंज**

संबोधित किया। पीएम ने भारत माता की जय उद्घोष के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा, इस जयघोष की ताकत अभी-अभी दुनिया ने देखी है। भारत माता की जय, ये सिर्फ उद्घोष नहीं है। ये देश के हर उस सैनिक की शपथ है जो मां भारती की मान-मर्यादा के लिए जान की बाजी लगा देता है। पीएम मोदी बोले, ये देश के हर उस नागरिक की आवाज है, जो देश के लिए जीना चाहता है, कुछ कर गुजरना चाहता है। भारत माता की जय, मैदान में भी गूंजती है और मिशन में भी। उन्होंने कहा वे कायरों की तरह छिपकर आए थे, लेकिन वो भूल गए कि उन्होंने जिसे ललकारा है वह हिंद की सेना है। आपने उन्हें

### वीरों के पैर पड़ते हैं तो धन्य हो जाती है धरती

पीएम मोदी ने कहा, जब वीरों के पैर धरती पर पड़ते हैं, तो धरती धन्य हो जाती है। जब वीरों के दर्शन का अवसर मिलता है, तो जीवन धन्य हो जाता है। इसलिए मैं आज सुबह-सुबह ही आपके दर्शन करने के लिए यहां पहुंचा हूं। आज से अनेक दशक बाद भी जब भारत के इस पराक्रम की चर्चा होगी, तो उसके सबसे प्रमुख अध्याय आप और आपके साथी होंगे। आप सभी वर्तमान के साथ ही देश की आने वाली पीढ़ियों के लिए भी नई प्रेरणा बन गए हैं।



सामने से हमला करके मारा है। आपने आतंक के तमाम बड़े अड्डों को मिट्टी में मिला दिया। 9 आतंकी ठिकाने बर्बाद कर दिए, 100 से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई। आतंक के आकाओं को अब समझ आ गया है कि भारत की ओर नजर उठाने का अब एक ही अंजाम होगा - तबाही। भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा - विनाश और महाविनाश। जब भारत के सैनिक मां भारती की जय बोलते हैं, तो दुश्मन के कलेजे कांप जाते हैं। जब हमारे ड्रोन दुश्मन के किले की दीवारों को ढहा देते हैं, जब हमारी मिसाइलें सनसनाती हुई निशाने पर पहुंचती हैं, तो दुश्मन को सुनाई देता है - भारत माता की जय।

भारत का डोनाल्ड ट्रंप को सीधा जवाब

## कश्मीर पर मध्यस्थता मंजूर नहीं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान संघर्ष विराम को लेकर विदेश मंत्रालय ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता को लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा कि कश्मीर पर हमें मध्यस्थता मंजूर नहीं है। पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारा लंबे समय से राष्ट्रीय रुख रहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय रूप से हल करना होगा। यह घोषित नीति नहीं बदली है। लंबित मामला पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना है। पाकिस्तान ने हर जंग हारने के बाद ढोल बजाया है। यह उनकी पुरानी आदत हैं।
विदेश मंत्रालय ने कहा, हमारा लंबे अर्से से यही राष्ट्रीय पक्ष रहा है कि जम्मू-कश्मीर के किसी भी मुद्दे को भारत-पाकिस्तान ही हल करेंगे। इसमें

### हर हाल में पीओके खाली करे पाकिस्तान



कोई बदलाव नहीं है। लंबित मामला सिर्फ पीओके पर कब्जा करने का है। इसी पर ही बात होगी। भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ ने बात की थी और हमले रोकने की बात कही थी। भारत का मैसेज साफ है- हमने सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया है। अगर पाकिस्तान की ओर से हमला होता है तो हम भी हमला करेंगे। अगर वे शांत रहते हैं तो हम भी शांत रहेंगे। रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका में सैन्य गतिविधियों को लेकर बातचीत हुई थी। ट्रेड को लेकर दोनों देशों में कोई बात नहीं हुई। भारत ने सिर्फ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, लेकिन पाकिस्तान ने आम लोगों को निशाना बनाया। अभी शांति है। विदेश विभाग के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी। हमने सात बार ब्रीफिंग दी। विदेश सचिव ने साफ कहा था- हमारे पास सबूत हैं। टीआरएफ ने जिम्मेदारी ले थी। टीआरएफ लश्कर-ए-तैयबा का संगठन है। टीआरएफ को यूएनएससी में आतंकी संगठन के तौर पर लिस्टेड कराएंगे। जांच की रिपोर्ट से जल्द अपडेट कराएंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सुरक्षा परिषद की मॉनिटरिंग कमेटी से हमने द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को आतंकी संगठन के तौर पर लिस्टेड करने को कहा है।

## ओवैसी ने दे दी शहबाज और मुनीर को चुनौती

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और देश के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर पर

**पूछा क्या चीनी विमान को रहीम यार खान एयरबेस पर उतार पाएंगे?**

भारतीय वायुसेना (आईएएफ) द्वारा पाकिस्तान वायुसेना (पीएएफ) के रहीम यार खान एयरबेस पर किए गए हमले के बाद कड़ा प्रहार किया। 10 मई की सुबह किए गए ऑपरेशन के दौरान आठ एयरबेसों में से एक



एयरबेस पर हमला किया गया था। ओवैसी ने एक्स पर पोस्ट किया, क्या शरीफ और मुनीर अपने लीज पर लिए गए चीनी विमान को रहीम यार खान एयरबेस पर उतार पाएंगे? रहीम यार खान, पीएएफ की सेंट्रल कमांड के लिए एक अग्रिम संचालन बेस के रूप में कार्य करता है।

## रक्षा मंत्री ने की सुरक्षा स्थिति की गहन समीक्षा बैठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को पाकिस्तान सीमा से लगे इलाकों की सुरक्षा स्थिति की गहन

**सीडीएस व तीनों सेनाध्यक्ष हुए शामिल**

समीक्षा की। इस अहम बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह शामिल हुए। सरकारी सूत्रों के मुताबिक बैठक में पश्चिमी सीमा की



मौजूदा सुरक्षा स्थिति और उससे जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बता दें कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तरफ से यह समीक्षा ऐसे समय पर हुई है जब सीमावर्ती क्षेत्रों में गतिविधियों को लेकर सतर्कता बढ़ाई जा रही है। बैठक का उद्देश्य देश की सीमाओं की सुरक्षा को और मजबूत बनाना और संभावित खतरों से निपटने की तैयारियों का जायजा लेना था।

## शोपियां मुठभेड़ में लश्कर के तीन आतंकी ढेर

**जम्मू।** पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा बलों को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने लश्कर के तीन आतंकियों को मार गिराया है। मंगलवार को शोपियां में सेना ने बड़ा अभियान चलाया और सफलता हासिल की। दक्षिण कश्मीर के शोपियां के शुकरू केलर इलाके में मंगलवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ हुई। मंगलवार की सुबह शोपियां जिले में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के दहशतगर्दों को घेरा।

## श्रीनगर एयरपोर्ट से उड़ानें फिर शुरू

**श्रीनगर।** भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण कुछ समय के लिए स्थगित रहने के बाद श्रीनगर हवाई अड्डे पर वाणिज्यिक उड़ानों का परिचालन मंगलवार को फिर

**उड़ान संचालन और यात्री यातायात में आई गिरावट**

से शुरू हो गया। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार दोपहर को उड़ान संचालन फिर से शुरू हो गया। हालांकि, उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी से आने-जाने वाली कई उड़ानों में देरी हुई, जबकि कुछ एयरलाइनों ने पहले ही दिन के लिए उड़ानों को रद्द करने की घोषणा कर दी है। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य गतिरोध के मद्देनजर 9 मई से श्रीनगर हवाई अड्डे के साथ-साथ सीमावर्ती राज्यों के 31 हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था, जिसके बाद कुछ दिनों बाद इसे फिर से खोला गया। श्रीनगर में उड़ान संचालन फिर से शुरू करने का निर्णय भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा सोमवार को इन हवाई अड्डों पर नागरिक उड़ानों को फिर से शुरू करने की घोषणा के बाद लिया गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों के आंकड़ों से पता चलता है कि 23 अप्रैल से 8 मई तक उड़ान संचालन और यात्री यातायात दोनों में उल्लेखनीय गिरावट आई है।

## भारत ने रूस से मंगाई एस-400 सिस्टम की नई खेप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसने किया था कमाल**

एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम ने अहम भूमिका निभाई। इसे देखते हुए भारत ने रूस से इस प्लेटफॉर्म की अतिरिक्त यूनिट्स की अपील की है। नई दिल्ली ने मॉस्को से एस-400 की और खेप की डिलीवरी की मांग रखी है। इस तरह वायु रक्षा क्षमताओं का विस्तार करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों से यह संकेत मिला कि रूस निकट भविष्य में इस अपील को मंजूरी दे सकता है। रूस में बना एस-400 सिस्टम भारतीय सेना में पहले से ही तैनात है। हाल के संघर्ष के दौरान पाकिस्तान की ओर से दागी गई मिसाइलों और ड्रोनों को रोकने में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रूस का एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम विश्व की सबसे उन्नत प्रणालियों में से एक है, जिसे विभिन्न हवाई खतरों जैसे विमान, ड्रोन, क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह सिस्टम 600 किमी तक टारगेट को ट्रैक और 400 किमी की रेंज में उन्हें नष्ट कर सकता है।

### सीमा सुरक्षा के लिए एस-400 सिस्टम कितना अहम

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 ने भारत की वायु रक्षा में बेहद खास भूमिका निभाई। पाकिस्तान की ओर से दागी गई मिसाइलों व ड्रोनों को रोकने और विफल करने में इसकी सटीकता काम आई। एस-400 के चलते पाकिस्तानी जेट विमानों और मिसाइलों को मिशन रद्द करने या मार्ग बदलने के लिए मजबूर होना पड़ा। ऐसी स्थिति में उसके हमले की योजनाओं को गंभीर झटका लगा।

## सीबीएसई 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) कक्षा 10वीं का रिजल्ट भी जारी हो गया है। 10वीं कक्षा का रिजल्ट जारी होने के बाद स्टूडेंट्स, सीबीएसई की वेबसाइट्स के अलावा डिजिलॉकर पर भी स्कोरकार्ड चेक कर सकते हैं। सीबीएसई दसवीं का पास

**12वीं में यूपी के शामली की सावी बनीं ऑल इंडिया टॉपर**

प्रतिशत 93.66 फीसदी रहा। दसवीं कक्षा में 95 फीसदी छात्राएं पास हुई हैं। 93.66 फीसदी छात्र पास हुए हैं। 10वीं में नोएडा रीजन में इस बार 170111 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इसमें से कुल 150795 परीक्षार्थी पास में है। जिले का ओवरऑल प्रतिशत 89.41 रहा है। इसमें 100397 लड़कों में से 87722 पास



हुए हैं। इनका 87.38 प्रतिशत रहा है। इसी तरह परीक्षा में शामिल 68261 छात्राओं में से 63073 पास हुई हैं। इनका ओवरऑल प्रतिशत 87.38 रहा है। सीबीएसई कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए उत्तीर्ण प्रतिशत 88.39 प्रतिशत रहा।

### 12वीं में लखनऊ की अनुष्का को 99 प्रतिशत अंक

सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में लखनऊ की अनुष्का को 99 प्रतिशत अंक मिले हैं। अनुष्का रानी लक्ष्मी बाई कालेज की छात्रा हैं। एलपीएस साउथ सिटी की आंचल भारद्वाज को 98.8 प्रतिशत और एलपीएस सेक्टर डी की हर्षिता को 98.6 प्रतिशत अंक मिले हैं। अनुभूति वर्मा को 97.8 प्रतिशत नंबर मिला है। परीक्षाएं 15 फरवरी से चार अप्रैल तक कराई गई थीं। सीबीएसई 12वीं व 10वीं की परीक्षाओं में लखनऊ के 42,920 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें 12वीं के लगभग 22 हजार व 10वीं के करीब 20 हजार विद्यार्थी हैं। दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं के लिए 40 केंद्र बनाए गए थे।

## पहलगाम के आतंकियों के पोस्टर लगे

**जम्मू।** पहलगाम आतंकी हमले में शामिल पाकिस्तानी आतंकियों के शोपियां जिले के कई इलाकों में पोस्टर लगाए गए। आतंकियों की सूचना सुरक्षा बलों को देने वाले को 20 लाख का इनाम भी दिया जाएगा। तीनों पाकिस्तानी आतंकियों की तलाश तेज कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से दो आतंकियों की पहचान हो चुकी है, जबकि तीसरे की खोज जारी है।

## जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी, आईपीएल के तीन मैच यहां खेले जाने हैं

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम को 6 दिन के भीतर तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बताया जा रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सफलता का बदला लेने के इरादे से ये धमकी दी गई है।
आईपीएल 2025 के नए शेड्यूल अनुसार अभी यहां 3 मैच और खेले जाने बाकी हैं। पहले भी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। ये दोनों धमकियां 8 मई और 12 मई को आई थीं। धमकी के बाद प्रशासन सतर्क हो गया है और स्टेडियम को फिर से खंगाला जा रहा है। 12 मई को आईपीएल 2025 का नया शेड्यूल जारी किया गया था, बचे हुए 17 मैचों में से तीन जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में ही खेले जाने हैं।

## जम्मू कश्मीर में पटरी पर आ रहा सामान्य जनजीवन

**श्रीनगर।** भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति काफी तनावपूर्ण बनी हुई है। दोनों देशों के बीच की पैदा हुई तनाव की स्थिति को रोकने के लिए युद्ध विराम की घोषणा की गई थी। इसके तीन दिन बाद जम्मू कश्मीर के कई इलाकों में अब जन जीवन सामान्य हो गया है। जम्मू कश्मीर के रियासी में जनजीवन अब पटरी पर लौटने लगा है।
मीडिया रिपोर्ट्स में सुबह के समय छात्र स्कूल जाते दिखाई दिए है। हालांकि, सांबा जिले के एक सीमावर्ती गांव के स्थानीय निवासियों को पाकिस्तानी सेना का डर सता रहा है, क्योंकि

**फिर खुल गए स्कूल**

सोमवार रात को विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं और एक घर में छर्रे लगे। पाकिस्तान की गोलाबारी के कारण प्रभावित घर की छत और रसोईघर क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय निवासी दलबीर सिंह ने बताया कि पाकिस्तान की गोलाबारी के कारण लगातार भय बना हुआ है। कल रात हमें कुछ पता नहीं था, लेकिन हमने शोर सुना। सुबह हमने देखा कि यह हुआ है। हालांकि, ज़्यादा नुकसान नहीं हुआ है। जब विस्फोट हुआ तो हम सब घर पर थे। बाद में पुलिस आई और स्थिति का जायजा लिया। डर का माहौल है। एक अन्य स्थानीय व्यक्ति कृष्ण चंद ने बताया कि जब विस्फोट हुआ तब वह बाहर बैठे थे। उन्होंने कहा, कल रात हमें कुछ पता नहीं था, लेकिन हमने शोर सुना।

## ओम बिरला की बेटी को राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित रूप से आपत्तिजनक 'सोशल मीडिया पोस्ट' के खिलाफ भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (आईआरपीएस) अधिकारी एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की बेटी अंजलि बिरला द्वारा दायर मुकदमे की कार्यवाही मंगलवार को बंद कर दी। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने 'एक्स कॉर्प' (पूर्व में ट्विटर), गूगल और अज्ञात व्यक्तियों (जॉन डो) के खिलाफ दायर मुकदमे में अंजलि बिरला के पक्ष में फैसला सुनाया। अधिकारी ने सोशल मीडिया से वह 'पोस्ट' हटाने का निर्देश देने का अनुरोध किया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने अपने पिता के प्रभाव के कारण संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा पास की और अपने पहले ही प्रयास में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी बन गईं। अंजलि बिरला के वकील ने अभ्वादेन दिया कि बिरला ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) एवं सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) दी थी और 2019 की समेकित आरक्षित सूची में उनका चयन हुआ था।

## संघर्ष विराम कराने के ट्रंप के दावों पर सवाल उठाएगा विपक्ष

**कलबुर्गी।** कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को एक बार फिर सर्वदलीय बैठक की मांग की। उन्होंने

**सर्वदलीय बैठक को लेकर बोले कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे**

कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से किए गए दावे पर विपक्ष केंद्र सरकार से जवाब मांगेगा। खड़गे ने कहा कि ट्रंप तो अपना क्रेडिट लेने के लिए कुछ भी कह रहे हैं। वहीं हमारी सरकार कह रही है कि ऐसा कुछ नहीं हुआ। यह एक संवेदनशील मुद्दा है। इसलिए हम चाहते हैं कि इस पर केंद्र सरकार ऑल पार्टी बैठक बुलाए।
कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जब ऑल पार्टी मीटिंग होगी, तो हम पूछेंगे कि क्या वाकई कोई बातचीत हुई थी? अगर हुई तो उसमें क्या कहा गया? क्या अमेरिका की कोई भूमिका थी या नहीं? साथ ही जब उनसे पूछा गया कि क्या प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप के दबाव में यह फैसला लिया, तो उन्होंने कहा कि इस पर अभी कुछ कहना ठीक नहीं होगा। पहले हमारी पार्टी की बैठक है, उसके बाद हम सरकार से बैठक बुलाने की मांग करेंगे। कांग्रेस पहले ही केंद्र सरकार से मांग कर चुकी है कि हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर, और भारत-पाक सीमा पर बढ़े तनाव और संघर्ष विराम जैसे मुद्दों पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए। जहां खरगे ने कहा कि ये सारे मामले राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े हुए हैं और विपक्ष को इन पर जानकारी मिलनी चाहिए।

## अमृतसर में जहरीली शराब से 17 की मौत

**चंडीगढ़।** अमृतसर के मजीठा में जहरीली शराब पीने से 17 लोगों की मौत हो गई। अवैध शराब के मामले में पंजाब सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। इस बाबत अब तक कुल नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) मजीठा को घोर लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव के अनुसार, पंजाब पुलिस ने रैकेट के सरगना सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है, और अवैध शराब के व्यापार के पूरे तौर-तरीकों को उजागर करने के लिए जांच जारी है। डीजीपी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि अवैध शराब के कारोबार के सिलसिले में रैकेट के सरगना और कई स्थानीय वितरकों सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## दर्जी निकला गद्दार : आर्मी कैंट का टेलर पाक भेज रहा था सेना की जानकारी

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच पैदा हुए तनाव के बीच देश के गद्दार भी पकड़े जा रहे हैं। पंजाब के बठिंडा में दुश्मन देश के लिए काम

**अब रकीब का मोबाइल उगले राज**

कर रहा दर्जी पकड़ा गया है। हैरानी की बात यह है कि गद्दार दर्जी बठिंडा में सैन्य छावनी में टेलर का काम कर रहा था और वहां से सेना से जुड़ी जानकारी दुश्मनों तक पहुंचा रहा था। आरोपी को थाना कैंट पुलिस ने आरोपी को सैन्य छावनी की जासूसी करने और सेना से जुड़ी जानकारियां पाकिस्तानी इंटेलिजेंस आप्रेटिव के नंबरों पर भेजने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रकीब पुत्र इकबाल निवासी गांव दुसनी हरिद्वार (उत्तराखंड) के तौर पर हुई। आरोपी पिछले कुछ सालों से बठिंडा सैन्य छावनी के अंदर टेलर का काम करता था। सेना और पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद करके फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिए हैं। उसके मोबाइल फोन से संदिग्ध सैन्य दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि पकड़े गए आरोपित के खिलाफ थाना कैंट पुलिस ने एक सेना अधिकारी की शिकायत पर केस दर्ज किया है। सूत्र बताते हैं कि पकड़े गए आरोपी रकीब से एसएसपी समेत अन्य जांच एजेंसियों के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। ताकि पता लगाया जा सके कि उक्त आरोपित पाकिस्तानी की किस एजेंसी के साथ संपर्क में था और कैसे आया। वह कितने समय से उनके साथ संपर्क में था और अब तक वह कौन-कौन सी जानकारी उन्हें भेजा चुका है।

असीम मुनीर के लिए नया ठिकाना तलाश रही पाकिस्तानी सेना

## मिसाइलों से डरकर बंकर में जा छिपे थे पाक सेना प्रमुख

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारतीय सेना की मिसाइलों से न

**नूर खान एयरबेस पर हमले के बाद था ये आलम**

सिर्फ आतंकी खौफ में थे, पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल असीम मुनीर भी डरकर छिप गए। रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर हमले के बाद मुनीर इतना घबरा गए कि जान बचाने के लिए करीब तीन घंटे तक बंकर में छिपे रहे। उन्हें बाद में सुरक्षित घर में पहुंचाया गया। कई दिन बाद सोमवार को मुनीर सार्वजनिक रूप से दिखे।
पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट के



मुताबिक, जबरदस्त सैन्य संघर्ष में भारत की ओर से आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के बाद पाकिस्तान ने कुछ ड्रोन छोड़े, जिन्हें भारतीय सेना ने नष्ट कर दिया। इसके बाद, भारतीय सेना ने पाकिस्तानी एयरबेस निशाने पर लिए। जब भारत की एक मिसाइल रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर जा गिरी, तो सेना प्रमुख मुनीर के पसीने छूट गए। मुनीर तुरंत बंकर में जाकर छिप गए। रिपोर्ट के मुताबिक, संघर्ष विराम घोषित होने के काफी देर बाद तक मुनीर बंकर में ही छिपे रहे।
सूत्रों ने कहा, भारत के हमले से मची तबाही से पाकिस्तानी सेना का शीर्ष नेतृत्व भी मनोवैज्ञानिक दबाव में आ गया। खौफ का अंदाजा इसी से लगता है कि खतरे को देखते हुए पाकिस्तानी सेना ने मुनीर के बैठने के लिए रावलपिंडी के बजाय दूसरा ठिकाना तलाशना शुरू कर दिया है। नूर खान बेस इस्लामाबाद से सिर्फ दस किमी की दूरी पर है।

### टोल प्लाजा के पास लगी आग, दमकल ने पाया काबू

उन्नावः कानपुर-लखनऊ राजमार्ग पर टोल प्लाजा के समीप सोमवार को देर शाम जंगल में आग लग गई। आग का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। राहगीरों ने जंगल में आग की लपटें उठती देखीं। उन्होंने तुरन्त पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति का जायजा लेकर दमकल विभाग को सूचित किया। दमकल विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

## सारा ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया



स्वतंत्र भारत उन्नावः आज घोषित सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में लखनऊ पब्लिक स्कूल की छात्रा सारा प्रकाश श्रीवास्तव ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, जनपद का नाम रोशन किया है। सारा ने अपना परीक्षा परिणाम बेहतर आने का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को दिया सारा ने अपने माता-पिता के साथ ही स्कूल से पूरा सहयोग प्राप्त होने के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है। सौरभ प्रकाश श्रीवास्तव की पुत्री सारा प्रशासनिक अधिकारी बनने का लक्ष्य संजोये है।

## अपराधिक मामलों में वांछित गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत फतेहपुर चौरासी, उन्नावः आपराधिक मामलों में वांछित एक युवक को पुलिसदल ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने संबंधित अभियोग में युवक को न्यायालय में पेश किया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सूसूमऊ के मजरा ग्राम कछियन खेड़ा रामसेवक को सफीपुर न्यायालय में कई आपराधिक मामलों में वांछित है। विगत काफी समय से वह न्यायालय में पढ़ने वाली पेशियों से गायब रहता था। इस पर न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी कर 13 मई मंगलवार को अदालत में पेश होने की तिथि निर्धारित की थी। न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आधार पर सोमवार को उपनिरीक्षक ने हेड कांस्टेबल के साथ अभियुक्त रामसेवक को उसके घर के पास से हिरासत में लेकर अदालत के समक्ष पेश किया।

## आइटीआई की लिखित परीक्षा 19 एवं 20 मई को दो पालियों में होगी

स्वतंत्र भारत उन्नावः जिला अल्पसंख्यक अधिकारी आकांक्षा दुबे ने बताया कि उ.प्र.मदरसा वोकेशन ट्रेनिंग लखनऊ द्वारा संचालित मदरसा मिनी आईटीआई परीक्षा वर्ष 2023 की लिखित परीक्षाएं 19 एवं 20 मई को दो पालियों में आयोजित की गई है। 19 मई को प्रथम पाली में प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक ट्रेड थ्योरी तथा दितीय पाली में अपराह्न 1 बजे से 4 बजे तक सामाजिक अध्ययन तथा 20 मई को प्रथम पाली में प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक वर्कशाप कैल्कुलेशन एंड साइंस तथा दितीय पाली में अपराह्न 1 बजे से अपराह्न 5 बजे से इंजीनियरिंग ड्राइंग की लिखित परीक्षा संपन्न होना निर्धारित है।

## सरैंया आरओबी का काम तेज

**मरहला चौराहे पर दिन रात चल रहा पिलर निर्माण अगस्त तक तीन पिलर बनेंगे**

स्वतंत्र भारत उन्नावः शहरवासियों को जाम से राहत देने के लिए बैराज मार्ग पर बन रहे सरैया रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण तेजी से चल रहा है। मरहला चौराहा स्थित पिलर संख्या 26 की पाइलिंग का काम शुरू हो गया है। कार्यदायी संस्था ने समय पर काम पूरा करने के लिए दिनरात काम करना शुरू कर दिया है। प्रशासन ने 14 अगस्त तक इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों को डायवर्ट कर दिया है। डायवर्जन के बाद निर्माण कार्य में तेजी आई है। पिलर 26 और 27 की तैयारी में भूमिगत बिजली केबलों से बाधा आ रही थी। पहले पिलर 27 की पाइलिंग पूरी की गई। फिर बिजली विभाग की मौजूदगी में त्रिभुवनखएड़ा सब स्टेशन की केवल को हटाया गया। अब पिलर 26 के लिए तीन स्थान पर एक साथ पाइलिंग का काम चल रहा है। सहायक अभियंता धर्मेंद्र कुमार के अनुसार,ि पलर 26 के बाद मरहला चौराहे पर पिलर 25 की पाइलिंग होगी। निर्माण स्थल के मेट ने बताया कि अगले चार माह में बैराज मार्ग पर ओवरब्रिज का मुख्य कार्य पूरा होगा। इससे मार्ग पर यातायात बहाल सकेगा। पिलर 24,25,26 और 27 का निर्माण स्लैब सहित आगामी सात माह में पूरा करने का लक्ष्य है। रात दिन चल रहे कार्य से स्थानीय लोगों को निर्माण के दौरान कुछ असुविधा जरूर हो रही है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि निर्धारित समय पर पुल के तैयार हो जाने से क्षेत्रवासियों को ट्रैफिक जाम और देरी से राहत मिलेगी। सरैंया आरओबी के पूर्ण होने पर न केवल बैराज मार्ग पर आवागमन आसान होगा, बल्कि आसपास के औद्योगिक और शहरी विकास को भी गति मिलेगी।

## आटो ने युवक को मारी टक्कर,घायल

स्वतंत्र भारत उन्नावः मियागंज के आसीवन थाना क्षेत्र में मंगलवार को मियागंज-संडीला मार्ग पर एक आटो से उतरकर सड़क पार कर रहे युवक को पीछे से आ रहे दूसरे आटो ने टक्कर मार दी। घायल युवक की पहचान फतेहपुर चौरासी थआना क्षेत्र के महपरापुर गांव निवासी संजू पुत्र रामचंद्र के रूप में हुई। संजू अफनी बहन के घर जा रहा था। जिसकी शादी औरास थाना क्षेत्र के सिधूर गांव में हुई है। हादसे के बाद घायल संजू को पहले मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। डाक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# केंद्रीय माध्यमिक परीक्षा में फिर एमडीपीएस सहजनी ने बजाया ढंका
































-चित्र परिचयः एमडीपीएस में कक्षा 12 एवं कक्षा 10 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने कुछ इस तरह से खुशियां् व्यक्त कीं। छायाः स्वतंत्र भारत।

**प्रबंधक मयंक शुक्ल बोले- सपनों की उड़ान मिली है, 10वीं और 12 वीं की सेना ने एमडीपीएस को शीर्ष पर पहुंचाया**

**स्वतंत्र भारत उन्नावः** एमडीपीएस (महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल) सहजनी ने फिर इतिहास रच दिया। जनपद में शीर्ष स्थआन 94.6 फीसद (कक्षा 12) एवं 93.8 फीसद कक्षा दस में प्राप्तांक के साथ ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है। मंगलवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें महर्षि पब्लिक स्कूल सहजनी ने अपनी श्रेष्ठता सिद्द करते हुए शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त करते हुए चौथे वर्ष जनपद में अग्रणी स्थान हासिल कर शिक्षा क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के कक्षा 12 के छात्र कुलदीप सिंह ने 94.6 फीसद अंक एवं कक्षा 10 के छात्र ऋतिक चौहान ने 93.8 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव जनपद में फैलाया। इसके साथ ही कक्षा 12 से यश गुप्ता (94.2फीसद) आदित्य गौतम (87) फीसद सान्या गौतम (84.6) फीसद, रोहन भट्ट (84.6) फीसद एवं ज्योति पाल (81.)फीसद तथा कक्षा 10 से अंशिका गौतम (92.8) प्रतिशत, केशव सिंह(92.8)प्रतिशत, सुगंधा (92.4) प्रतिशत और शिखा सिंह चौहान (92) फीसद, जैसे छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर्स की सूची में स्थान बनाते हुए अभिभावकों एवं विद्यालयों को गर्वित किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधक मयंक शुक्ल ने सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि सपनों को उड़ान मिली है फिर से मेहनत ने रंग दिखाया है। 12 वीं और 10वीं की सेना ने फिर आज एमडीपीएस को शीर्ष पर पहुंचाया है। मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता कि आज में कितना गर्वित और भावुक हूं। आप बच्चों ने मेरी सोच को बार-बार यह ताकत दी है कि एमडीपीएस में पढ़ाई से बेहतर वातावरण कहीं नहीं। यह परिणाम न केवल छात्रों की मेहनत का बल्कि हमारे शिक्षकों के समर्पण, अभिभावकों के विश्वास और हमारी संस्थागत नीतियों की सफलता का प्रमाण है। विद्यालय प्रांगण में विदयार्थियों एवं अभिभावकों का माल्यार्पण एवं तिलक कर भव्य अभिनंदन किया गया। प्रबंधक ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि सदैव न्यूनतम शिक्षण शुल्क पर जनपद के सभी वर्ग के विद्यार्थियों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा प्रदान करने हेतु एमडीपीएस प्रतिबद्ध और अग्रणी रहेगा। प्रबंधक मयंक शुक्ल ने बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए सभी शिक्षकों द्वारा दिए गए योगदान के लिए बधाई दी है



## 15 को राज्यपाल के आगमन के मद्देनजर डीएम ने तैयारियों को लेकर की बैठक

स्वतंत्र भारत उन्नावः राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 15 मई को यहां आने वाली हैं। उनके आगमन के मद्देनजर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने मंगलवार को कार्यक्रम स्थल निराला प्रेक्षागृह का निरीक्षण किया तथा कार्यक्रम संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि राज्यपाल के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर निराला प्रेक्षागृह परिसर में नवाचार व जनपद की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए अपनी-अपनी विभागीय तैयारियां पूर्व से ही सुनिश्चित करने को कहा। ताकि कार्यक्रम के दौरान कोई समस्या न हो। बैठक में मुख्य रुप से अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) सुशील कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज. प्रभारी सीडीओ,पीडी तेजवंत सिंह, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डा.हरिनंदन प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी भी मौजूद थे।

# बड़ा मंगल पर उन्नाव में रही महावीर बिनवऊं हनुमाना की गूंज

**पुलिस अधीक्षक ने राहगीरों को पिलाया शर्बत शहर में बड़े मंगलवार पर भक्ति और सेवा का संगम, जगह जगह लगे भंडारे**









स्वतंत्र भारत उन्नावः 13 मई मंगलवार को ज्येष्ठ माह का प्रथम बड़ा मंगल का दिन था। इस अवसर पर आस्था और श्रद्धा का भव्य दृश्य देखने को मिला। सुबह से ही हनुमान मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। लोगों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने परिवार और समाज की सुख - समृदि की कामना की। भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शहर के हर प्रमुख मंदिर और मार्गों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। बड़ा चौराहा, न्यायालय गेट, हरदोई पुल, छोटा चौराहा और शुक्लागंज जैसे प्रमुख स्थानों पर सेवाभावियों ने भंडारों का आयोजन किया। श्रद्धालुओं और राहगीरों को खिचड़ी, पूड़ी-सब्जी, हलवा और शर्बत जैसे व्यंजन श्रद्धापूर्वक परोसे गए। स्थानीय नागरिकों , युवाओं और स्वयंसेवी संगठनों ने आयोजन को सफल बनाने में पूरी भागीदारी निभाई। सभी स्थानों पर भंडारों की व्यवस्था अनुशासित और व्यवस्थित रही। जिससे कहीं कोई अव्यवस्था नहीं हुई। धार्मिक सेवा में केवल आम लोग ही नहीं बल्कि प्रशासन और पुलिसकर्मियों ने भी बढ़- चढ़कर भागीदारी की। ट्रैफिक कार्यालय परिसर में पुलिसकर्मियों द्वारा राहगीरों के लिए शर्बत वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने मौके पर पहुंचकर अपने हाथों से लोगों को शर्बत पिलाया। उन्होंने सामाजिक सौहार्द और सेवा की मिसाल पेश की। एसपी दीपक भूकर ने कहा कि धार्मिक पर्व समाज में एकता, भाईचारे और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। पुलिस प्रशासन का भी यह दायित्व है कि वह इस भावना को आगे बढ़ाएं और जनसेवा में मिसाल बनें। उन्होंने सभी आयोजकों और भंडारा समितियों को उनके सेवा कार्यों के लिए धन्यवाद दिया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे। हर चौराहे और प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। यातायात को भी व्यवस्थित तरीके से संचालित किया गया,जिससे किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े। पूरे आयोजन में अनुशासन, सेवा और भक्ति का अद्भुत संतुलन देखने को मिला। उधर,बांगरमऊ क्षेत्र में भी ज्येष्ठ मास के प्रथम मंगलवार पर नौनिहाल गंज बाजार स्थित बड़े हनुमान मंदिर का भव्य श्रृंगार किया गया। साथ ही हनुमान जी के भक्तों द्वारा नगर एवं क्षेत्र में आम जनता को हलुआ, पूड़ी, सब्जी व छोला चावल का भंडारा तथा प्रसाद के रूप में शरबत वितरित किया गया। इसी तरह नानामऊ रोड स्थित दुर्गेश्वर मंदिर के निकट अजय तिवारी, अवधेश गुप्ता, दीप तिवारी, आदर्श रस्तोगी, अजयकांत शुक्ल, अंकुर गुप्ता, लवकुश श्रीवास्तव, कप्तान् सिंह, पंकज श्रीवास्तव, मंजूल शर्मा द्वारा भंडारा संचालित कर छोला्, चावल वितरित किया गया जहां संजीव दीक्षित सोनू दीक्षित, अनुज गुप्ता, सोनू तिवारी, मधुर त्रिपाटी, प्र्ज्जवल शर्मा, प्रदीप दिवेदी, व चरण आधार शर्मा् ने बजरंग बली की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसी प्रकार सेवानिवृत्त बैंक कर्मी रमेश चंद्र शर्मा द्वारा तिकोनिया पार्क के पास कन्या भोज के साथ भंडारे का आयोजन किया। बाइपास पर भी भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। कस्बा गंज मुरादाबाद समेत कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया्। जिसमें शर्बत , बूंदी का प्रसाद वितरण के स्टाल लगाए गए। जहां सैकड़ों लोगों ने भंडे का प्रसा्द ग्रहण किया। जब कि क्षेत्र के ग्राम मदारनगर , जगतनगर, माढ़ापुर, मटुकरी,अतरधनी, मुस्तफाबाद, साईपुर, सगौड़ा, हरईपुर, बेहटा मुजावर, आशायस, बल्लापुर, सिरधरपुर , पतसिया, जिरिकपुर व सिंघूपुर बेरियागाड़ा आदि गांवों में भी ज्येष्ठ मास के प्रथम मंगलवार को जगह-जगह शर्बत हलुआ, पूड़ी सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। उधर, हनुमत जीव आश्रय इंदिरा नगर कुआं वाली गली में मंगलवार को देर शाम आग लग गई। बताया जाता है कि आग लगने की वजह से जीव आश्रय केंद्र पूरी तरह जल गया है।

# कानपुर देहात समाचार



## सपा के प्रांतीय नेता वीर सेन आज होंगे जिले में

**माती कानपुर देहात** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आदरणीय वीरसेन यादव जी कल दिन बुधवार दिनांक 14 मई को 11रू00 बजे दामोदर नगर कानपुर मे ठाकुर मुन्नू सिंह जी के पिता जी की त्रयोदशी मे शामिल होंगे ए12 बजे ग्राम बैरी निवासी सपा के पूर्व मैथा ब्लाक अध्यक्ष रामू बाबा जी के भाई के निधन पर आवास जाकर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे ए2रू00 बजे जिलामुख्यालय माती 2रू30 बजे देवीपुर 3रू30 से 5रू00 बजे तक पुखरायां जनसम्पर्क कार्यालय मे कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे5रू30 बजे अमरौधा ब्लाक के प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेंद्र बाबू यादव की माता पिता के निधन पर आवास जाकर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे।

# सीता यादव ने हरदुआ पहुंच दुखी परिजनों को बंधाया ढांढस

**माती कानपुर देहात** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हरदुआ में एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी जावेद के पिता के आकस्मिक निधन की जानकारी लगते ही समिति की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीता यादव अपने सभी कार्यक्रमों को छोड़ कर तत्काल हरदुआ गांव पहुंचीए शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए उन्होंने कहा कि मृत्यू से बड़ा कोई और सच नहीं होता है इस संसार में जो भी आया है एक ना एक दिन उसे जाना ही होता है इसलिए हम सभी को चाहिए कि अपने जीवन में हम ऐसे कर्म करते रहे जिससे हमारे जाने के बाद भी हम सभी की यादों में बने रहे जैसे कि जावेद जी के पिता जिन्होंने जीवन को औरों की सेवा में समर्पित कर रक्खा थाए उन्होंने दुःख की इस अपार धडी में ईश्वर से मृत आत्मा को अपने चरणों में स्थान और दुखी परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति दिए जाने की प्रार्थना भी की है। गौरतलब रहे कि एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति संस्था के प्रचार प्रसार में समर्पित रहते हुए जरूरतमंदों को संस्था से लाभान्वित करते चले आ रहे युवा समाजसेवी जावेद के पिता का मंगलवार को अचानक निधन हो गया जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थीए उपरोक्त जानकारी लगते ही संस्था की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीता यादव हरदुआ गांव पहुंचीए शोकाकुल परिजनों से मुलाकात करते हुए उन्होंने कहा कि धर के बुजुर्ग की उपयोगिता उसके ना रहने पर पता चलतीं है उन्होंने सभी को ढांढस बंधाते हुए कहा कि पूज्य पिता अब हमारे बीच नहीं रहे हैं लेकिन उनके कार्य व्यवहार हम सभी को एक प्रेरणा देता रहेगा अब हम सभी की यह जिम्मेदारी बनती है कि हम सभी लोग पिताजी के बताएं मार्ग पर चलते हुए उनके नाम को आगे बढ़ने का काम करें तभी उन्हें सच्ची शांति प्राप्त हो सकेगी उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह और उनकी संस्था परिवार के साथ खड़ी है आवश्यकता पड़ने पर संस्था उनका हर संभोग सहयोग करने को तत्पर रहेगीए इस दौरान तौफीक गुड्डे नूर आलम सुमित यादव हसीन आदि मौजूद रहे।



शोकाकुल परिजनों को सांत्वना प्रदान करतीं डॉक्टर सीता यादव

## जिलाधिकारी ने सिकन्दरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर राजपुर का किया निरीक्षण

**माती कानपुर देहात** जिलाधिकारी आलोक सिंह के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुरए राजपुर का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने सीएचसी सलेमपुर में स्थापित एक्स.रे मशीनएबिना ऑपरेटर के संचालन की स्थिति में न होने के दृष्टिगत मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करते हुए ऑपरेटर नियुक्त करते हुए शीघ्र संचालित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र परिसर में खाली पड़े आवासों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में खाली आवासों में कर्मचारियों के रहने की व्यवस्था करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दियेए जिससे आवासों का नियमित रूप से रख रखाव भी हो सके। जिलाधिकारी ने सीएचसी तक पहुंचने वाले मार्ग की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से मार्ग की चौड़ाई और अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉण् अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने स्टाफ की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर को सुचारू रूप से संचालित कराने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर के बेहतर संचालन से इस क्षेत्र की बड़ी आबादी को लाभ मिलेगाए अतः सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन शीघ्र कराने के निर्देश दिए गये। इस दौरान यह भी संज्ञान में आया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कोई भी एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति नहीं है जिस कारण से सलेमपुर सीएचसी का संचालन करने में कठिनाई आ रही हैए जिस सम्बन्ध में उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने तथा साफ.सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के भी निर्देश दिये। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रए राजपुर का भी औचक निरीक्षण कियाए निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों की संख्या और ओपीडी के संचालन सहित अन्य दी जाने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली गयीए जिसमें बताया गया कि प्रतिदिन 10 से 15 मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचते हैं वहीं स्वास्थ्य केंद्र जो की राजपुर में मुख्य कस्बे में स्थापित है वहां पर अधिक संख्या में मरीजों की ओपीडी की जाती है साथ ही इमरजेंसी सेवायें भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर संचालित नहीं हैए जिसके चलते इमरजेंसी सेवाओं हेतु मरीजों को रेफर किया जाता है। उन्होंने कूल रूम का भी निरीक्षण कियाए जिसमें ए0सी0 भी स्थापित कराए जाने के निर्देश दिए। इसके उपरान्त उन्होंने नवीन स्थापित ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट का भी निरीक्षण कियाए जिसको पूर्ण रूप से संचालित करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। वहीं क्षेत्रीय निवासियों द्वारा सीएचसी में एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति तथा अल्ट्रासाउंड सेंटर की स्थापना की मांग रखी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सभी सुविधाएं जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी सिकन्दरा शालिनी उत्तमए मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एके सिंह सहित स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

## वारसी दंपत्ति के तत्वावधान में आयोजित हुई एक राष्ट्र एक चुनाव पर परिचर्चा




**माती कानपुर देहात** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को अकबरपुर के हिंदी भवन में प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला एवं पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी के तत्वावधान में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर एक परिचर्चा विचार गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गयाए व्यापक प्रचार प्रसार के बीच आयोजित कार्यक्रम में अलग.अलग स्थानों से भारी संख्या में लोग पहुंचे थे ए प्रतिभा शुक्ला अनिल शुक्ला वारसी जिंदाबाद के गगनभेदी नारों से हिंदी भवन सभागार गुंजायमान बना रहाएइस अवसर पर राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला द्वारा कहा गया कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने कार्यकाल में यह साबित कर दिया है कि देश हित की बात करना अलग बात है और देश को आगे बढ़ने का कार्य करना अलग बात है उन्होंने कहा कि अब वह वक्त आ गया है जब एक राष्ट्र एक चुनाव की परिकल्पना को साकार करते हुए देश और देशवासियों को तमाम खर्चों से बचाकर न सिर्फ अपनी सेनाओं को और सशक्त किया जाएए बल्कि देश में विकास की एक ऐसी इबारत लिखकर तैयार की जाए जिसे आदि अनादि काल तक याद रखा जाए कार्यक्रम के दौरन पूर्व सांसद एवं राज्य मंत्री द्वारा वरिष्ठ जनों का सम्मान भी किया गया। भारतीय जनता पार्टी हाई कमान के निर्देशानुसार पूरे देश में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर परिचर्चा एवं गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है मंगलवार को सदर विधायक प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला एवं उनके सम्मानित पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी के तत्वधान में अकबरपुर के ऐतिहासिक हिंदी भवन सभागार में उपरोक्त विषय पर परिचर्चा एवं गोष्ठी का आयोजन किया गयाए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉक्टर रंजन लाल मिश्राए पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौहान मदन पांडेय आदि की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वारसी दंपत्ति द्वारा क्षेत्र के अलग.अलग स्थान से भारी संख्या में पहुंचे वरिष्ठ जनों का आवश्यक सम्मान किया गयाए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी द्वारा कहां गया कि हाल के दिनों में भारत.पाकिस्तान के बीच बने तनातनी के माहौल में हमारे लोग को प्रिय प्रधानमंत्री द्वारा देश हित में जो निर्णय लिए गए आज संपूर्ण विश्व पटल पर उनकी प्रशंसा हो रही है उन्होंने कहा कि जब एक राष्ट्र है तो चुनाव अनेकों कैसे स्वीकार किए जाएं उन्होंने बताया कि चुनाव लोकसभा का हो या क्षेत्र पंचायत का सभी में सरकार और जनता की मेहनत का पैसा खर्च होता है यदि हम एक राष्ट्र एक चुनाव की भावना और इसकी परिकल्पना को साकार कर दें तो यह निश्चित है कि फिर न सिर्फ हमारे देश की सेनाएं और अधिक मजबूत हो जाएगी बल्कि हमारा देश भी विकास के वह आयाम हासिल करने में सफल हो जाएगा जिसका वह सच्चा अधिकारी है अपने संबोधन में प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला द्वारा कहा गया कि उत्तर प्रदेश की तो बात अलग है बल्कि मोदी जी की नीतियों के आगे आज देश के अंदर कोई विपक्ष नजर नहीं आ रहा है निश्चित तौर पर यह हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री की नीतियों का प्रभाव है उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से आया आतंकवादियों ने हमारे देश में धर्म पूछ कर जिस नृशंस हत्याकांड को अंजाम दिया था इसका बदला जनता के सच्चे सेवक ने पाकिस्तान को तबाह करके ले लिया है इसलिए आज यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि अब हम सभी लोग एक दूसरे के साथ मजबूती से खड़े होकर एक राष्ट्र एक चुनाव की परिकल्पना को साकार करते हुए अपने देश को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने का काम करें।

# आग की तांडव, हर तरफ हाहाकार, जलती रही दुकानें









कानपुर। कलक्टरगंज गल्ला मंडी में आग ने जमकर तांडव मचाया, यहां पर केमिकल गोदाम से लगी आग ने मंडी की दुकानों को ऐसा चपेट में लिया कि हर तरफहाहाकार मच गया। हालत यह थी कि कई किलोमीटर दूर से आग की लपटें और काला धुंआ दिखाई दे रहा था। पहले तो स्थानीय दुकानदारों ने यहां पर काम करने वाले मजदूरों के साथ आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेजी से भड़कती आग ने सभी को पैर पीछे खींचने पर मजबूर कर दिया। आग की चपेट से 12 सिलेंडर फट गए। ई. रिक्शा बैटरियों और केमिकल के ड्रमों में भी जोरदार धमाके हुए। इसके अलावा कुछ तेल और मोबिल आयल के ड्रम भी फटे। आग की वजह से से 3 चार पहिया वाहनए 12 ई-रिक्शा और 20 के आसपास दो पहिया वाहन जलकर स्वाहा हो गए। इसके अलावा लाखों की कीमत का अनाज जल गए। वहीं आग बुझाने में कई टन अनाज भीग गया। जहां पर गोदाम और दुकान थी वहां पर केवल राख ही राख दिखाई दे रही थी। चूंकि यह इलाका थोक व्यापार के लिए जाना जाता है, इसलिए व्यापारियों को करोड़ों के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। पांच दर्जन से अधिक दुकानें पूरी तरह से जलने की बात कही जा रही है। सीएफओ दीपक शर्मा भी लगातार यहां पर फायर फाइटर्स के साथ जूझते रहे। हालत यह रही कि रात 8 बजे तक दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी थीं, आग की घटना के दौरान यहां पर कुछ लोग झुलस भी गए।

**50 से अधिक दुकाने व वाहन जलकर खाक, आधा दर्जन लोग झुलसे**

कानपुर। कलक्टर गंज गल्लामंडी में मंगलवार दोपहर भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने कई दुकानों को चपेट में ले लिया। इस दौरान कई सिलेण्डर व बैटरी फटने से धमाका हुए। तेल और मोबिल आयल के ड्रमों में भी विस्फोट हुआ। आग से एक दर्जन से अधिक दोपहिया, चार पहिया वाहन, 12 ई-रिक्शा वाहन जलकर राख हो गए। आग की चपेट में आकर करीब 6 लोग झुलस गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल की दो दर्जन से अधिक गाड़ियां आग बुझाने में जुट रहीं। आग इतनी भीषण थी कि कई किमी तक आसमान में उठा धुएं का गुबार ही छाया रहा। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि करीब 50 दुकानों और गोदामों में आग लगी। यहां पर बारदाने और बोरे सिलने का भी काम किया जाता है। फायर ब्रिगेड की 25 से अधिक गाड़ियों से आग बुझाने में लगीं रहीं। भीषण का आग को देखते हुए केस्को ने बिजली सप्लाई बंद कर दी।

कलक्टरगंज दाल मंडी में मंगलवार दोपहर एक भीषण अग्निकांड ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। दोपहर लगभग 3 बजे अचानक आग भड़क उठी। चंद मिनटों में ही लपटों ने आसपास के कई गोदामों को चपेट में ले लिया। आग को देखते हुए स्थानीय लोगों ने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई आग बढ़ती जा रही थी। सूचना पर 15 से अधिक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और बुझाने में जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सबसे पहले तारपीन की दुकान में आग लगी थी। फिर धमाका हुआ। धुएं के गुबार के साथ आग का गोला ऊपर की तरफ उठा। यह देख दुकान में बैठे हुए लोग भी भागने लगे। देखते ही देखते आग अन्य दुकानों में भी लग गई। 50 से अधिक दुकानें जलने के साथ ही कई वाहन भी जलकर खाक हो गए। मंडी में गल्ला, किराना, सौंफ, मूंगफली और रूई की दुकानें जली हैं। व्यापारियों का कहना है कि मंडी में एक ट्रांसपोर्ट का भी काम होता है। आशंका है कि केमिकल की वजह से आग भड़की है।

### इलाके में फैली दहशत

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आग लगने के कुछ ही मिनटों में चारों तरफ घना काला धुआं फैल गया, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। धुएं की मार इतनी ज्यादा थी कि वह 12 किलोमीटर दूर कल्याणपुर इलाके तक दिखाई दी। आग के कारण सेंट्रल रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाके भी प्रभावित हुए। दमकल विभाग की लगभग एक दर्जन गाड़ियां मौके पर आग बुझाने में जुटी हैं, लेकिन संकरी गलियों और घने धुएं के कारण राहत कार्य में भारी मुश्किलें आ रही हैं। खबर लिखे जाने तक आग पर अब तक पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है। इलाके की बिजली आपूर्ति एहतियातन बंद कर दी गई है।

## दवा मार्केट में लगी आग, चार दुकानें खाक, लाखों का नुकसान



**कानपुर।** बिरहाना रोड स्थित दवा मार्केट में मंगलवार सुबह आग लग गई। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना पर पहुंची फायर विभाग ने आग बुझाना शुरू किया, लेकिन तब तक चार दुकानें जलकर खाक हो गई। घनी आबादी वाले इलाके में आग से लाखों रूपये का नुकसान हो गया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

फीलखाना थाना क्षेत्र के बिरहाना रोड स्थित दवा मार्केट में मंगलवार सुबह चौकीदार ने सीपी मार्केट के अंदर धुआं निकलता देखा। इसके बाद उसने आसपास रहने वालों को इसकी सूचना दी। आसपास के लोगों ने मार्केट के अंदर देखा कि दीक्षित डिस्ट्रीब्यूटर की दुकान में भीषण आग लग गई है। कंट्रोल रूम की सूचना पर दमकल की आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाना शुरू कर दिया। दवा मार्केट के अध्यक्ष सीपी मार्केट बहुत ही सकरी गली में बनी हुई है। जिसमें तकरीबन 40 दुकाने हैं। सबसे पहले ग्राउंड फ्लोर के दीक्षित डिस्ट्रीब्यूटर में आग लगी। इसके बाद आग फर्स्ट फ्लोर में बनी दुकानों में पहुंच गई। चार दुकानें पूरी तरह से जलकर राख हो गई है। जिसमें 50 लाख से अधिक दवाइयां जलने का नुकसान हुआ है। अन्य दो दुकानें मामूली रूप से जली है। दवा मार्केट के व्यापारियों ने कहा कि मार्केट में बिजली के तारों की अव्यवस्था के कारण कई बार इस तरह के हादसे हुए हैं। सीपी मार्केट में भी अंदर गैलरी के तारों का मकड़जाल बना हुआ है। संभवत शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी है। फायर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आग बुझाने में सबसे अधिक मशक्कत सकरी गलियों और मार्केट के अंदर बिजली के तारों की अवस्थाओं को लेकर करना पड़ा। फायर कर्मी जब तक पहुंचे थे। तब तक तीन दुकानें पूरी तरह से जल चुकी थी। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। कोई जनहानि नहीं हुई है।

## सीबीएसई बोर्ड : हाईस्कूल व इंटर का परीक्षा परिणाम घोषित, जश्न का माहौल



















श्री ओमर ̈श्य एमवपीव पप्लिक स्कर्ू के कक्षा 12 के राघि शमाा (93ः), प्रेरणा भारिी (92ः)f श्रेयाितिारी (90ः), कक्षा 10 के सफ्र्यान (96ः), शाम्भिी (93ः)f मरररयम खान (88ः) ने सिाधिक अंकोके साथ विद्यायि का मान बढ़ाया है द्य विद्यायि का परीक्षा पररणाम 100 प्रतिशि रहा द्य

## पुलिस कमिश्नर से मिले बार व लायर्स के पदाधिकारी



**कानपुर।** बसपा नेता पिंटू सेंगर हत्याकांड में एडवोकेट धीरज उपाध्याय उर्फ दीनू उपाध्याय की गिरफ्तारी के बाद मंगलवार को बार व लॉयर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियो ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मुलाकात की। पदाधिकारियों ने मांग करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं पर कार्रवाई से पहले बार व लॉयर्स एसोसिएशन को विश्वास में लिया जाए। जिस पर पुलिस कमिश्नर ने कोई भी मुकदमा लिखने से पहले जांच कराए जाने का आश्वासन दिया। बसपा नेता पिंटू सेंगर हत्याकांड में पुलिस ने चार साल बाद एडवोकेट दीनू उपाध्याय को बीते शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके बाद पुलिस ने सिविल लाइंस निवासी रश्मि कपूर की तहरीर पर ग्वालटोली थाने में 30 लाख रंगदारी मांगने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की थी। साथ ही पूर्व में दर्ज मामलों की पुलिस ने जांच शुरू की है। अधिवक्ता साथी पर कार्रवाई को लेकर वकीलों में भारी आक्रोश है। जिसको लेकर आज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इंदीवर बाजपेई, महामंत्री अमित सिंह व लॉयर्स एसोसिएशन के महामंत्री अभिषेक तिवारी पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मिलने पहुंचे।

## पाकिस्तान को शत्रु देश घोषित करने की मांग

**-अधिवक्ताओं ने प्रधानमंत्री का सम्बोधित डीएम को सौंपा**

**कानपुर।** मंगलवार को अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन गेट से सेना शौर्य यात्रा निकाली। भारतीय सेना जिंदाबार, पाकिस्तान को शत्रु देश घोषित करो, जैसे नारे लगाते हुए अधिवक्ता डीएम कार्यालय पहुंचे। अधिवक्ताओं ने प्रधानमंत्री का सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह को सौंपा। द लॉयर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पं रवीन्द्र बाजपेई शर्मा के नेतृत्व में निकाली सेना शौर्य यात्रा में हाथों में तिरंग लिए भारी तदाद में अधिवक्ता शामिल हुए। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने मांग की कि आतंकी ठिकाने ध्वस्त करने के बाद पाकिस्तान ने भारत के रिहायशी क्षेत्रों में ड्रोन से हमला किया, जिसका भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया। हमे भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम पर गर्व है। आतंकियों को बचाने के लिए पाकिस्ताना ने भारती संप्रभुता पर हमला किया, जो देश की जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। अधिवक्ताओं ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान को शत्रु देश घोषित कर भारतीय सेना को पाकिस्तान को नेस्तनाबूत करने हेतु पूर्ण छूट दी जाए। इस मौके पर अरविंद दीक्षित, कंचन गुप्ता, मयूर सैनी, हरी शंकर चतुर्वेदी, बृजनाराण निषाद, अभिषेक, भानू प्रताप, सचिन अवस्थी, आशीष गुप्ता समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## गर्मी में बच्चों के लिए 21 मई से विशेष समर कैंप का आयोजन



कानपुर। इस बार की गर्मी बच्चों के लिए सुनहरा अवसर लेकर आ रहा है। क्योंकि जिले में 21 मई से 10 जून तक एक विशेष समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बैठक कर ग्रीष्मावकाश समर कैंपों के आयोजन की विस्तृत रूप रेखा तय की। कैंप जनपद के 113 अशासकीय सहायता प्राप्त एवं 21 स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे। डीएम ने कहा कि 21 विधाओं में समर कैंप आयोजित होंगे। प्रत्येक विधाओं के एक्सपर्ट की टीम बनाई जाएगी, जिनके द्वारा सभी विद्यालयों में की जाने वाली एक्टिविटीज क्रास चेकिंग करते हुए बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। समर कैंपों में बच्चों द्वारा बनाई गई सामग्री के स्टॉल बिक्री हेतु लगाए जाएंगे। विशेष समर कैंप आयोजन में बच्चों को सम्मानित जनप्रतिनिधि करेंगे। इसके साथ ही बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित करने हेतु जिला स्तर पर सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि समर कैंप की विशेषताएं है कि बच्चों में रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास, जीवन कौशल और बुनियादी शैक्षणिक दक्षताओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कला और रचनात्मकता, व्यक्तित्व विकास, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित गतिविधियाँ कराई जाएंगी। इनमें चित्रकला, संगीत, नृत्य, ब्लॉग लेखन, कहानी लेखन, टीमवर्क, नेतृत्व कौशल, आत्म-प्रेरणा, योग, व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित गतिविधियाँ शामिल हैं। कैंप की गुणवत्ता बनाएं रखने के लिए डीएम ने डीआईओएस को निर्देश दिए कि जनपदस्तरीय टीमे गठित की जाएं, जो नियमित रूप से इन गतिविधियों की मॉनीटरिंग करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिदत्त नेमी, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत सिंह समेत अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

**■ जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक लिया तैयारियों का जायजा**

## दो दिवसीय मीट-शुकेस का हुआ आयोजन

कानपुर। स्पोर्ट्स एवं एथलेज़र फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक कैंपस एक्टिववियर ने अपनी सबसे विशाल डिस्ट्रीब्यूटर मीट- शूकेस 2025 का आयोजन किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में देश भर से 180 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर पार्टनर्स एक मंच पर एकत्र हुए।

जिन्होंने मुव टुगेदर एण्ड ग्रो टुगेदर की थीम के साथ साझा विकास, उद्यमिता एवं आपसी सहयोग की दो दशकों की यात्रा का जश्न मनाया। निखिल अग्रवाल होल-टाईम डायरेक्टर एवं सीईओ कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड ने कहा हमारे डिस्ट्रीब्यूटर्स बिज़नेस पार्टनर्स से कहीं बढ़कर है। वे हमारी यात्रा के सह-निर्माता हैं। हम ऐसे भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं जो डिज़ाइनए इनोवेशन एवं युवाओं की संस्कृति से प्रेरित है, ऐसे में हम भरोसे और साझा महत्वाकांक्षा के साथ जुड़े हुए हैं।

## खबर एक नजर

### कलक्टरगंज गल्ला मंडी में लगी भीषण आग, सिलेण्ड व बैटरी फटने से हुए धमाके

**-दो दर्जन से अधिक वाहन जलकर खाक, आधा दर्जन लोग झुलसे**


**कानपुर।** कलक्टर गंज गल्लामंडी में मंगलवार दोपहर भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने कई दुकानों को चपेट में ले लिया। इस दौरान कई सिलेण्डर व बैटरी फटने से धमाका हुए। तेल और मोबिल आयल के ड्रमों में भी विस्फोट हुआ। आग से एक दर्जन से अधिक दोपहिया, चार पहिया वाहन, 12 ई-रिक्शा वाहन जलकर राख हो गए। आग की चपेट में आकर करीब 6 लोग झुलस गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल की दो दर्जन से अधिक गाड़ियां आग बुझाने में जुट रहीं। आग इतनी भीषण थी कि कई किमी तक आसमान में उठा धुएं का गुबार ही छाया रहा। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि करीब 50 दुकानों और गोदामों में आग लगी। यहां पर बारदाने और बोरे सिलने का भी काम किया जाता है। फायर ब्रिगेड की 25 से अधिक गाड़ियों से आग बुझाने में लगीं रहीं। भीषण का आग को देखते हुए केस्को ने बिजली सप्लाई बंद कर दी। कलक्टरगंज दाल मंडी में मंगलवार दोपहर एक भीषण अग्निकांड ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। दोपहर लगभग 3 बजे अचानक आग भड़क उठी। चंद मिनटों में ही लपटों ने आसपास के कई गोदामों को चपेट में ले लिया।

आग को देखते हुए स्थानीय लोगों ने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई आग बढ़ती जा रही थी। सूचना पर 15 से अधिक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और बुझाने में जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सबसे पहले तारपीन की दुकान में आग लगी थी। फिर धमाका हुआ। धुएं के गुबार के साथ आग का गोला ऊपर की तरफ उठा। यह देख दुकान में बैठे हुए लोग भी भागने लगे। देखते ही देखते आग अन्य दुकानों में भी लग गई। 50 से अधिक दुकानें जलने के साथ ही कई वाहन भी जलकर खाक हो गए। मंडी में गल्ला, किराना, सौंफ, मूंगफली और रूई की दुकानें जली हैं। व्यापारियों का कहना है कि मंडी में एक ट्रांसपोर्ट का भी काम होता है। आशंका है कि केमिकल की वजह से आग भड़की है।


### तीन साल पूर्व 6 लोगों को रौंदने वाले ई-बस चालक को उम्रकैद की सजा

**कानपुर।** तीन साल पूर्व ई-बस ने टाटमिल चौराहे के पास कुचल कर 6 लोगों को मौत के घाट उतारने के मामले के कोर्ट ने दोषी करार देने के बाद आरोपी चालक को आजीवन कारावास की सजा सुनाइ हैं। कोर्ट ने कहा कि आरोपी को मालूम था कि लापरवाही से वाहन चलाने पर लोगों को नुकसान हो सकता है। इसके बावजूद लापरवाही से चलाया, जिस कारण 6 लोगों की मौत हो गई। अभियोजन ने बस की तकनीकी जांच की रिपोर्ट भी दाखिल की थी। इसमें बस में किसी तरह की कमी से हादसा न होना बताया गया था। यह बात कोर्ट में साबित हुई कि चालक ने गलत दिशा में लापरवाही से बस चलाई थी। अभियोजन ने 26 लोगों की गवाही कराई थी।

बताते चलें कि 30 जनवरी 2022 को रात 11 बजे घंटाघर से टाटमिल चौराहे की तरफ उल्टी दिशा में जा रही बेकाबू ई बसने कृष्णा अस्पताल के सामने टाटमिल चौराहे तक 17 वाहनों में टक्कर मार दी थी। हादसे में अनवरगंज निवासी शुभम सोनकर, केशवनगर निवासी अजीत कुमार, लाटूश रोड निवासी टिवंकल सोनकर, आनंदपुरम सहजनी उन्नाव निवासी रमेश कुमार, रामपुरम श्याम नगर निवासी कैलाश राठौर और बेकनगंज निवासी अर्सलान की मौत हो गई थी। कार सवार धनकुट्टी निवासी विनय शुक्ला, उनकी पत्नी आरती अंजली, लाठी मोहाल निवासी बहनोई राजेश त्रिपाठी और बहन नीलू त्रिपाठी घायल हो गई थीं। यह लोग महाराजपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद एक ही कार में सवार होकर लौट रहे थे। इनके अलावा चार अन्य लोग भी घायल हो गए थे। धनकुट्टी निवासी विनय शुक्ला ने ई बस चालक गजनेर कानपुर देहात निवासी सत्येंद्र सिंह के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की सुनवाई अपर एडीजे-14 की कोर्ट में चल रही थी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता शिव भगवान गोस्वामी ने बताया कि अदालत ने गवाहों और सबूतों के आधार पर बस चालक सत्येंद्र सिंह को उम्र कैद की सजा सुनाई।

## खबर एक नज़र




## विधायक के प्रयासों से अब डिफेंस कॉरिडोर परियोजना का होगा विस्तार

**चीनी मिल की जमीन से राम सारी के ऊसर तक की 234 हैक्टेयर भूमि पर क्रियान्वन होगी डिफेंस कॉरिडोर के विस्तार की योजना**

घाटमपुर।विधानसभा घाटमपुर की समय समय पर जोर शोर से शासन स्तर की बैठकों से लेकर विधान सभा सत्र में समस्याओं को उठाने व क्षेत्र के बाशिंदों को अब तक करोड़ों की योजनाओं की सौगात देने वाली विधायक सरोज कुरील ने घाटमपुर शुगर मिल की जमीन से राम सारी के ऊसर तक की 234 हैक्टेयर भूमि पर बनने जा रही डिफेंस कॉरिडोर के विस्तार की योजना की सौगात दी है।विधायक की दूरदर्शी पहल से घाटमपुर के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विधायक द्वारा दो वर्ष पूर्व रामसारी शुगर मिल की भूमि पर उद्योग स्थापित करने की पहल की गई थी। जिसका परिणाम अब साकार रूप में सामने दिखाई देने लगा है। विधायक सरोज कुरील ने बताया कि 234 हैक्टेयर भूमि पर डिफेंस कॉरिडोर के विस्तार की योजना है। जिससे घाटमपुर न केवल प्रदेश में बल्कि देश के नक्शे पर भी नजर आएगा। यह परियोजना न केवल क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगीए बल्कि देश की सुरक्षा और प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान करेगी। विधायक ने आगे कहा कि सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है और हमें पूर्ण विश्वास है कि विस्तारित डिफेंस कॉरिडोर परि योजना हमारे क्षेत्र के लिए एक नए युग की शुरुआत करेगी। विधायक ने आगे बताया कि इंडस्ट्रियल कारिडोर परियोजना जो कि साढ़ स्थित का और विस्तार होगा। दूसरे चरण के लिए उन्होंने घाटमपुर तहसील के रामसारी गांवए घाटमपुर चीनी मिल व आसपास की 234 हेक्टेयर जमीन पर परियोजना का विस्तार किए जाने की पहल के साथ अब तक उम्मीद नहीं छोड़ी थी। इस सम्बंध में सड़क निर्माण के लिए उप्र एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथारिटी ;यूपीडाद्ध ने प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। उन्होंने आगे बताया कि डिफेंस कारिडोर के लिए चीनी मिल के स्वामित्व वाली 83ण्89 हेक्टेयर जमीन चिह्नित की गई है। इसके अतिरिक्त रामसारी गांव की 127ण्62 हेक्टेयर निजी भूमि व 22ण्87 हेक्टेयर सरकारी ज़मीन भी शामिल है। विधायक ने आगे बताया कि समग्र विकास की बैठकों में डिफेंस कारिडोर के कानपुर नोड के विस्तार का मुद्दा प्रमुखता में उन्होंने रखा था।जमीन मिलने से अब विस्तार होगा। साथ प्रत्यक्ष.अप्रत्यक्ष रूप से युवाओं को रोजगार भी मिलेंगे।



## महिलाओं को बंधक बनाकर हुई डकैती की घटना का हुआ खुलासा

**महिला सरगना समेत 6 लोग गिरफ्तार**

बिल्हौर दृ कानपुर जनपद के बिल्हौर थाना क्षेत्र के रहीमपुर करीमपुर गांव में महिलाओं को बंधक बनाकर हुई डकैती की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। आरोपियों ने परिचित बनकर घर में घुसकर महिला उसकी सास और वृद्ध बेटी को बंधक बनाकर डकैती की घटना को अंजाम दिया था जिसके संबंध में थाना बिल्हौर में मुकदमा पंजीकृत किया गया था और घटना के तुरंत खुलासे के लिए डीसीपी पश्चिम के आदेश पर एसीपी बिल्हौर के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया गया था जिसमें पश्चिम जोन के सर्विलांस टीम प्रभारी सतीश कुमार एवं प्रभारी निरीक्षक बिल्हौर अशोक कुमार की टीमों के संयुक्त प्रयास से घटना में शामिल सभी 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार करके लूटे गए पैसे गहने एवं घटना में प्रयुक्त चाकू तमंचे कारतूस व मारुति स्विफ्ट कार बरामद की गई है। पकड़े गए बदमाशों में सरगना अलीगढ़ की गिरिजा उर्फ गुनगुन चौधरी राजू उर्फ रविन्द्र सिंह यादव बुलंदशहर के रिंकू यादव उर्फ चीता राजा उर्फ यशपाल इटावा का अंकुर उर्फ प्रवीण एवं बिल्हौर का पीयूष कटियार शामिल है। सूत्रों के अनुसार पीयूष कटियार पीड़ित परिवार का रिश्ते में भतीजा लगता है। कर्ज में डूबे होने के कारण इसी ने लुटेरों के साथ मिलकर लूट की साजिश रची थी। पुलिस ने सभी आरोपियों से लूटा हुआ माल बरामद कर लिया है। पकड़े गए बदमाशों पर पहले से ही विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने पूछताछ के बाद सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया। वहीं डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी ने बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली टीम को बीस हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की।



## कुडनी मंदिर पर पूजा अर्चना को सुबह से शाम तक रही भीड़

**भीड़ को देखते हुए पुलिस रही चौकन्ना**

घाटमपुर।थाना क्षेत्र के प्राचीन हनुमान मंदिर कुडनी में मंगलवार की सुबह से लेकर शाम तक पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। आस पास गांवों के अलावा दूर दराज से भी पहुंचकर भक्तों ने पूजा अर्चना की। भक्तों का मानना है कि प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करने व मन्नतें मांगने से बिगड़ते काम बनते हैं। पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं के साए से बैठने व प्यास बुझाने के लिए पानी की भी व्यवस्था की गई थी।इस मौके पर भीड़ को नियंत्रित करने व उन्हें जेब कतरों से बचाने के लिए पुलिस के साथ होम गार्ड मुस्तैद रहे।

# पति नहीं प्रेमी निकला महिला का कातिल



**चौबेपुर** कस्बा स्थित महिला की हत्या में नया मोड़ आ गया जिसमें पारिवारिक जनों द्वारा पति को ही पत्नी की हत्या का आरोपी बनाया गया था जिसमें पुलिस की पूछताछ में पति संजय शर्मा लगातार अपने ऊपर लगे आरोप को निराधार बता रहा था उधर पुलिस की टीम लगातार हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी थी पुलिस को आखिरी मोबाइल काल से चौबीस घंटे के अंदर हत्या का खुलासा करने में सफलता मिल गई और मृतिका बीनू शर्मा के कथित प्रेमी अनुज दुबे रौतापुर निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ की तो मामला परत दर परत खुलता चला गया और उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया और घटना में प्रयुक्त चाकू और खून से सने कपड़े तथा मृतिका का मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद कर लिया पुलिस की पूछताछ में प्रेमी अनुज दुबे ने बताया कि मृतिका से उसके चार साल पुराने संबंध थे लेकिन अन्य लड़कों से संबंध के शक में विवाद हो गया और उसकी हत्या हो गई प्रेमी अनुज ने ये भी बताया कि मृतिका से मै बेहद प्यार करता था और उसके नाम का टैटू अपने हाथ पर लिखा रखा है इस कार्यवाही में डी सी पी वेस्ट के नेतृत्व में चौबेपुर और शिवराजपुर की संगठित पुलिस टीम को सफलता मिली जिसमें थाना प्रभारी चौबेपुर राजकुमार सिंह और थाना प्रभारी शिवराजपुर अमान सिंह सहित पूरी टीम का सहयोग रहा वही चौबेपुर पुलिस ने प्रेमी अनुज दुबे को हत्या के आरोप में जेल भेजा

# एमडीपीएस स्कूल के छात्रों ने इंटरमीडिएट और हाईस्कूल में बढ़ाया नगर का मान





**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**शुक्लारगंज उन्नाव।** सहजनी स्थित एमडीपीएस स्कूल के इंटरमीडिएट और हाईस्कूल के छात्रों ने हाल ही में घोषित बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। इंटरमीडिएट वर्ग में कुलदीप सिंह ने सर्वाधिक 94ण्6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहींए यश गुप्ता ने 94ण्2 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और आदित्य गौतम ने 87 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। सान्या गौतम ने भी 84ण्6 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। हाईस्कूल वर्ग में भी छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। ऋतिक चौहान ने 93ण्8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल कियाए जबकि अंशिका गौतम और केशव सिंह ने संयुक्त रूप से 92ण्8 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान साझा किया। सुगंधा मिश्रा ने 92ण्4 प्रतिशतए शिखा चौहान ने 92 प्रतिशत और सौरभ गौतम ने 90ण्2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर स्कूल प्रबंधक मयंक शुक्ला ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने सभी मेधावी छात्रों को शॉल ओढ़ाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों ने भी छात्रों की इस सफलता पर खुशी जताई और उन्हें बधाई दी। एमडीपीएस स्कूल के छात्रों की यह सफलता निश्चित रूप से अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

# प्यासे को पानी पिलाना सबसे पुण्य का कार्य-भरत त्रिवेदी

**पुण्यतिथि पर हुआ राहगीरों को शर्बत वितरण**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**शुक्लागंज** उन्नाव राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन श्री महावीर मंदिर में आज श्री प्रकाश ज्वाला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज के सौजन्य से प्रातः 10रू00 बजे से दोपहर तक राहगीरों के लिए शर्बत वितरण का आयोजन किया गया। यह पुण्य कार्य कॉलेज के स्मृति.पुरुष स्वर्गीय श्री प्रकाश जी की माताजी स्वर्गीय श्रीमती रामकली तिवारी की पुण्यतिथि के अवसर पर संपन्न हुआ। कॉलेज के प्रबंधक भरत त्रिवेदी ने जानकारी दी कि स्वर्गीय श्रीमती रामकली तिवारीए उनके पिताजी संजय त्रिवेदी की नानी थीं और एक महान समाजसेविका रही हैं। उनकी स्मृति में शुक्लागंज में ष्रामकली स्टेडियमष् स्थापित हैए वहीं उनके पति स्वर्गीय श्री अंबिका प्रसाद तिवारी के नाम पर ष्अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूलष् भी संचालित है। इनके दो पुत्रों की स्मृति में ष्ओपीजेडी इंटर कॉलेजष् तथा ष्श्री प्रकाश ज्वाला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेजष् की स्थापना की गई है। भरत त्रिवेदी ने बताया कि वर्ष 2006 में बुद्ध पूर्णिमा के पावन दिन 13 मई को ही श्रीमती रामकली तिवारी का वैकुंठ गमन हुआ था। संयोगवशए वर्ष 2025 में 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा तथा 13 मई को ज्येष्ठ माह का प्रथम मंगलवार पड़ रहा हैए जो अत्यंत शुभ दिन है। इस अवसर पर त्रिवेदी ने कहाए श्किसी प्यासे को पानी पिलाना संसार का सबसे बड़ा पुण्य है। यह सेवा कार्य हमारी ओर से स्वर्गीय श्रीमती रामकली तिवारी जी की पुण्य स्मृति में उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप समर्पित है।

# सीबीएसई के रिजल्ट में चीना पब्लिक स्कूल ने तहसील स्तर पर किया टॉप


SHAURYA TRIPATHI
98%


ANSHIKA SINGH
97.4%


HARSH GUPTA
93%


AKSHAY GUPTA
90%


SHIKHA SINGH
96%


APSA KAUSAR
98%

**रिजल्ट देख खुशी से झूमे छात्र**

**छात्राएं मेघावी छात्र छात्राओं को चीना पब्लिक स्कूल के निदेशक नीरज चीना गुप्ता चेयरमैन पंकज चीना गुप्ता व प्नधानाचार्या श्रीमती सुभांगी सिंह द्वारा माल्यार्पण कर दी गई शुभकामनायें**

**घाटमपुर।** सोमवार से सीबीएसई बोर्ड के हाई स्कूल व इण्टर मीडिएट के घोषित किए गए रिजल्ट में लगातार 7 वीं बार भी चीना पब्लिक स्कूल ने तहसील टॉप रिजल्ट देकर मेघावी छात्र छात्राओं का जहां हौसला बुलन्द रखा।वहीं अभिभावकों के भरोसे को भी कायम रखा।मेघावी छात्र छात्राओं को चीना पब्लिक स्कूल के निदेशक नीरज चीना गुप्ताएचेयरमैन पंकज चीना गुप्ता व प्नधानाचार्या श्रीमती सुभांगी सिंह द्वारा माल्यार्पण कर शुभकामनायें देने के साथ उज्वल भविष्य की कामना की गई।साथ ही 7वी बार भी अच्छा रिजल्ट लाने पर शिक्षक व शिक्षिकाओं के प्रति भी आभार जताया। मेघावी छात्र छात्राओं के कॉलेज का नाम रोशन करने पर प्नधानाचार्या श्रीमती सुभांगी सिंह ने खुशी जताते हुए कहा कि उन्होंने छात्र छात्राओं के अभिभावकों के कॉलेज में दी जा रही अच्छी शिक्षा के प्रति विश्वास को एक बार फिर कायम रखा है। उन्होंने आगे बताया कि 10 वीं में आपसा कौसर व शौर्य त्रिपाठी ने 98 फीसदी नंबर पाकर तहसील क्षेत्र में टॉप किया।वहीं दूसरे नंबर पर अनिष्का सिंह 97.4 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान पाया हैएइसी तरह 12 वीं में शिखा सिंह ने 96 प्रतिशत अंक पाकर पहला स्थान व दूसरे नंबर पर यहीं के छात्र हर्ष गुप्ता ने 93 फीसदी व तीसरे नंबर पर अक्षय गुप्ता ने 90 फीसदी अंक पाकर कर अपना व अपने विद्यालय तथा अभिभावकों का मान बढ़ाया है। इनके अलावा कक्षा.10 वीं विराट 97% , लवी यादव 97% , नितिन सचान ने 96.2% , दिव्यांश सिंह ने 96.2% , ओम सिंह ने 96% , नव्या जैन ने 95.4% , अंश प्रताप सिंह ने 93% , आश्रय कुमार ने 92.4% , सक्षम ने 92% , रैनक कुमार ने 90.2% , इशान्त शर्मा ने 90: अंक प्राप्त किए। इसी तरह कक्षा.12 वीं में मो आजम ने 89% , अंतरा पटेल ने 88% ,अभय प्रताप सिंह ने 87% , स्मृति शर्मा 86% , अर्पण सिंह ने 85.4% , सुभी गुप्ता ने 85.4% , दीपाली अवस्थी ने 85% , आन्या दुबे ने 85:ए खुशी निषाद ने 84-4% , अलकेश कुमार ने 84-2% , रिया साहू ने 83% , आस्था त्रिवेदी ने 81% , आंशिक उत्तम ने 81% , प्रज्ञांश ने 80% , युगल कृष्ण ने 80% , तनिष्का ने 80% , अनुष्का ने 80% , असरबा जैनब ने 80% , अंकों से परीक्षा पास की।



## सीबीएसई कक्षा 10 व 12 में मेधावियों ने लहराया परचम

**कानपुर** मंगलवार को सीबीएसई द्वारा कक्षा 10 व 12 के विद्यार्थियों का परीक्षा फल घोषित किया गया कल्याणपुर स्थित वुडबाइन गार्डेनिया स्कूल के छात्र.छात्राओं ने प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूल का नाम रोशन किया कक्षा 12 मे निखिल आनंद सरल सचान ने विद्यालय में सर्वाधिक 94 प्रतिशत अंक हासिल करने में सफलता हासिल की कक्षा 10 के मेधावी छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गणित व कंप्यूटर साइंस विषय में श्रेयांश चतुर्वेदी ने पूण अंक हासिल किये इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती सुमिता मुखर्जी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मेधावियों ने स्कूल का नाम रोशन किया है प्रधानाचार्य द्वारा सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई विद्यालय के चेयरमैन शाहिद रहमान ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके परिश्रम की सराहना की और भविष्य में आगे बढ़ाने की सलाह दी

## अम्बिका प्रसाद के छात्र छात्राओं ने इंटरमीडिएट और हाईस्कूल में लहराया सफलता का परचम



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**शुक्लारगंज उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित अम्बिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने इंटरमीडिएट और हाईस्कूल में हाल ही में घोषित बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के इंटरमीडिएट वर्ग मे अंबिका स्कूल में इंटर में लेखनी शुक्ला 92ए सकीना जेहरा 89ए आदर्श मिश्रा 88ण्8ए तनमय मिश्रा और आदित्य साहूए सुमित ठाकुर ने 86ण्6 प्रतिशत अंक हासिल किये। वहीं हाईस्कूल में समीक्षा राना 92ण्4ए चेतन आनंद गर्ग 91ण्2ए अर्पिता बाजपेई 89ण्8ए वैंष्णवी कश्यप और आयुष कुमार निषाद ने 89 प्रतिशत अंक हासिल किये। प्रबंधक अजय त्रिवेदीए प्राधानाचार्य मोनिका तिवारी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## ककवन में पायनियर धान की किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

**ककवन** बिल्हौर तहसील के ककवन थाना क्षेत्र के ग्राम औरोंतहारपुर में पायनियर धान 27 पी 37 की एक भव्य किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 350 से 400 किसान उपस्थित रहे। इस गोष्ठी में लखनऊ से पधारे अधिकारी राघवेंद्र दुबे तथा क्षेत्रीय प्रतिनिधि सुनीत यादव गोविंद सिंह ध्रुवेश कटियार और अनुज कटियार सहित अन्य प्रमुख लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पायनियर धान की विभिन्न किस्मों एवं उत्कृष्ट उपज प्राप्त करने की तकनीकों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिन किसानो ने पायनियर धान की उच्चतम पैदावार ली उनको सम्मानित भी किया गया। गोष्ठी में एग्री जंक्शन वन स्टॉप शॉप लोधन पुरवा तथा एग्री जंक्शन वन स्टॉप शॉप डम्मन नेवादा की उपस्थिति भी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। यह कार्यक्रम किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक रहा जिसमें उन्हें पायनियर धान की उन्नत किस्मों और वैज्ञानिक खेती के आधुनिक तरीकों की जानकारी प्राप्त हुई।

**कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, चित्रकूट।**

पत्रांक :–210/ल0सिं0/लेखा/निलामी/2025–26 दिनांक –07.05.2025

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लघु सिंचाई विभाग चित्रकूट में निम्न तालिका में अंकित निष्प्रयोज्य मशीन की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 28.05.2025 को प्रातः 10:30 बजे से लघु सिंचाई भण्डार मानिकपुर, चित्रकूट परिसर में जिलाधिकारी महोदय द्वारा गठित समिति के समक्ष की जायेगी।

| लाट सं0 | सामान का नाम | संख्या | सामग्री का न्यूनतम मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | डी.सी. कम डी.टी.एच. रिंग मशीन | 1 | 492415.00 |

शर्त :–
1. नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सामान की बोली प्रारम्भ होने पूर्व प्रत्येक सामान पर जमानत के रूप में रू. 10000.00 (रू0 दस हजार मात्र) की धनराशि का बैक ड्राफ्ट जो अधिशाषी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड, चित्रकूट के नाम हो, जमा करना अनिवार्य होगा।
2. उच्चतम बोली बोलने वाले व्यक्ति द्वारा निलामी का 25 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी जी.एस.जी. के साथ तत्काल जमा करना होगा। शेष 75 प्रतिशत धनराशि तीन दिवस के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा। नीलाम स्वीकृत उपरान्त एक सप्ताह के अन्दर सामान को नीलामी स्थल से ले जाना अनिवार्य होगा।
3. अर्नेस्ट मनी जमा न करने की दशा में बोली तत्काल निरस्त कर दी जायेगी तथा अगले उच्चतम बोली लगाने वाले को सामान बेचा जा सकेगा या पुनः नीलामी की जायेगी। अग्रिम धन जमा करने मे असफल बोली लगाने वाले के विरूद्ध अधोहस्ताक्षरी को विधि सम्वत कार्यवाही करने का अधिकार होगा।
4. जहां जैसे है की शर्त पर वस्तुओं को नीलाम किया जायेगा।
5. बोली लगाने वाला व्यक्ति यदि बोली के अन्तर्गत निर्धारित शर्तो को पूरा नही करता है तो वह भारतीय न्याय संहिता की धारा 185 के अन्तर्गत अभियोजन के लिए उत्तरदायी होगा।
6. निलामी संचालित करने वाली समिति यह समझती है कि बोली लगाने वाले व्यक्ति या समूह (Pool) गठित कर रहे हैं तथा इसके परिणामस्वरूप नीलामी में प्रस्तावित सामान के लिए उचित मूल्य प्राप्त नहीं हो सकेगा तो नीलामी स्थगित कर दी जायेगी।
7. जब तक समिति द्वारा स्वीकार की गयी अन्तिम बोली को समिति द्वारा अन्तिम रूप से अनुमोदित नहीं कर दिया जाता है तब तक नीलाम की गयी सामान की चौकसी करने करने के लिए वांछित प्रबन्ध करने की जम्मेदारी उच्चतम बोली बोलने वाले व्यक्ति की होगी तथा नीलाम किया गया सामान नीलामी परिसर लघु सिंचाई भण्डार मानिकपुर, चित्रकूट में रखा रहेगा।
8. उच्चतम बोलीदाता के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों की धरोहर धनराशि एक सप्ताह में वापस कर दी जायेगी।
9. प्रत्येक बोली एक हजार के गुणांक से कम की नहीं होगी।
10. किसी भी विवाद के लिए न्यायिक क्षेत्राधिकार जनपद चित्रकूट होगा।

अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिंचाई खण्ड,
चित्रकूट।

उ0प्र0 233663 दिनांक- 13.05.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

स्वतंत्र भारत
कानपुर बुधवार, 14 मई 2025 5

# फतेहपुर समाचार

### युवक ने फांसी लगाकर जान देने का किया प्रयास

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के देवीगंज मोहल्ले में मंगलवार की सुबह 40 वर्षीय युवक ने ग्रह कलह के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार देवीगंज मोहल्ला निवासी सरजू प्रसाद का पुत्र रोशन सोनी ने ग्रह कलह के चलते मंगलवार की सुबह अपने कमरे में ही पंखे में रस्सी का फंदा डाल फांसी पर लटक गया। तभी परिजनो की नजर उस पर पड गयी और उसे तत्काल फांसी के फन्दे से छुडा घर वाले उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देखते हुये कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

## सीबीएसई बोर्ड : हाईस्कूल व इंटर का परीक्षा परिणाम घोषित, जश्न का माहौल







**फतेहपुर।** सीबीएसई बोर्ड के हाईस्कूल व इंटर का परीक्षा परिणाम आते ही इस बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में जश्न का माहौल रहा। छात्र एवं छात्राओं ने अपनी मेहनत के दम पर अपना व अपने गुरूजनों का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधतंत्र ने मेधावी छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराकर एवं पुष्प माला पहनाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महर्षि विद्या मन्दिर के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली ने आज ही 12वीं व 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किये, जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ अभिभावकों और छात्रों की भारी भीड़ विद्यालय परिसर में जमा हो गयी। अभिभावक अपने बच्चों के परिणाम जानने के लिए उत्सुक दिखे। 12वीं कक्षा के छात्र सक्षम पाण्डेय 95.2 प्रतिशत अंकों से प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं नो0 अरहम 94.8 प्रतिशत तथा महिमा गुप्ता व ऐश्वी श्रीवास्तव ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। 12वीं कक्षा में 352 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये जिसमें 23 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। मो0 अरहम ने अंग्रेजी विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 100 में 100 अंक प्राप्त किये।

महर्षि के 10वीं कक्षा में मैत्रेय सिंह 97.8 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पर आयुष्मान सिंह 96.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर व अंशिका 964 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रहे। 10वीं की परीक्षा में 298 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिनका परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा। जिसमें 39 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बच्चों का मुंह मीठा कराते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर उस दिशा में शतत् प्रयत्नशील रहने की सीख दी। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नही होता, निरंतर सही दिशा में किया गया प्रयास अवश्य ही फलदायी होता है। जिससे कठिन से कठिन कार्य भी आसान हो जाता है। हर एक परीक्षा जीवन में कुछ नई सीख दे जाती है। उससे प्रेरणा लेकर हमें और बेहतर करने का प्रयास करना चाहिए।

- विद्यालयों में मेधावी छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराकर किया स्वागत
- महर्षि के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रतिमा प्रदर्शन

इसी तरह चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में लड़के अव्वल रहे। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही चेहरे पर मुस्कान खिल गई। कक्षा दस में 90 प्रतिशत से अधिक 13 बच्चे, प्रथम श्रेणी में 71 बच्चे रहे। कक्षा दस के आशुतोष सिंह व खुशी ने 97 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। कम्प्यूटर में सौ प्रतिशत अंक हासिल कर आशुतोष सिंह, अंतरा, धर्मिका, याशस्वी श्रीवास्तव, रिषभ मौर्या, अनन्या सेठ ने विद्यालय का मान बढ़ाया। कक्षा बारह में 90 प्रतिशत से अधिक 08 बच्चे व प्रथम श्रेणी में 112 बच्चे रहे। गितेश कुमार, ईशान अहमद 94 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहे। विद्यालय की निदेशक इंजी0 प्राची श्रीवास्तव, प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव, इंजी0 संजय श्रीवास्तव व प्रधानाचार्या पूनम श्रीवास्तव, हेड मिस्ट्रेस रीना शुक्ला व शिक्षकों ने बच्चों का मुंह मीठा कराकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसी तरह सेंट जेवियर हाईस्कूल में कक्षा 10 व कक्षा 12 के बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित छात्र-छात्राओं ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य डॉ0 प्रियंका गुप्ता एवं प्रबंधक नीतीश कुमार ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई एवं भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 12 वीं में क्रमशः युवराज सिंह ने 96.8 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद में प्रथम स्थान, समायरा महफूज 93.8 प्रतिशत अंक, प्रियांशु यादव ने 90.8 प्रतिशत, इल्मा एहसान 93.6 प्रतिशत, उमरा खान 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 10 में अध्ययन छात्र-छात्राओं में क्रमशः एंजेल मौर्य 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान प्रत्यूष शुक्ला 97 प्रतिशत, मारकंडे सचान 96.6 प्रतिशत, सुशांत मनी श्रीवास्तव 96.4 प्रतिशत, अनिष्ठा सिंह 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर मनोरजन प्रसाद, अविनाश मौर्य, नीतू रस्तोगी, अलविरा खान, शालिनी अग्रहरि, आरएन सिंह, वीसी पाल, अबसार अहमद, श्याम साहनी, सौरभ तिवारी, उदित द्विवेदी, जगन्नाथ सिंह, सन्नो देवी के साथ-साथ समस्त शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहा। इसी तरह जयपुरिया स्कूल के छात्रों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत का लोहा मनवाया। प्रमुख पांच विषयों में छात्रों ने 100 में से 100 अंक हासिल किए। जयपुरिया स्कूल के कक्षा 12वीं में अभिचल सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 96 फीसदी अंक प्राप्त किए। वंशिका गुप्ता ने 95.8 प्रतिशत, मोहम्मद शमीम ने 95.4 प्रतिशत, आस्था सिंह ने 95 प्रतिशत और सजल ओमर ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्नेहा, हर्षवर्धन और आयशा आरिफने अंग्रेजी विषय तथा आस्था सिंह, हर्षमीत सिंह ने कंप्यूटर, सरस गुप्ता ने अकाउंटेंसी विषय में 100 अंक प्राप्त कर विषय के प्रति अपनी अभिरुचि का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कक्षा 10 वीं में स्तव्य गुप्ता ने 98 फीसदी अंक प्राप्त कर एक कीर्तिमान स्थापित किया। अनुज त्रिवेदी ने 97.6 प्रतिशत, अंशिता सिंह ने 97 प्रतिशत, वंशिका सिंह ने 96.6 प्रतिशत, अग्रिका और अनामिका ने 96.2 प्रतिशत, धान्वी रस्तोगी ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में जयपुरिया स्कूल की प्रतिष्ठा को और बढ़ाने का कार्य किया। अंशिता सिंह ने हिंदी, अभिनव बाजपेई ने कंप्यूटर में 100 में 100 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य गायत्री प्रसाद मिश्रा ने कहा कि हमारे छात्रों ने अपनी मेहनत और समर्पण के बल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

इसी तरह सेंट मैरीज स्कूल में कक्षा 12 वीं का परिणाम शानदार रहा। 102 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और सभी ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की। सानिया खनम ने विद्यालय में सर्वाधिक 95.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। आठ विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर यह सिद्ध किया कि समर्पण व संकल्प से कुछ भी असंभव नहीं है। प्रधानाचार्या सिस्टर अरोक्या थॉमस व प्रबंधक फादर प्रफुल्त थामस ने मिठाइयां बांटकर पूरे विद्यालय परिवार के साथ खुशी साझा की। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे। इसी तरह पक्का तालाब स्थित आरएस एक्सेल इंग्लिश एकेडमी में भी सीबीएसई हाईस्कूल व इंटर का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। हाईस्कूल में अपरा श्रीवास्तव ने 98 प्रतिशत, अवनीश कुमार मौर्य ने 97.4 प्रतिशत, अथर्व राज द्विवेदी ने 96 प्रतिशत व अदरिका द्विवेदी ने 93 प्रतिशत अंक हासिल किए। इंटर में रिषभ सिंह ने 93.8 प्रतिशत, यशवर्धन गुप्ता ने 92.3 प्रतिशत, मनमोहन सिंह ने 86.2 प्रतिशत, आदित्य सिंह ने 85 प्रतिशत व मान्या साहू ने 84.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद मैनेजिंग डायरेक्टर मयूर गुप्ता ने विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इसी तरह नूरुल हुदा स्कूल में सीबीएसई का रिजल्ट आते ही खुशी की लहर दौड़ गई। हाईस्कूल में फातमा जेहरा ने 83 प्रतिशत, मोहम्मद फजल ने 71 प्रतिशत, हंजला परवेज ने 65 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं इंटर में अयाज हुसैन ने 83.4 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टाप किया। प्रतीक पाण्डेय ने 81 प्रतिशत, सारा फातमा ने 79 प्रतिशत, जैनब फातमा ने 77 प्रतिशत, अभय गुप्ता ने 71.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उनके अच्छे परिणाम के लिए बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबंधक मौलाना मोहम्मद उमर शरीफ मजाहरी ने इस अभूतपूर्व परीक्षा परिणाम का श्रेय स्टाफ को दिया। इस मौके पर दिलशाद अली सिद्दीकी, शिफा शकील, धर्मेन्द्र, जुनैद गजाली, शहजाद हुसैन, शफक, लाइबा अली, जाहिदा परवीन भी मौजूद रहीं।

## खबर एक नज़र

### अंतर्जनपदीय शातिर लुटेरों से पुलिस की मुठभेड़, गिरफ्तार

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार को हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। अंतर्जनपदीय तीन शातिर लुटेरों से असोथर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम की मुठभेड़ हो गई जिसमें एक लुटेरे के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने तीनों के खिलाफसुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। 12/13 मई की रात्रि एसओजी व असोथर थाना पुलिस की संयुक्त टीम सुसवन बुजुर्ग नहर पुलिया ग्राम बदरामऊ के पास चेकिंग कर रही थी। तभी एक बाइक आती दिखाई दी जिसे रोकने का प्रयास किया तो बाइक सवार पीछे मोड़कर भागने लगे और फिसलकर गिर गए। स्वयं को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में अंतर्जनपदीय शातिर लुटेरे हरिओम पुत्र दुर्गेश राजपूत निवासी ग्राम गंगईपार थाना ललौली के बाएं पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने हरिओम को हिरासत में लेकर उपचार के लिए सीएचसी असोथर भेजा। उधर लुटेरे विवेक पुत्र रमेश राजपूत निवासी गंगईपार थाना ललौली व आकाश बाबू पुत्र शेरा उर्फसुशील कुमार राजपूत निवासी ग्राम बहबलपुर थाना हुसैनगंज को दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस ने तीनों के पास से देशी तमंचा, एक खोखा कारतूस 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर, एक मिस कारतूस 315 बोर, दो मोबाइल, लूटा हुआ एक मोबाइल, लूट की घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व 350 रूपए नगद बरामद किए। एसपी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में तीन अंतर्जनपदीय शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी से अपराध व आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। एसपी ने गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को पंद्रह हजार रूपए के पुरस्कार से पुरूस्कृत किया।

### शादी से मुकरा प्रेमी, प्रेमिका ने दी तहरीर

खागा (फतेहपुर)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने कोतवाली में एक शिकायती पत्र दिया है। पीड़िता ने शिकायती पत्र में बताया है कि लगभग दो वर्ष पूर्व महेश कुमार पुत्र छिन्नू निवासी तिलकापुर ने प्रेम का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए और तब लगातार शारीरिक शोषण करता आ रहा है। महेश ने शादी का वादा किया था, लेकिन बाद अब मना कर रहा है। बीते अक्तूबर माह में एक पंचायत में महेश ने शादी का वादा किया, लेकिन अब फिर से मुकर गया है। इस माह प्रेमिका जब उसके घर गई तो प्रेमी के भाई और माता-पिता ने उसके साथ मारपीट की, गाली दी और जान से मारने की धमकी दी है। इतना ही नहीं अब महेश और उसके परिवारीजन उसकी बदनामी की कोशिश कर रहे है। प्रेमिका शिकायत करते हुए मांग की है कि महेश और उसके परिवार के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। कोतवाली निरीक्षक गिरेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कारवाई की जाएगी। लड़का पक्ष को भी बुलाया गया है।

### सगे चाचा को ईंट से कूंच कर उतारा मौत के घाट

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह कस्बा के ककरईया मोहल्ला निवासी लवकुश (48) खेती किसानी करते थे। बताया जा रहा है कि देर रात लवकुश के भतीजे मदन और शेरा दोनों शराब के नशे में विवाद कर रहे थे। तभी बगल में रह रहे चाचा लवकुश गाली गलौज की तेज़ आवाज सुनकर घर पहुंचे और बीच-बचाव करने लगे। इस दौरान शराब के नशे में दोनों भाइयों ने चाचा पर ही पास में पड़ी ईंट से सिर में वार कर दिया। घटना में लवकुश गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन के लिए भेज दिया। साथ ही आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। एसपी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हत्या की घटना को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को गाजीपुर थाना पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### जमीनी विवाद में दंबगों ने पिता पुत्र को पीटा

- सुलह न करने पर दी जान से मारने की धमकी

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के सरकी में जमीनी विवाद को लेकर दबंग भाईयों ने घर में घुसकर पिता पुत्र को लाठी डन्डा व धारदार हथियार मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने दो दिन बाद पिता पुत्र का मेडिकल परीक्षण करवाया। जानकारी के अनुसार सरकी गांव निवासी स्व0 रामप्रसाद का पुत्र कृष्ण कुमार व उसके 28 वर्षीय पुत्र अरविन्द को जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही दबंग अमित कुमार तिवारी व अतुल तिवारी पुत्र देवनन्द तिवारी ने घर में घुसकर लाठी डन्डा व धारदार हथियार मारकर पिता पुत्र को घायल कर दिया तथा धमकी देते हुये चले गये। पीडित परिवार थाने पहुंचा जहां पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करने के बजाय उन्हे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। दो दिन बाद पुलिस ने घायल पिता पुत्र का मेडिकल परीक्षण कराया। इलाज करा रहे घायल कृष्ण कुमार ने बताया कि देवनन्द तिवारी ने उसका व गांव की रहने वाली कमलेश कुमारी पत्नी हरिश्चन्द्र की जमीन में जबरन कब्जा कर लिया है। इसका जब उसने विरोध किया तो देवनन्द के दोनो पुत्र जो अपराधी प्रवत्ति के है जो घर में घुस गये और उन्हे घसीटकर बाहर लाकर लाठी डन्डा व कुल्हाडी मारकर घायल कर दिया साथ ही हमलावर समझौता न करने पर मुझे व मेरे पुत्र को जान से मारने की लगातार धमकी दे रहे है। अगर पुलिस ने मालले को पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया तो किसी भी बडी घटना से इंकार नही किया जा सकता है।

## मंदिर के पुजारी व सह पुजारी की ईंट से कूचकर हत्या



- डीएम व एसपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण
- आरोपी को पुलिस ने दबोचा, हत्याकाण्ड को स्वीकारा

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र में हाईवे किनारे स्थित बालाजी मंदिर के पुजारी की सिर कूचकर निर्दयता से हत्या कर दी गई। इस दौरान एक अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गया। मंदिर पहुंचे लोगों ने खून से लथपथ दोनों को देखकर पुलिस को सूचना दिया। हत्या की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुजारी हत्याकांड की जानकारी होते ही जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह भी मौके पर पहुंचे और बारीकी से निरीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के बिलन्दा गांव के बाहर हाईवे की समीप स्थित बालाजी मंदिर में भोर पहर पुजारी कृष्ण गोविंद तिवारी पुत्र स्व0 शिव कुमार तिवारी 65 वर्ष निवासी बिलन्दा की सोते समय सिर कूचकर निर्मम हत्या कर दी गई। मंदिर में मौजूद गांव के ही अवधेश प्रजापति पुत्र राम आसरे के ऊपर भी जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के बाद चीख पुकार सुनकर जब गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी मौके से भाग निकला। ग्रामीणों के सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंदिर के पुजारी की हत्या की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। घटनास्थल का जायजा लेने के साथ ही आरोपी को पकड़ने के लिए टीम लगा दिया।

मंदिर में पुजारी की हत्या की सूचना पर गांव के लोगों की भीड़ मंदिर के बाहर लगी रही। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि मंदिर के पुजारी की ईंट से कूच कर हत्या की गई है। एक अन्य 50 वर्षीय व्यक्ति अवधेश प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टर ने कानपुर हैलेट के लिए रेफर कर दिया। उसकी भी इलाज के दौरान मौत हो गई। एसपी ने बताया कि मृतक के पुत्रों सौरभ तिवारी व निकिल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि आरोपी राजू उर्फ सुल्तान पासवान को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई जिसमें उसने हत्या करने की बात स्वीकार किया है। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए एहतियात के लिए गांव पुलिस बल तैनात किया गया है।

### युवक ने खाया जहर, मौत

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के शान्तीनगर में मंगलवार की सुबह 28 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार शान्तीनगर मोहल्ला निवासी महेश का पुत्र पप्पू ने मंगलवार की सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां जिन्दगी और मौत के बीच संघर्ष करते-करते पप्पू ने दम तोड दिया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

## बैठक : डीएम ने मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना की समीक्षा की

- जिला स्तरीय समिति को दिए सख्त दिशा निर्देश



**फतेहपुर।** मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजनांतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग में वर्ष 2025दृ26 में प्रवेश प्रक्रिया पर, छात्र/छात्राओं को लाभ प्रदान किए जाने हेतु अतिथि व्याख्याताओं का इंपैनलमेंट कराए जाने, मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग प्रशिक्षण केंद्र का संचालन, कोचिंग में अधिकाधिक छात्र/छात्राओं को लाभान्वित करने संबंधी व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की और जिला समाज कल्याण अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग में प्रवेश परीक्षा के आधार पर कराया जाय, के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली जाय। बिन्दकी तहसील में मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग प्रशिक्षण केन्द्र संचालित किया जाय, के लिए नियमानुसार कार्यवाही/सर्वे कर कार्य किया जाय। उन्होंने कोर्स को-आर्डिनेटर को निर्देशित किया कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्र/छात्राओं को गुणवत्तायुक्त पठनदृपाठन सामग्री उपलब्ध कराए एवं माहवार अपने कार्य की रिपोर्ट से अवगत कराए। मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग केंद्र गुणवत्तायुक्त संचालित हो, के लिए लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश संबंधितों को दिए। कोचिंग सेंटर में कैरियर गाइडेंस का भी सेशन रखा जाय ताकि छात्र/छात्राएं लाभान्वित हो सके और अपने लक्ष्य के अनुरूप प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सके एवं इसका व्यापक प्रचार प्रसार सभी माध्यमों से किया जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, प्रशिक्षु आईएएस नवसीन, उप जिलाधिकारी सदर, वरि. कोषाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डायट प्राचार्य, उपायुक्त उद्योग सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## मंदिर के रास्ते पर अवैध अतिक्रमण को हटवाने की मांग

- ग्रामीणों ने खागा विधायक को सौंपा शिकायती पत्र



**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम रूहेल्लापुर में भुइया बाबा मंदिर के रास्ते पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाने के साथ ही मंदिर का जीर्णोद्धार व रास्ते को बनवाए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने खागा विधायक कृष्णा पासवान को शिकायती पत्र सौंपा। खागा विधायक को दिए गए शिकायती पत्र में रामसजीवन, रामचन्द्र व रामबली पुत्रगण भगवानदीन ने बताया कि आराजी मौजा रूहेल्लापुर परगना एकडला की गाटा सं0 407 रकबा 0.4370 के भूस्वामी है। जिस पर उनके पट्टे से पहले प्राचीनतम मंदिर भुइयां बाबा का लगभग दो सौ वर्ष पहले से बना हुआ है। जिसके जीर्णोद्धार के लिए उन्होने व ग्रामीणों ने चंदा लगाकर मंदिर बनवाना चाहते हैं।

आने-जाने के लिए रास्ता भी देना चाहते हैं। उनकी बहू आरती देवी पत्नी नरेश कुमार जबरदस्ती मंदिर के सामने भूमि पर नींव खोदकर मकान का निर्माण करवा रही है। आरती देवी का सहयोग पूर्व प्रधान की पत्नी रामा देवी व उसका लड़का अयज पासवान पुत्र धर्मराज कर रहा है। कहता है कि वर्तमान प्रधान गीता देवी पत्नी सुरेन्द्र कुमार सिंह के पुत्र अरूण सिंह के ऊपर एससी/एसटी व बलात्कार का मुकदमा लिखवा देगा जबकि प्रधान व उसका पुत्र का इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। न्यायहित में आरती देवी द्वारा जो अवैध निर्माण करवाया जा रहा है उसको हटवाना अत्यंत आवश्यक है।

ग्रामीणों ने विधायक से मांग किया कि आरती देवी द्वारा जो अवैध अतिक्रमण किया गया है उसको तत्काल हटवाते हुए मंदिर का जीर्णोद्धार कराते हुए रास्ते का निर्माण करवाया जाए। इस मौके पर अरूण कुमार पटेल, लवकुश सिंह, शशिकरण सिंह, रमेश, सोनू, अरविन्द कुमार गुप्त, बोधराज, रघुराज, गोरेलाल, गुलाब सिंह भी मौजूद रहे।

## आपरेशन सिंदूर में शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**फतेहपुर।** जिला उद्योग व्यापार मंडल (पंजी0) की एक बैठक होटल शांति गंगा हरिहरगंज में संपन्न हुई। जिसमे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए सैनिको श्रद्धांजलि दी गई और युद्ध में भारतीय सैनिकों द्वारा शौर्य प्रदर्शन के लिए बधाई दी गयी। पदाधिकारियो से विचार विमर्श करने के बाद निर्णय लिया गया कि सर्राफा एसोसिएशन का गठन शीघ्र किया जाएगा। विद्युत कटौती के कारण व्यापारियों में भारी आक्रोश है। व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल विद्युत अधिकारियों से मुलाकात करके समस्या का शीघ्र निस्तारण करने की आवाज बुलंद करेगा। बैठक की अध्यक्षता रामबाबू गुप्ता एवं संचालन जिला महामंत्री धीरेंद्र सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे ने शिरकत कर व्यापारियों को एकजुटता का पाठ पढ़ाया। उन्होने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाएं। व्यापारियों की समस्याओं को लेकर संघर्ष किया जाएगा। इस मौके पर फरहत अली सिद्दीकी, गोविंद सिंह, राज कुमार मिश्रा, वरिंदर सिंह, गोविंद सिंह, गुरमीत सिंह, अजीत, चौधरी मोईन राईन, इमरान खान, मो0 अकरम, विवेक कुमार श्रीवास्तव, प्रकाश सिंह, अरविंद गुप्ता, विवेक कुमार, बद्री विशाल गुप्ता, पप्पू जैन आदि मौजूद रहे।

## तेजी से चल रहा नाला सफाई कार्य

- सफाई एवं खाद्य निरीक्षक ने किया निरीक्षण

**फतेहपुर।** बारिश के मौसम के मद्देनजर नगर पालिका परिषद की ओर से शहर क्षेत्र में नाला सफाई कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। सफाई कार्य का निरीक्षण करने सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मौके पर पहुंचे और सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बताते चलें कि नगर पालिका परिषद के सफाई विभाग की ओर से शहर क्षेत्र के कलेक्टरगंज वार्ड में युद्ध स्तर पर सफाई कार्य चल रहा है। सफाई कार्य का निरीक्षण करने के लिए सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राकेश कुमार गौड़ व मोहम्मद हबीब मौके पर पहुंचे और कार्य में लगे ठेकेदार मुमताज अली समेत सफाई कर्मियों को हिदायत दिया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बारिश के मौसम में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए नालों की सिल्ट निकालकर उसका ससमय निस्तारण किया जाए। यदि कहीं कोई शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक ने बताया कि शहर के रानी कालोनी, नासिरपीर, झाऊपुर, बाकरगंज व अहमदगंज वार्ड में युद्ध स्तर पर सफाई कार्य किया जा रहा है।



स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## पीएम की वार्निंग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपने संदेश में स्पष्ट रूप से कह दिया है कि परमाणु हमले के ब्लैकमेल के आगे भारत कभी नहीं झुकेगा। इस तरह उन्होंने पाकिस्तान के इस भ्रम को भी दूर कर दिया है कि परमाणु शक्ति के नाम पर वह हमें धमकाने में कामयाब हो जाएगा। केवल चार दिनों की जंग में ही घुटनों पर आ जाने के बाद से उसने परमाणु बम का नाम लेना शुरू किया था। लेकिन वह इस बात को भूल गया था कि भारत उससे काफी पहले ही यह क्षमता हासिल कर चुका था। शेखी बघारने वाले जिस तरह बिना जमीन के ही उड़ते हैं, ठीक वही हालत उसकी भी थी। इसीलिए पहलगाम हमले का करारा जवाब देने के बाद पाकिस्तान ने सीमावर्ती इलाकों में सघन गोलीबारी करने के साथ-साथ उत्तरी और पश्चिमी भारत के कई शहरों के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की जो कोशिश की थी, उससे भी उसकी बौखलाहट ही सामने आई थी। उन हमलों की कोशिशों को बेअसर कर दिया गया था। आतंकी ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' का नाम देकर और सैन्य मोर्चे के साथ-साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी दो महिला सेनाधिकारियों को बिठाकर भारत ने पहलगाम हमले के सूत्रधारों को महिला शक्ति का एहसास कराने के साथ-साथ धर्म के नाम पर बांटने की उसकी साजिश को भी बेनकाब कर दिया। भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए पाकिस्तान के अंदरूनी इलाकों तक में निशाना तो साधा ही, बल्कि उसके बाद पाक सेना की उकसाऊ आक्रामकता का जवाब देते हुए उसके एयर डिफेंस सिस्टम को भी ध्वस्त कर दिया। जवाबी कार्रवाई करने के समय से ही भारत पाकिस्तान को दो संदेश एक साथ दे रहा है- आतंकी हमले का करारा जवाब दिया जायेगा, साथ ही, पाकिस्तान के खिलाफ उकसाने वाली कार्रवाई से बचा जायेगा। पाकिस्तान की तुलना में मजबूत सैन्य शक्ति होने और वैश्विक स्तर पर उससे कहीं ज्यादा कूटनीतिक समर्थन होने के बावजूद भारत जिम्मेदारी का परिचय दे रहा है. सैन्य कार्रवाई के बाद सरकार द्वारा बुलाये गये सर्वदलीय सम्मेलन में आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई को विपक्षी दलों की ओर से पूरा समर्थन मिला, जो स्वाभाविक ही है। पिछले पांच दिनों का यह पूरा घटनाक्रम बताता है कि भारत ने पूरी तरह दूरदर्शिता से काम लिया जिससे सफल भी रहा।

## तकनीक और बचपन

कभी तनाव तो कभी गुस्से भरा चेहरा, टेढ़ी निगाहें, अकड़ के साथ शारीरिक मुद्रा जैसे लक्षण आज के दौर के बच्चों में सामान्य रूप से मिलते हैं। बचपन की सरलता, कोमलता, मासूमियत जैसे प्राकृतिक गुण अब कम ही दिखाई देते हैं। बात-बात में गुस्सा, चिड़चिड़ापन और आक्रामकता इनमें ज्यादा उभर रही है। कह सकते हैं कि बच्चों का व्यवहार और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य तेजी के साथ बदल रहा है। एक अध्ययन के मुताबिक तकनीक का विस्तार और बढ़ती सुलभता इसके लिए खासतौर से जिम्मेदार है। कम आयु में मोबाइल-इंटरनेट का इस्तेमाल बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक नियंत्रण और सामाजिक कौशल पर गहरे तक असर डाल रहा है। टैबलेट-मोबाइल पर ज्यादा वक्त बिताना इमोशंस को नियंत्रित करने और फैसला लेने की प्रक्रिया में निर्णायक बन गया है जिनके लगातार बदलते दृश्य व तत्काल पुरस्कार जैसे गेम्स में जीत या लाइक्स मिलना जैसी बातों से बच्चे तुरंत संतुष्टि की उम्मीद करने लगते हैं। जब यह नहीं होता तो उनमें निराशा, गुस्सा और चिड़चिड़ापन भरता है। इसके अलावा नेट पर मौजूद कई और वीडियो हिंसा, आक्रामकता एवं गलत व्यवहार से भरे होते हैं। ऐसी प्रवृत्तियों का बड़ा जबर्दस्त खिंचाव होता है तथा बचपन का अपरिपक्व मस्तिष्क लगातार इन्हें देखकर इन्हें ही अपनाने लगता है। ये अलग-अलग काल्पनिक माहौल में जीते हुए वास्तविक दुनिया में परिवार और दोस्तों से पूरी तरह से अलग होते जाते हैं। इस तरह पैदा होने वाला अकेलापन और भावनात्मक खालीपन उनके स्वभाव में प्रायः क्रोध और आक्रामकता भर देता है। एक अन्य स्टडी का कहना है कि सोशल मीडिया बच्चों में प्रतिस्पर्धा यानी होड़ को भी बढ़ाता है। वे दूसरों की खुशहाल जिंदगी, लुक्स और उपलब्धियों के मुकाबले खुद को हीन समझने लगते हैं जिससे आत्मसम्मान में कमी और असंतोष उपजता है। ऐसे में माता-पिता की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे अपने बच्चों में 'डिजिटल इंटरटेन्मेंट' के इस बढ़ते लगाव को कैसे कम करके उसे सही दिशा दें।

## काँव-काँव

♦♦♦

**आतंकियों को समझा दी सिंदूर की कीमत-मोदी**
पहलगाम आतंकियों का हश्र पता नहीं चला!

**दस उपग्रहों से देश की सुरक्षा निगरानी-इसरो**
हमारी सेना में लाखों पद जरूर खाली पड़े हैं!

**कोहली ने लिया क्रिकेट से संन्यास का फैसला**
मरने तक देशसेवा का जुनून केवल नेताओं में!

**भय बिनु होय न प्रीति-एयर मार्शल एके भारती**
मतलब डरे हुए आतंकी अब हमसे प्यार करेंगे!


**डैशबोर्ड से भूमि विवादों को हल करने में आसानी**
सुशांत गोल्फ सिटी की जमीन तक विवादित!

**गौतस्करों पर करें कड़ी कार्रवाई -मुख्यमंत्री योगी**
राममंदिर निर्माण में बीफ कंपनियों से भी चंदा?

♦♦♦

# जाति जनगणना और विकास

जातिगत जनगणना समाजवादी नेताओं की कई दशकों पुरानी मांग थी, जिसे अब सरकार ने स्वीकार कर लिया है. हालांकि, इस मांग में भाजपा के कई वरिष्ठ ओबीसी नेता भी शामिल रहे हैं, जिनमें प्रमुख नाम गोपीनाथ मुंडे का है. उत्तर भारत में कोटा-पॉलिटिक्स की शुरुआत




**- केसी त्यागी**

जननायक कर्पूरी ठाकुर ने की थी, जिसे बाद में कमजोर करने के उद्देश्य से बी बी मंडल की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया था. बाद में बी बी मंडल कांग्रेस में शामिल हो गये. मंडल आयोग ने जाति आधारित डाटा के अभाव का उल्लेख किया था, और इसी प्रकार कालेलकर आयोग ने भी डाटा की अनुपलब्धता के कारणों की चर्चा की थी. वर्ष 1990 के बाद से भारतीय राजनीति ओबीसी वर्ग के इर्द-गिर्द विमर्श केंद्रित होने लगी और इसी के साथ जातिगत जनगणना की मांग भी बलवती होती गयी. हालांकि जब कर्पूरी ठाकुर दूसरी बार बिहार के मुख्यमंत्री बने थे, तब भी कालेलकर आयोग की सिफारिशें लागू करने के साथ-साथ जातिगत जनगणना की मांग उठी थी, परंतु तब वह आवाज इतनी मुखर नहीं थी कि राष्ट्रीय राजनीति में सुनी जा सके. वर्ष 2006 में तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री अर्जुन सिंह ने जब शैक्षणिक संस्थानों में ओबीसी आरक्षण लागू किया, तब जातिगत आधार पर जनसंख्या आंकड़ों को अकादमिक स्तर पर मान्यता मिलनी शुरू हुई, क्योंकि शैक्षणिक संस्थाओं में ओबीसी छात्रों का प्रवेश होने लगा था. हमारे समाज में जाति न केवल राजनीतिक गठबंधनों के निर्माण में, बल्कि मतदाताओं की जातिगत लामबंदी और नीतिगत प्राथमिकताओं के निर्धारण में भी गहरी भूमिका निभाती है. लगभग सभी राज्य अपनी जातीय संरचना को ध्यान में रखते हुए चुनावी रणनीतियां और नीतियां बनाते हैं, ताकि विभिन्न जातियों को आरक्षण की परिधि में समाहित कर, उनके वोटों का ध्रुवीकरण अपने पक्ष या विपक्ष में सुनिश्चित कर सकें. पिछले तीन दशकों में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आयी है कि सामाजिक न्याय की राजनीति ने भारतीय राजनीति की दिशा और प्रकृति, दोनों को प्रभावित किया है. तथापि, इस प्रक्रिया ने एक जटिल चुनौती को भी जन्म दिया है, जहां प्रतिनिधित्व की राजनीति सीमित होकर कुछ चुनिंदा जातियों और वर्गों तक सिमट गयी है. इसके परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में अदृश्य अतिपिछड़ी जातियां राजनीतिक विमर्श से बाहर रह गयी हैं और सत्ता तथा संसाधनों में उनकी भागीदारी नगण्य बनी हुई है. चुनावी राजनीति में ये जातियां लंबे समय से उपेक्षा की शिकार बनी हुई हैं. यद्यपि इन्हें औपचारिक रूप से ओबीसी सूची में स्थान प्राप्त हुआ है, पर व्यावहारिक स्तर पर उन्हें न तो आरक्षण का समुचित लाभ प्राप्त हो रहा है और न ही वे लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व की प्रक्रिया में समुचित भागीदारी हासिल कर पा रही हैं. इस संदर्भ में, रोहिणी आयोग की सिफारिशें तथा ओबीसी वर्ग के भीतर उप-वर्गीकरण की मांग इन अदृश्य अतिपिछड़ी जातियों के बहिष्करण को समाप्त करने की दिशा में एक आवश्यक और न्यायसंगत औचित्य प्रस्तुत करती हैं. चुनावी प्रणाली में सोशल इंजीनियरिंग के अंतर्गत जातीय समीकरणों को केवल चुनावी लाभ हेतु पुनर्गठित किया जाता है, जबकि सत्ता-संस्थानों में वास्तविक प्रतिनिधित्व का समुचित पुनर्वितरण अधूरा रह जाता है. यह यथार्थ इस ओर संकेत करता है कि राजनीतिक परिवर्तन की सतही परतों के नीचे गहरे सामाजिक असंतुलन आज भी हैं. इन असंतुलनों को केवल जातिगत जनगणना और व्यापक सामाजिक-सांख्यिकीय विश्लेषण के माध्यम से ही उजागर किया जा सकता है. हालांकि यह प्रक्रिया केवल जातियों की गणना तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि प्रत्येक जाति की शैक्षणिक उपलब्धियों, सेवाओं में भागीदारी, शिक्षा तक पहुंच, राजनीतिक प्रतिनिधित्व, पंचायत स्तर पर उपस्थिति तथा पुलिस-प्रशासन से लेकर न्यायपालिका तक में उनकी स्थिति का समग्र अध्ययन आवश्यक है. जातिगत आंकड़ों की अनुपस्थिति में अब तक की राजनीति अनुमान, पूर्वाग्रह, और वोट बैंक आधारित सामाजिक इंजीनियरिंग पर निर्भर रही है. किंतु यदि विधिपूर्वक जाति आधारित जनगणना संपन्न होती है, तो यह कुछ समुदायों हेतु आरक्षण की सीमा में संशोधन तथा जातिगत उप-वर्गीकरण की मांग को नयी वैधता प्रदान करेगी. यह प्रक्रिया मंडल आयोग के एकमात्र दलित सदस्य एल आर नाइक की उस ऐतिहासिक टिप्पणी की प्रासंगिकता को पुनर्स्थापित करेगी, जिसमें उन्होंने ओबीसी वर्ग के भीतर के गहरे अंतर्विरोधों की ओर संकेत किया था. यह कर्पूरी ठाकुर के आरक्षण मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान करेगी तथा नीतीश कुमार द्वारा पंचायत स्तर पर अतिपिछड़ा वर्ग को दिये गये आरक्षण के मॉडल को केंद्र सरकार द्वारा अपनाने की आवश्यकता को बलवती बनायेगी. वर्तमान परिदृश्य में भाजपा और कांग्रेस जैसे प्रमुख राष्ट्रीय दलों को यह स्वीकार करने की दिशा में अग्रसर होना पड़ रहा है कि जाति मात्र सांस्कृतिक पहचान नहीं, एक राजनीतिक श्रेणी भी है, जिसे राजनीतिक संरक्षण की दृष्टि से नहीं, बल्कि संरचनात्मक पुनर्वितरण के संदर्भ में समझे जाने की आवश्यकता है. हालांकि, इन दलों के दृष्टिकोण में आया यह परिवर्तन मुख्यतः राजनीतिक बाध्यताओं, चुनावी गणित, तथा गठबंधन-राजनीति के दबावों का परिणाम है, जो समकालीन राजनीतिक यथार्थ और सामाजिक समीकरणों के अनुरूप है, विशेष रूप से बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में, जहां सामाजिक न्याय की राजनीति की गहरी जड़ें हैं, जातिगत जनगणना एक निर्णायक चुनावी मुद्दे के रूप में उभरकर सामने आयी है. बिहार में नीतीश कुमार सरकार द्वारा कराये गये जातीय सर्वेक्षण ने इस बहस को और अधिक धार प्रदान की है. इससे यह संकेत मिलता है कि जाति आधारित आंकड़े और उनके विश्लेषण अब केवल सामाजिक अध्ययन की वस्तु नहीं रह गये हैं, बल्कि वे नीति निर्माण,



संसाधन आवंटन और राजनीतिक वैधता के निर्धारण में एक केंद्रीय कारक बनते जा रहे हैं. प्रश्न केवल इस बात का नहीं है कि जातिगत आंकड़े एकत्रित किये जायें, बल्कि यह भी है कि क्या राज्य और नागरिक समाज इन आंकड़ों से प्राप्त निष्कर्षों को स्वीकार करने के लिए आवश्यक राजनीतिक साहस और नीतिगत प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर पायेंगे. यदि ऐसा होता है, तभी डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा परिकल्पित सामाजिक लोकतंत्र को वास्तव में साकार किया जा सकेगा।

## प्रेमचंद की कहानियां



### जुलूस

तुम्हारी कारगुजारी का इनाम तो तब मिलेगा जब तुम किसी खूनी को खोज निकालोगे, किसी डूबते हुए आदमी को बचा लोगे।
एकाएक एक सिपाही ने बरामदे में खड़े होकर कहा- हुजूर, यह लिफाफा लाया हूं। वीरबल सिंह ने बाहर निकल कर लिफाफा ले लिया और भीतर की सरकारी चिट्ठी निकाल कर पढ़ने लगे। पढ़कर उसे मेज पर रख दिया।
मिट्ठन ने पूछा-क्या तरक्की का परवाना आ गया ?
बीरबल सिंह ने झेंप कर कहा- तुम तो बनाती हो! आज फिर कोई जुलूस निकलने वाला है। मुझे उसके साथ रहने का हुक्म हुआ है।
मिट्ठन-फिर तो तुम्हारी चांदी है, तैयार हो जाओ। आज फिर वैसे ही शिकार मिलेंगे। खूब बढ़-बढ़कर हाथ दिखलाना! डी.एस.पी. भी जरूर आयेंगे। अबको तुम इंस्पेक्टर हो जाओगे। सच! वीरबल सिंह ने माथ सिकोड़ कर कहा- कभी-कभी तुम वे सिर-पैर की बातें करने लगती हो। मान लो, मैं जाकर चुपचाप खड़ा रहूं, तो क्या नतीजा होगा। मैं नालायक समझा जाऊंगा और मेरी जगह कोई दूसरा आदमी भेज दिया जायेगाकहीं शुबहा हो गया कि मुझे स्वराज्यवादियों से सहानुभूति है, तो कहीं का न रहूंगा। अगर बर्खास्त भी न हुआ तो लैन की हाजिरी तो हो ही जायेगी। आदमी जिस दुनिया में रहता है, उसी का चलन देख कर काम करता है। मैं बुद्धिमान न सही; पर इतना जानता हूं कि ये लाग देश और जाति का उद्धार करने के लिये ही कोशिश कर रहे हैं। यह भी जानता हूं कि सरकार इस ख्याल को कुचल डालना चाहती है। ऐसा गधा नहीं हूं कि गुलामी की जिंदगी पर गर्व करूं; लेकिन परिस्थिति से मजबूर हूं। बाजे की आवाज कानों में आयी। बीरबल सिंह ने बाहर जाकर पूछा। मालूम हुआ स्वराज्य वालों का जुलूस आ रहा है। चटपट वर्दी पहनी, साफा बांधा और जेब में पिस्तौल रख कर बाहर आये। एक क्षण में घोड़ा तैयार हो गया। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**कामधेनुगुना विद्या ह्यकाले फलदायिनी।**
**प्रवासे मातृसदृशी विद्या गुप्तं धनं स्मृतम॥**

विद्या अर्जन करना यह एक कामधेनु के समान है जो हर मौसम में अमृत प्रदान करती है। वह विदेश में माता के समान रक्षक अवं हितकारी होती है। इसीलिए विद्या को एक गुप्त धन कहा जाता है।

♦♦♦

# यह अल्पविराम है, युद्ध तो होगा ही!

पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत के वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों को जिस तरह से नष्ट भ्रष्ट किया, विश्वभर में उसका कोई दूसरा उदाहरण सहसा ही स्मरण नहीं आता। आतंकी ठिकानों की विनाश और सैकड़ों आतंकियों के अर्थी एक साथ उठने से बौखलाए पाकिस्तान ने भारतीय शहरों, आम नागरिकों, पूजा स्थलों और सैन्य ठिकानों पर हमले करके जिस अदूरदर्शिता का परिचय दिया उसके

**- डॉ. आशीष वशिष्ठ**

बारे में क्या कहा ही कहा जाए। पाकिस्तानी सेना के हमलों के प्रत्युत्तर में जब वीर भारतीय सैनिकों ने अपने हथियारों का रुख पाकिस्तान की ओर मोड़ा तो तीन ही दिन में पाकिस्तान दया की भिक्षा मांगने लगा। दुनिया में श्रेष्ठ सैनिकों में शामिल भारतीय सैनिकों ने जिस तरह पाकिस्तान के हमलों को कुशलता पूर्वक असफल किया और उसके सैन्य ठिकानों पर अचूक निशाना लगाया है, उससे विश्व की तमाम छोटी–बड़ी शक्तियां अवाक और संज्ञाशून्य की स्थिति में है। दोनों देशों के डीजीएमओ की बातचीत के बाद मौखिक संघर्ष विराम हो चुका है। पाकिस्तान की प्रवृति, चरित्र और इतिहास के आलोक में एक बात स्पष्ट तौर पर जान लीजिए, या गांठ बांध लीजिए, आज नहीं तो कल युद्ध तो होना ही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 मिनट के अपने सटीक, संतुलित और सारगर्भित संबोधन में पाकिस्तान के दुष्ट आचरण और दुष्प्रवृति को समस्त विश्व के समक्ष निरावृत करने में कोई कसर शेष नहीं छोड़ी। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से साहसी भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान को जितनी गहरे घाव दिये हैं, वो उसकी आने वाली संततियों को भी विस्मृत नहीं होंगे। वर्ष 1948, 1965, 1971 और 1999 में पाकिस्तान से हुए युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को इतनी बुरी तरह से नहीं पीटा, जितना ऑपरेशन सिंदूर में उसको क्षति पहुंची है। जितने गहरे घाव उसे इस बार वीर भारतीय सैनिकों ने दिये हैं, वो अगर पूर्व में दिये गये होते तो यह दिन देखने की आवश्यकता नहीं होती। एक दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति के अभाव में पाकिस्तान हर बार बचता रहा। और हमारे सैनिक चाहकर भी पाकिस्तान को छोड़ते रहे। लेकिन वर्तमान में पीएम मोदी की सरकार ने जिस दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय दिया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम ही है। साहसी भारतीय सेना के हमलों से हो रहे प्रत्यक्ष और संभावित नुकसान के दृष्टिगत पाकिस्तान अपने आका अमेरिका की शरण में गया, लेकिन उसे वहां से भी कोई संतोषप्रद आश्वासन प्राप्त नहीं हुआ। अंततोगत्वा पाकिस्तान के मिलट्री ऑपरेशन के डीजी ने अपने भारतीय समकक्ष से संपर्क साधा। भारतीय सेना ने अपने संकल्पों, नियमों और इच्छा अनुकूल संघर्ष विराम की उद्घोषणा की। संघर्ष विराम का क्रेडिट लेने का भरपूर प्रयास अमेरिका और उसके राष्ट्रपति ट्रम्प ने किया। लेकिन भारतीय सेना की ब्रीफिंग और पीएम मोदी के संबोधन ने अमेरिका के सारे दावों की वायु निकाल दी।एक प्रसिद्ध कहावत है, चोर चोरी से जाए, हेरा फेरी से न जाए। और पाकिस्तान ही वह चोर है, जो हेरा फेरी से बाज नहीं आएगा। संघर्ष विराम की घोषणा के बाद भी उसके आचरण में अधिक परिवर्तन देखने को नहीं मिला। इसलिए भारत सरकार और पीएम मोदी ने स्पष्ट संदेश पाकिस्तान को दिया है कि भविष्य में आतंक की घटना को युद्ध माना जाएगा।पाकिस्तान अपने चरित्र के अनुरूप आचरण करेगा, यह मेरा ही नहीं, हर जागरूक नागरिक का अटल विश्वास है। भारतीय नीति और विचार यह है कि हमारे लिए आतंकवाद समाप्त हो जाए तो हमारा संघर्ष और युद्ध समाप्त हो जाएगा। उसे हम अपनी जीत मान लेंगे। लेकिन पाकिस्तान के लिए यह लड़ाई कभी समाप्त नहीं होगी क्योंकि उसका वास्तविक लक्ष्य है भारत को मिट्टी में मिलाना है। उसका जन्म ही भारत से घृणा के आधार पर हुआ है। जब तक भारत है, तब तक पाकिस्तान की लड़ाई है। तो भारत का होना, भारत की उपस्थिति, भारत का अस्तित्व ये पाकिस्तान के लिए जोखिम है। वो इसी जोखिम को समाप्त करने का प्रयास करता रहता है। भारत को मिट्टी में मिलाने के पाकिस्तान ने पहले युद्ध के माध्यम से प्रयास किए। जब उसने यह देखा कि युद्ध में हानि अधिक है, और वह अपने लक्ष्यों का प्राप्त नहीं कर पा रहा है तो उसने छद्म युद्ध शुरू किया। इस छद्म युद्ध के अंतर्गत आतंकवादियों का संरक्षण, प्रशिक्षण देकर भारत में अशांति फैलाने की नीति पर चलना शुरू किया। इसमें कोई बड़ा खर्च भी नहीं है। शस्त्र क्रय करने के लिए उसे धन अमेरिका, यूरोप, तुर्की और चीन दे ही देते हैं। अफगान युद्ध का उसने खूब लाभ उठाया। अमेरिका से उसने पैसा भी लिया, हथियार भी लिए। पहले रूस से लड़ने के लिए, फिर अफगानिस्तान से लड़ने के लिए। अमेरिका को भी धोखा देता रहा। ओसामा बिन लादेन को अपने यहां छुपा कर रखा और अमेरिका को पता नहीं लगने दिया। आखिरकार अमेरिका ने खोज लिया और खोज कर मारा।इसमें कोई दो राय नहीं है कि पाकिस्तान किसी को भी धोखा दे सकता है। और भारत को तो हमेशा धोखा ही देगा। पाकिस्तान की एक बात पर हमेशा विश्वास करना चाहिए कि उस पर कभी भरोसा नहीं करना चाहिए। वो हमेशा दगा देखा, हमेशा धोखा देगा। इसलिए वो चाहे कोई भी वायदा करे तब भी उस पर भरोसा नहीं करना चाहिए कि वो भविष्य में आतंकवाद का साथ नहीं देगा। वो सिर्फ अवसर की प्रतीक्षा करेगा। वर्तमान में जो स्थितियां वहां भारत के हमले के बाद उपजी हैं, उसके चलते पाकिस्तान की सेना और सरकार आमजन में अपनी छवि और साख को बनाए रखने के लिए भारत को नुकसान पहुंचाने में पीछे नहीं हटेगा। ये बात गांठ बांध लीजिए। ये संघर्ष विराम उसे इसीलिए चाहिए था, सांस लेने का अवसर। जो घाव भारतीय सेना ने उसे दिये है, उन पर मरहम पट्टी का अवसर चाहिए था। उसे फिर से तैयारी का अवसर चाहिए था। फिर से आतंकवादी गतिविधियों की रणनीति बनाने का समय और मौका चाहिए था। उसे तीन वस्तुओं की आवश्यकता थी। समय, पैसा और हथियार। और उसको ये तीनों चीजें संघर्ष विराम ही दिला सकता था। और उसे संघर्ष विराम मिल चुका है। विश्व में पाकिस्तान की ही नहीं, अमेरिका की छवि धोखेबाज देश की है। विश्व भर में उसकी धोखेबाजी के किस्सों की लंबी सूची है। और जहां तक बात भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की है। जब भी दोनों देशों के बीच तनाव होगा, संघर्ष होगा, अमेरिका का झुकाव पाकिस्तान की ओर होगा। अमेरिका को भारत की जरूरत है, चीन पर नियंत्रण के लिए। जब तक ये जरूरत नहीं थी तब तक अमेरिका भारत का विरोध ही करता रहा। मेरा मानना है कि संघर्ष विराम की घोषणा करके भारत अपनी शराफत में मारा गया। भारत अमेरिका पर जरूरत से ज्यादा विश्वास के कारण मारा गया। यह बात जान लीजिए कि संघर्ष विराम के लिए पाकिस्तान की आतुरता का मुख्य कारण यह था कि उसे लगा कि पहले अपने अस्तित्व को बचाना आवश्यक है। वो उस नीति पर चल रहा था कि बचेंगे, तो भविष्य में लड़ेंगे। तो उसने अपना बचाव कर लिया है। और वह भविष्य में लड़ेगा यह मान कर चलिए। निकट समय में ही आपको किसी ने किसी आतंकवादी घटना का दुखद समाचार सुनने, देखने और पढ़ने को मिलेगा। पाकिस्तान रुकने वाला नहीं है। वास्तव में जिस दिन पाकिस्तान आतंकवाद रोक देगा, उसके अस्तित्व का औचित्य ही समाप्त हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारे सैन्य बल पाकिस्तान के चरित्र से परिचित हैं। इसलिए राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में पीएम मोदी ने तमाम अहम बातों के अलावा यह भी स्पष्ट कर दिया की ऑपरेशन सिंदूर अभी स्थगित ही हुआ है। अर्थात् यह कि आतंक के विरुद्ध भारत का एक्शन जारी रहेगा।

## प्रेरक प्रसंग

## 'संगत का असर'

**दरअसल इस मिट्टी पर गुलाब के फूल, टूट टूटकर गिरते रहते हैं, तो मिट्टी में भी गुलाब की महक आने लगी है जो की ये असर संगत का है और जिस प्रकार गुलाब की पंखुड़ियों की संगति के कारण इस मिट्टी में से गुलाब की महक आने लगी उसी प्रकार जो व्यक्ति जैसी संगत में रहता है उसमें वैसे ही गुणदोष आ जाते हैं।**

एक अध्यापक अपने शिष्यों के साथ घूमने जा रहे थे। रास्ते में वे अपने शिष्यों को अच्छी संगत की महिमा समझा रहे थे।
लेकिन शिष्य इसे समझ नहीं पा रहे थे। तभी अध्यापक ने फूलों से भरा एक गुलाब का पौधा देखा।
उन्होंने एक शिष्य को उस पौधे के नीचे से तत्काल एक मिट्टी का ढेला उठाकर ले आने को कहा।
जब शिष्य ढेला उठा लाया तो अध्यापक बोले इसे अब सूंघो।
शिष्य ने ढेला सूंघा और बोला गुरु जी इसमें से तो गुलाब की बड़ी अच्छी खुशबू आ रही है।
तब अध्यापक बोले बच्चो जानते हो इस मिट्टी में यह मनमोहक महक कैसे आई ?
दरअसल इस मिट्टी पर गुलाब के फूल, टूट टूटकर गिरते रहते हैं, तो मिट्टी में भी गुलाब की महक आने लगी है जो की ये असर संगत का है और जिस प्रकार गुलाब की पंखुड़ियों की संगति के कारण इस मिट्टी में से गुलाब की महक आने लगी उसी प्रकार जो व्यक्ति जैसी संगत में रहता है उसमें वैसे ही गुणदोष आ जाते हैं। हमें सदैव अपनी संगत अच्छी रखनी चाहिए।

## आपका पत्र मिला

### अंदरूनी ताकत बढ़ाने के साथ दोगले देशों से सतर्क रहें

इसमें दो राय नहीं है कि भारत की सेना ने अपनी ताकत दिखाते हुए पाकिस्तान को ईंट का जवाब पत्थर से दिया है। पाकिस्तान की गीदड़ भभकी के साथ ही चीन व तुर्कीए के नो गारंटी, नो वारंटी वाले हथियारों की भी पोल खोल कर रख दी है-आपरेशन सिंदूर ने। भारत को शत प्रतिशत सतर्क व सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि पाकिस्तान अपनी नीच व तुच्छ हरकतों से बाज आने वाला नहीं है। कहते हैं की घायल शेर जरूरत से ज्यादा खतरनाक जो होता है।
साथ ही हमें आंतरिक मोर्चे पर भी बहुत सतर्क व सावधान रहना होगा ताकि पहलगाम जैसी भूल की पुनरावृत्ति ना हो।भारत की शांति, सौहार्द व भाईचारे वाली नीति को कमजोरी समझ कर, आए दिन आतंकवादियों के माध्यम से हमारी नाक में दम करता रहता है। बलुचिस्तान के लड़ाकों ने भारत से मदद की गुहार लगाई है। इस मौके का फायदा उठाना चाहिए।
लोहा गर्म है, चोट करने की दरकार है। तो क्यों ना हम टेढ़ी उंगली कर बलुचिस्तान लड़ाकों की अप्रत्यक्ष रूप से मदद कर, पाकिस्तान की कमर तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़े। अब भारत को कोई दरियादिली नहीं दिखना चाहिए। अमेरिका का भी भरोसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि वह ऐसा बंदर है जो अपना हित ही देखता है, जहां हित ना हो वह वहां पलटी मार देता है।
अतः भारत को ऊपरी तौर पर कोई दिखावा नहीं करना चाहिए।
अंदरुनी रूप से चीन, पाकिस्तान, अमेरिका जैसे दोगले देशों से भी सतर्क और सावधान रहना होगा और हमें बिना कुछ बोले बताएं, अपनी अंदरुनी ताकत को बढ़ाते रहना होगा। यह वक्त का तकाजा है।

**हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**

आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

स्वतंत्र भारत
शिक्षा-दीक्षा
उपहार
लखनऊ, बुधवार, 14 मई 2025

# एआई से पूछें कॅरियर से जुड़े सवाल




चाहे आप अभी अपना करियर शुरू करने जा रहे हों, या उसमें बदलाव करना चाह रहे हों या फिर एक लीडर के रूप में आगे बढ़ने की चाहत रखते हों, किसी भी स्थिति में आपको एक करियर कोच की जरूरत पड़ेगी ही। हालांकि, ज्यादातर लोग करियर कोच की मदद लेने से इसलिए कतराते हैं, क्योंकि उनके पीछे काफी पैसा और समय खर्च होता है। इसी कारण इन्सान किसी सस्ते और कम समय लेने वाले विकल्प की तलाश करता है। ऐसे में लोग पारंपरिक करियर कोच के बजाय अब चैटजीपीटी, परप्लेक्सिटी, डीपसीक और क्लाउड जैसे जेनरेटिव एआई टूल्स का रुख कर रहे हैं। इन टूल्स तक आप आसानी से पहुंच सकते हैं, इनसे आपके समय की बचत होती है और इन्हें आप अपनी जरूरतों के हिसाब से कस्टमाइज भी कर सकते हैं।

**करियर में स्पष्टता के लिए**

करियर से जुड़े सवाल पूछने के लिए आप चैटजीपीटी के प्रॉम्प्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। जैसे आप एआई से पूछ सकते हैं, मैं अपने करियर के बारे में अनिश्चित हूं। क्या आप मुझे मेरी ताकत और रुचियों को पहचानने में मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आप यह भी पूछ सकते हैं कि यदि मैं अपना रिज्यूमे अपलोड करता हूं, तो क्या आप इसकी समीक्षा करके मेरी क्षमता और रोजगार से जुड़ी योग्यता पर फीडबैक दे सकते हैं? एआई के सुझावों से आपको अपनी रुचियों को समझने में मदद मिलेगी।

**रिज्यूमे और लिंक्डइन**

एक मजबूत रिज्यूमे और लिंक्डइन प्रोफाइल पेशेवर जगत में आपको बाकी लोगों से अलग दिखने में मदद करती है। एआई आपको आकर्षक जानकारियां प्रदान करता है, जिससे आप रिज्यूमे और अपनी लिंकडइन प्रोफाइल में सुधार कर सकते हैं। एक अच्छा रिज्यूमे और लिंक्डइन प्रोफाइल तैयार करने के लिए एआई से पूछें, क्या आप मेरे अनुभव के आधार पर रिज्यूमे के लिए एक पेशेवर सारांश लिखने में मदद कर सकते हैं? या मैं अपने रिज्यूमे में अपनी उपलब्धियों को कैसे माप सकता हूं?

**नौकरी तलाशने का तरीका**

किसी भी फ्रेशर के लिए नौकरी की तलाश करना सबसे कठिन काम होता है, लेकिन यदि आपके पास नौकरी ढूंढ़ने के लिए प्रॉम्प्ट लिखने का कौशल है, तो एआई नौकरी की तलाश करने में आपकी मदद कर सकता है। आप एआई से पूछ सकते हैं कि किसी भूमिका के लिए अच्छी नौकरी तलाशने की रणनीति क्या है? मेरी शैक्षणिक पृष्ठभूमि और रुचियों के आधार पर नौकरी के अच्छे अवसर क्या हैं?

**साक्षात्कार और वेतन पर बातचीत**

साक्षात्कार की तैयारी और वेतन पर बात करने के लिए भी आप एआई की मदद ले सकते हैं। यदि आप साक्षात्कार से संबंधित मदद चाहते हैं, तो एआई को अपनी कंपनी का नाम बताएं, ताकि वह संभावित प्रश्नों को तैयार कर सके। वहीं वेतन से संबंधित सलाह के लिए आपकी अपेक्षित सैलरी क्या है? इसका जवाब तैयार करने में एआई मदद करेगा।

## कॅरियर अलर्ट

### वैज्ञानिक भर्ती 2025

ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस) द्वारा वैज्ञानिक के पद पर भर्ती जारी की गई है। आवेदन प्रक्रिया 3 मई से शुरू हो चुकी है, जो 23 मई 2025 को समाप्त हो जाएगी। साइंटिस्ट- बी के पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक कैंडीडेट्स ऑफिशियल वेबसाइट bis.gov.in पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। योग्य कैंडीडेट्स के पास इस भर्ती में भाग लेने के लिए गेट 2023, 2024, 2025 का स्कोरकार्ड होना चाहिएह। अधिक जानकारी के लिए ऑफिशियल वेबसाइट bis.gov.in देखें।

### आईडीबीआई जूनियर असिस्टेंट मैनेजर भर्ती

आईडीबीआई बैंक की ओर से भर्ती जारी की गई है। जूनियर असिस्टेंट मैनेजर के लगभग 676 पदों पर नियुक्तियां की जानी हैं। आवेदन प्रक्रिया 8 मई से जारी है। आधिकारिक सूचना के अनुसार, आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 मई, 2025 तय की गयी है। जूनियर असिस्टेंट मैनेजर के पदों पर अप्लाई करने के लिए मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/ संस्थान से किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन आवश्यक है। अधिक जानकारी व अप्लाई करने के लिए ऑफिशियल वेबसाइट www.idbibank.in पर जाएं।

### स्टेट बैंक में 2600 सर्किल बेस्ड ऑफिसर भर्ती

बैंक में सरकारी नौकरी के फॉर्म आने का इंतजार कर रहे हैं, उम्मीदवारों के लिए बड़ी भर्ती आ गई है। जी हां. भारत के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने सर्किल बेस्ड ऑफिसर के 2600 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती के लिए आवेदन भी 9 मई से शुरू हो गए हैं। फॉर्म आईबीपीएस द्वारा भरवाए जा रहे हैं। ऐसे में आवेदन का लिंक आईबीपीएस ऑफिशियल वेबसाइट ibpsonline.ibps.in पर एक्टिव हो गया है। एसबीआई सीबीओ भर्ती में अप्लाई करने की आखिर तारीख 29 मई 2025 है। वहीं इसकी परीक्षा जुलाई 2025 में आयोजित होना संभावित है।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में असिस्टेंट मैनेजर पदों पर भर्ती

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (UBI) ने 500 असिस्टेंट मैनेजर पदों पर भर्ती निकाली है। अगर आप बैंक में नौकरी का इंतजार कर रहे थे तो आपके लिए नौकरी पाने का सुनहरा मौका है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया आज 30 अप्रैल 2025 से शुरू हो गई है। आवेदन करने की आखिरी तारीख 20 मई 2025 है। आवेदन करने के लिए योग्य और इच्छुक कैंडिडेट को ऑफिशियल वेबसाइट unionban sofindia.co.in पर जाना होगा।

## अभ्यास

**1. निम्न में से किस दिन अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है?**
(क)13 मई
(ख) 12 मई
(ग) 11 मई
(घ) 10 मई
**(ख) 12 मई**

**2.भारतीय स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने हाल ही में क्रिकेट के किस फॉर्मेट से सन्यास ले लिया है?**
(क) टेस्ट क्रिकेट
(ख) एकदिवसीय क्रिकेट
(ग) टी-20 क्रिकेट
(घ) घरेलू क्रिकेट
**(क) टेस्ट क्रिकेट**

**3 निम्न में से किस देश ने शतरंज खेलने पर रोक लगा दी है?**
(क) कुवैत
(ख) यमन
(ग) अफगानिस्तान
(घ) मोरक्को
**(ग) अफगानिस्तान**

**4. निम्न में से किस विधानसभा को भारत की पूरी तरह सौर ऊर्जा से संचालित होने वाली पहली विधानसभा बनाया जाएगा?**
(क) दिल्ली विधानसभा
(ख) बिहार विधानसभा
(ग) तेलंगाना विधानसभा
(घ) महाराष्ट्र विधानसभा
**(क) दिल्ली विधानसभा**

**5. निम्न में से किस देश में वेसाक पोया उत्सव मनाया गया?**
(क) कंबोडिया
(ख) अफगानिस्तान
(ग) चीन
(घ) श्रीलंका
**(घ) श्रीलंका**

## सिर्फ फीडबैक सुनना नहीं, उसे अपनाना भी है जरूरी

यदि आप अपने लीडर का दृष्टिकोण जानना चाहते हैं, तो आप स्वाभाविक रूप से कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न पूछ सकते हैं-जैसे क्या आपके पास कोई प्रतिक्रिया है? आपने क्या सोचा? मैं क्या एक चीज अलग कर सकता था? या किसी सवाल का अधिक सटीक तरीके से जवाब कैसे दे सकता था? ऐसे प्रश्न करके आप अपने बॉस का मन पढ़ सकते हैं

**फीडबैक को लक्ष्य से जोड़ें**

जरूरी है कि आप अपने लक्ष्य को अपने बॉस के फीडबैक से जोड़ते हुए उन्हें ई-मेल करें कि इस तिमाही मेरा लक्ष्य नई प्रोजेक्ट पर कार्य करना है, और उनसे पूछें कि आपको अभी कंपनी या हमारे सहकर्मियों में क्या सबसे अच्छा और जरूरी काम दिखाई दे रहा है? इससे यह पता चलता है कि आप अपने पेशेवर विकास को गंभीरता से ले रहे हैं

**विकल्प प्रस्तुत करें**

यदि आप किसी विषय पर अपने बॉस से जल्द ही फीडबैक प्राप्त करने की उम्मीद रखते हैं, तो उनके सामने उस विषय पर दो स्पष्ट विकल्प प्रस्तुत कर सकते हैं, जैसे कि क्या मैं स्वतंत्र रूप से इस विषय पर बातचीत कर सकता हूं या अंतिम निर्णय पर पहुंचने के लिए आपकी प्रतीक्षा करूं? क्या मुझे टीम के सदस्यों को सलाह देनी चाहिए या बड़ी और चुनौतीपूर्ण वाली परियोजनाओं पर काम करना चाहिए?

**स्पष्ट बात करें**

कभी-कभी बॉस को यह एहसास नहीं होता कि उनकी संचार शैली आपके लिए काम नहीं कर रही है। इसलिए उन्हें अपनी प्राथमिकता बताएं और उनसे अपनी बात को उदाहरण देकर स्पष्ट करने के लिए अनुरोध करें।

## कैसे लें सही निर्णय? फैसले से पहले खुद से पूछें ये चार सवाल

आपके जीवन में कई बार ऐसे पड़ाव भी आते हैं, जहां बेहतर निर्णय लेना आपको सबसे चुनौतीपूर्ण काम लगने लगता है। इस स्थिति में आप समझ नहीं पाते हैं कि कौन-सा निर्णय भविष्य में ज्यादा प्रभावी होगा। हालांकि जब आप कुछ बड़े फैसले लेते हैं, तो उस वक्त आप सबसे ज्यादा तनाव में भी होते हैं। इसलिए अपने भविष्य के लिए यदि आप कोई अहम फैसला लेना चाहते हैं, तो एक रणनीतिक निर्णय लेने के लिए सभी चीजों को परखने और भविष्य में उसके जोखिमों का अंदाजा लगाने से पहले यह भी विचार करें कि आपका निर्णय कितना लचीला है।

यहां कुछ सुझाव दिए गए हैं, जिनपर आपको निर्णय लेने से पहले जरूर विचार करना चाहिए।

**एक साल बाद कौन-सा निर्णय सार्थक होगा**

ऐसे निर्णय लेना कई बार बहुत आसान होता है, जो आपकी तत्काल समस्याओं को हल करते हों, लेकिन आप जो निर्णय आज ले रहे हैं, वह भविष्य में कितना प्रभावी होगा, यह अधिक मायने रखता है।

निर्णय लेते वक्त यह भी जान लें कि आप भविष्य में क्या करना चाहते हैं और आप भविष्य में कौन-से जोखिमों को उठाने के लिए तैयार हैं। इस सवाल को खुद से पूछने से आप ऐसा निर्णय लेने से बच सकते हैं, जो वाकई आपके भविष्य को प्रभावित कर सकता है।

**क्या सीखना चाहिए**

यदि आप अपने सबसे मुश्किल वक्त में निर्णय ले रहे हैं, तो स्वयं से यह सवाल भी पूछें कि यदि मैं अपने निर्णय में सफल होता हूं, तो इससे मुझे क्या सीखना चाहिए। अक्सर कई बार आप ऐसी परिस्थितियों में भी अहम फैसला लेते हैं, जो आपके भविष्य में उपयोगी साबित हो सकता है।

साथ ही यह भी विचार करें कि दूसरे लोग आपकी सफलता और आपके निर्णय लेने की क्षमता से क्या सीख सकते हैं, ताकि उनके लिए भी बुरे वक्त में निर्णय लेना आसान हो।

**भविष्य के लिए तैयार करेगा**

जब भी आप अनिश्चित समय में कोई अहम फैसला लेते हैं, तो कहीं न कहीं झिझक महसूस करते हैं कि जो फैसला ले रहे हैं क्या वह वाकई आपके लिए लाभकारी होगा।




हालांकि मन में यह ख्याल आना लाजिमी है, लेकिन इससे इतर यह भी सोचें कि भविष्य में आप जब भी कोई बड़ा निर्णय लेंगे, तो यह मुश्किल समय में आपको धीरज के साथ निर्णय लेने के लिए तैयार करेगा।

साथ ही यह अपनी क्षमताओं के बारे में जानने का अवसर देगा। जहां आप अत्यधिक दबाव के बीच में लचीले फैसले लेने के लिए सहज महसूस करेंगे।

**जल्दबाजी तो नहीं कर रहे**

यदि आप कोई बड़ा फैसला ले रहे हैं, तो यह विचार कर लें कि आप जल्दबाजी तो नहीं कर रहे। एक सही निर्णय लेने के लिए आप अपनी बात अपने साथी और परिवारजनों को बताएं और उनकी राय को तवज्जो दें। इससे आप बेहतर निर्णय ले पाएंगे।

## काम के दौरान माइक्रो ब्रेक हैं जरूरी



आजकल हर कोई काम के दबाव में रहता है, जिसकी वजह लंबे समय तक लगातार काम करना एक सामान्य स्थिति बन गई है। दरअसल जब हम बिना ब्रेक के लगातार लंबे समय तक काम करते हैं, तो इससे थकान उत्पन्न होती है, जो संभावित रूप से हमारी नींद की गुणवत्ता और समग्र स्वास्थ्य पर असर डालती है। यह न केवल पेशेवर जीवन में प्रभावशीलता को कम करता है, बल्कि यह हमारे व्यक्तिगत जीवन को भी प्रभावित कर सकता है। ऐसे में आप माइक्रो ब्रेक को एक स्थायी कार्य अभ्यास का हिस्सा बना सकते हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य, नौकरी की संतुष्टि को बढ़ाता है और बर्नआउट को रोकता है।

**क्यों जरूरी है ब्रेक**

शारीरिक रूप से, थकान को रोकने और कम करने के लिए ब्रेक लेना बेहद जरूरी है। यह न केवल नए तनाव को कम करता है, बल्कि पुराने तनाव को भी दूर करता है। चूंकि ब्रेक लोगों को पुरानी चीजों को भूलने और ध्यान बनाए रखने मदद करता है। इसके माध्यम से आप टीम और संगठन को भी लाभ पहुंचा सकते हैं। आप चाहे तो, ब्रेक के दौरान अपने सामाजिक-सांस्कृतिक रिश्तों को भी मजबूत कर सकते हैं।

**इसे कैसे लें?**

ब्रेक लेना मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि ब्रेक की अवधि लंबी हो। आप चाहें तो छोटे-छोटे ब्रेक ले सकते हैं, यहां तक कि कुछ मिनटों तक चलने वाले माइक्रो ब्रेक भी थकान को काफी कम कर सकते हैं और ध्यान में मदद कर सकते हैं। हालांकि कई छोटे ब्रेक, एक लंबे ब्रेक के समान प्रभावी हो सकते हैं। शारीरिक गतिविधि वाले ब्रेक, जैसे कि थोड़ी देर टहलना आपको ठीक होने और ऊर्जावान, उत्पादक स्थिति में लौटने का सबसे अच्छा मौका देते हैं। आप चाहें तो तनाव को कम करने के लिए माइंडफुलनेस व्यायाम भी कर सकते हैं।

**फेस टाइम को कम करें**

ब्रेक को सामान्य रूप में देखें और उसका समर्थन करें। अन्य लोगों को भी बिना किसी डर या हिचकिचाहट के ब्रेक लेने के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही फेस टाइम को कम करने की सलाह दें। इससे आप अपने साथियों को काम के दबाव से बचा सकते हैं। यदि आप एक टीम लीडर हैं, तो अपनी टीम पर भरोसा रखें कि उन्हें मालूम है कि उनके लिए काम से ब्रेक लेना कब लाभदायक हो सकता है। दबावों के प्रति लचीलापन बढ़ा सकते हैं।

**छोटे-छोटे ब्रेक लेने के लाभ**

जब हम बिना पर्याप्त ब्रेक के लगातार लंबे समय तक काम करते हैं, तो थकान बढ़ सकती है, जो संभावित रूप से हमारी नींद की गुणवत्ता और समग्र स्वास्थ्य को बाधित कर सकती है। यह न केवल हमारे पेशेवर जीवन में हमारी प्रभावशीलता को कम करता है, बल्कि यह हमारे व्यक्तिगत जीवन को भी प्रभावित कर सकता है। माइक्रो ब्रेक एक स्थायी कार्य अभ्यास का हिस्सा बन सकते हैं जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, उत्पादकता , नौकरी की संतुष्टि को बढ़ाता है और बर्नआउट को रोकता है।

**मानसिक स्वास्थ्य**

कार्यदिवस के दौरान नियमित रूप से सूक्ष्म ब्रेक लेने से मानसिक स्वास्थ्य को लाभ मिलता है, क्योंकि इससे आपको आराम और तनावमुक्ति के क्षण मिलते हैं। इससे तनाव और मानसिक थकान के प्रभावों से निपटने में मदद मिल सकती है, जिससे चिंता और अवसाद की स्थिति पैदा होती है। काम से जुड़े कामों से थोड़ी देर के लिए भी दूर रहने से आप अपने दिमाग को शांत कर सकते हैं, अपने मूड को बेहतर बना सकते हैं और कार्यस्थल के दबावों के प्रति लचीलापन बढ़ा सकते हैं।

## सफल टीम लीडर बनने के लिए अपनाएं ये व्यावहारिक सुझाव

कार्यस्थल पर काम करने वाले प्रबंधक कई बार नेतृत्व के साथ-साथ अपनी टीम के सदस्यों के प्रति सहानुभूति दिखाने को जहमत तक नहीं उठा पाते हैं। इससे कर्मचारियों के बीच बर्नआउट बढ़ता है। साथ ही उनका मनोबल भी कमजोर पड़ने लगता है। इसलिए उनके मनोबल को बढ़ाने और कार्यस्थल पर एक सकारात्मक संस्कृति बनाएं रखने के लिए एक ऐसे प्रबंधक की जरूरत होती है, जो अपनी टीम के प्रति सहानुभूति रखे। यदि आप भी किसी टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, तो एक अच्छे लीडर के रूप में आपको सहानुभूति जैसे कौशल को विकसित करने का अभ्यास करना चाहिए। यहां कुछ तरकीबें बताई गई हैं, जो आपके भीतर सहानुभूति रखने के गुण को विकसित करने में मदद करेंगी।




**सहानुभूति दिखाएं**

एक अच्छे लीडर के रूप में आपको अपने संगठन या टीम के लिए सहानुभूति की साझा समझ विकसित करनी चाहिए। सहानुभूति को विकसित करने के लिए यह विचार करें कि आपकी यह खूबी आपके काम में मूल्य कैसे जोड़ सकती है या आपने जी कार्यस्थल में सस्कृति बनाई है, यह उसे कैसे सकारात्मक रूप में प्रभावित कर सकती है। साथ ही सहानुभूति दिखाने के लिए यह भी सुनिश्चित करें कि पेशेवरों की जरूरतें भी पूरी होती रहें।

**एक अच्छा श्रोता बने**

अपने सहकर्मियों को ध्यान से सुनना और उनकी समस्या को हल करना भी सहानुभूति को दर्शाता है। इसलिए पहले एक अच्छा श्रोता बने और उन्हें यह विश्वास दिलाएं कि आप उनकी बात को अहमियत दे रहे हैं। साथ ही बगैर उन्हें परखें उनकी पूरी बात इत्मीनान से सुने। इसके अतिरिक्त टीम के सहकर्मियों में रुचि जगाने और उन्हें करियर में आगे बढ़ने के मदद के लिए तैयार रहे लिए प्रोत्साहित करें।

**मदद के लिए तैयार रहे**

यदि आप अपनी टीम के सदस्यों के प्रति सहानुभूति दिखाना चाहते हैं, तो उन्हें नियंत्रित करने के बजाय उनसे पूछें कि मैं आपको कैसे मदद कर सकता हूं। जब आप उनकी परेशानी को जान लें, तो उन्हें समर्थन देते हुए उनकी सहायता करने का प्रयास करें। इस व्यवहार से आप अपनी टीम के सदस्यों का दिल जी पाएंगे। इससे आपकी टीम को प्रेरणा मिलेगी और कार्यस्थल में भी एक खुशहाल माहौल बना रहेगा।

**अपना लहजा सहज बनाएं**

सहानुभूति को व्यक्त करने के लिए आपके बात करने के लहजे में सहजता होनी चाहिए। खासतौर पर यदि कोई व्यक्ति अपनी भावनाओं और अनुभवों को आपसे साझा करता है, तो उससे कहें, मैं जानता हूं, इस वक्त आप कैसा महसूस कर रहे होंगे। साथ ही उसे प्रेरित करने के लिए अपने अनुभवों को भी साझा करें और उसे बताएं आपने अपने मुश्किल वक्त में चुनौतियों का किस साहस से सामना किया था।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**बुधवार, 14 मई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते बसंत ऋतौ ज्येष्ठ मासोमते कृष्ण पक्षे द्वितीया तिथौ बुध वासरे 26/30/ अनुराधा नक्षत्रे 11/47/ परिध योग 06/34/ तैतिल करणे 13/33/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** देवर्षि नारद जयंती। वीणादान।

**मेष-** मनोरंजन पर व्यय होगा। खर्चो में कमी रहेगी। प्रभावी व्यक्तियों से भेट होगी। व्यवसाय में सावधनी से कदम उठाएं।

**वृष-** श्रेष्ठ जनों का सहयोग रहेगा। रुके धन की प्राप्ति होगी । मित्रों का सहयोग रहेगा। घरेलू सुख उत्तम रहेगा।

**मिथुन-** परिश्रम से अधूरे कार्य पूरे हो जाएंगे। किसी विदेशी से मित्रता की वजह से लाभदायक कार्य की व्यवस्था संभव है।

**कर्क-** रुके धन की शप्ति होगी। कारोबारी प्रगति होगी। स्वजन हित पीड़ा देंगे। निजी कार्यो में प्रगति होगी। प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह-**रचनात्मक प्रवृत्ति बढ़ेगी । अधीनस्थों से उपेक्षा थों से उपेक्षा मिलेगी। वाणिज्यिक कार्यो पर व्यय बढ़ेगा बढ़ेगा। आस्था बढ़ेगी।

**कन्या-** कार्य अपूर्ण रहेंगे। कामना पूर्ति में गयाएँ आएंगी वाद-विवाद टालें। स्वजन स्वास्थ्य चिंता रहेगी। आएंगी । व्यय बढ़ेगा।

**तुला-** परिश्रम से अधूरे कार्य पूरे हो जाएंगे। परिवार में कलेश और तनाव से बचने की कोशिश करें।

**वृश्चिक-** उच्च वर्गीय सहयोग मिलेगा । घरेलू कामों में व्यस्त रहेंगे। परिश्रम का पूर्ण लाभ मिलेगा। लाभ मार्ग प्रशस्त रहेगा।

**धनु-**आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। निजी प्रेम में वृद्धि होगी। यात्रा देशाटन का लाभ होगा।

**मकर-** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

**कुंभ-**सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक योजनाओं में पूंजी निवेश कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र का वातावरण तनावपूर्ण रहेगा।

**मीन-** मित्रों के साथ मतभेद हो सकता है। शांतिपूर्ण कार्य करना ही लाभकारी रहेगा। परिश्रम करना पड़ेगा।

# जालौन ललितपुर, झांसी

## विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति आज करेंगी समीक्षा बैठक-सीडीओ

**ललितपुर।** मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति आज जनपद आ रही हैं व समिति के द्वारा प्रातः 10 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की जाएगी, जिस हेतु समस्त सम्बंधित अधिकारियों को अनिवार्य रुप से वांछित सूचनाओं सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिये गए हैं।

## खबर एक नज़र

### नेहरो के समयबद्ध रहते तालाबों में भरवाये पानी: बीडीओ प्रशांत कुमार



**रामपुरा :** जानकारी देते खंड विकास अधिकारी ।

**रामपुरा (जालौन)।** आज खंड विकास अधिकारी प्रशांत कुमार यादव ने बताया कि- भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए सचिवो को कड़े निर्देश दिये है। जो ग्राम पंचायतो में तालाब बने है चाहे वो अमृत तालाब हो या साधारण तालाब सभी ग्राम पंचायतों के तालाबों में भरपूर्ण मात्रा में पानी भरवाया जाए स समाचार पत्र के जरिये सचिव एवं प्रधान को निर्देशित किया है। नहरो में पानी छोड़ दिया गया हैं समय रहते हुए सभी तालाबों में पानी पर्याप्त मात्रा में भरवा दे स जिससे भीषण गर्मी के मौसम में जीव-जन्तु एवं पशु-पक्षियो को पानी की दिक्कत ना हो स उन्होने बताया कि जीरो प्रोपर्टी, प्रधानमंत्री आवास योजना को समय अवधि 15 मई तक है। सचिवों को निर्देशित कोई भी पात्र लाभार्थी सेल्फसर्वे से वंचित ना रह जाये स खंड विकास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य योजना के ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुके हैं। जिसके अंतर्गत अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा ले एवं उन्होने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में विशेष बृहद् सघन वृक्षारोपण कराया जाएगा स जिसके अंतर्गत विकास खंड रामपुरा के तहत सात गांवों में लगभग 5000 पौधो का रोपण किया जाएगा। इन पौधो को लगाने के लिए विशेष तकनीक का उपयोग किया जाएगा स जिससे पौधे जल्दी विकसित हो सके स इन पौधो संरक्षण एवं बचाव के लिए गांव के लोगों को भी प्रेरित किया जाएगा जिससे पौधो को कोई हानि ना हो सके ।

### अवैध खनन करते हुए ट्रैक्टरों को एसडीएम ने पकड़ा



**कोंच :** मिट्टी से भरा टेक्टर पकडा एसडीएम ने ।

कोंच'(जालौन)। अवैध खनन नगर में कोई नई बात नहीं है यह सिलसिला काफी समय से चलता चला आ रहा है और चलता रहेगा बस गाहे बगाहे प्रशासन द्वारा कार्यवाही कर दी जाती है। लेकिन अवैध खनन के विरुद्ध ठोस कदम नहीं उठाया जाता है ऐसी ही कार्यवाही उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद ने दिन मंगलवार को पंचानन चौराहे के पास बिना प्रपत्रों के मिट्टी से भरे हुए दो ट्रैक्टरों को पकड़ लिया और उन्हें खेड़ा चौकी प्रभारी संतराम कुशवाहा को सुपुर्द कर दिया तथा खनन अधिकारी को पत्र लिखकर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही के लिये पत्राचार किया।

### मुस्कान हॉस्पिटल के पीछे सत्य साईं आई टी आई कॉलेज के पास मिली व्यक्ति की लाश

**उरई ;जालौनद्ध!** सुबह एक व्यक्ति द्वारा उरई कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई कि जालौन रोड मुस्कान हॉस्पिटल के पीछे सत्य साईं आई टी आई कॉलेज के पास एक अज्ञात व्यक्ति की डेड बॉडी खेत में पड़ी हुई है फोन का संज्ञान लेकर कोतवाली प्रभारी उरई अरुण कुमार राय तत्काल फोर्स को लेकर मौके पर पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति की तलाशी ली गई तो उनके उसके पास एक कीटनाशक दवाई की डिब्बी मौके पर पाई गई जिससे पता चला कि व्यक्ति ने जहर खा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली मौके पर फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर संकलन इकठ्ठा किया और जांच के लिए भेज दिया जब पुलिस ने मृत व्यक्ति की पहचान करवाई तो पास में ही रह रहे एक व्यक्ति ने मृत व्यक्ति की पहचान सुनील कुमार द्विवेदी के रूप मे की जो कि मुस्कान हॉस्पिटल के सामने इनका घर बताया गया मौके पर मृत व्यक्ति के घर पर सूचना पहुंचाई गई तो मृत व्यक्ति के पुत्र वैभव द्विवेदी ने अपने पिता सुनील कुमार द्विवेदी पिता साधु राम द्विवेदी ए उम्र 52 वर्षए ग्राम हरकौतीए हाल पता सुशील नगर मुस्कान हॉस्पिटल के सामने के रूप में पहचान की जब पुलिस ने मृत व्यक्ति के पुत्र से पूछताछ की तो पुत्र ने बताया कि सुबह 6..7 बजे के लगभग घर से निकले थे और वो कुछ दिन से हाउस लॉन का मानसिक तनाव था।

### सीएम डैशबोर्ड राजस्व विभाग के कार्यक्रमों में जनपद को मिला प्रदेश में प्रथम स्थान



**ललितपुर।** सीएम डैशबोर्ड के अन्तर्गत राजस्व विभाग से सम्बन्धित बिन्दु शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है, राजस्व विभाग के 47 बिन्दु सीएम डैशबोर्ड में सम्मिलित है, जिसमें आईटी एवं इलैक्ट्रॉनिक्स विभाग के अन्तर्गत राईट ऑफवे प्रोजेक्ट में माह अप्रैल में जनपद का रैंक प्रथम है व आबकारी विभाग के अन्तर्गत उत्पन्न राजस्व बनाम लक्ष्य प्रोजेक्ट में जनपद का रैंक प्रथम है व कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार के अन्तर्गत मण्डी आय एवं मण्डी आवक प्रोजेक्ट में जनपद को 10 में से 10 अंक प्राप्त हुये है एवं जनपद का रैंक 10वां है व भूतत्व एवं खनिकर्म के अन्तर्गत आईएमएसएस के अनुसार प्रवर्तन कार्य में प्रोजेक्ट में जनपद का रैंक प्रथम हैं, इसी प्रकार राजस्व विभाग के अन्तर्गत ई-खसरा, कृषि भूमि से गैर कृषि, अधिवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, एकीकृत आपदा प्रबन्धन प्रणाली, एण्टी भू-माफिया, जाति प्रमाण पत्र, धारा-89, सोल्वेन्सी सर्टिफिकेट, मुख्यमन्त्री विवेकाधीन कोष एवं भूलेख प्रोजेक्ट में भी जनपद का स्थान प्रथम रहा है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव नोडल अधिकारी सीएम डैशबोर्ड द्वारा माह अप्रैल में जिन अधिकारियों की प्रगति शून्य पायी गयी, सम्बन्धित सभी अधिकारियों को माह अप्रैल में चेतावनी व स्पष्टीकरण जारी किये गये तथा मण्डी सचिव एवं लाईजनिंग अधिकारी राकेश त्रिपाठी डूडा विभाग का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित किया गया। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश के क्रम में सम्बन्धित सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि अपने प्रोजेक्ट से सम्बन्धित बिन्दु में प्रतिमाह सुधार करना सुनिश्चित करें व इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी एवं जिलाधिकारी द्वारा निरन्तर इस बात पर बल दिया जा रहा है कि राजस्व विभाग से सम्बन्धित बिन्दुओं का त्वरित निस्तारण किया जाये, ताकि आमजनमानस को इसका अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। सीएम डैशबोर्ड के नोडल अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया कि माह अप्रैल में राजस्व विभाग से सम्बन्धित जिन बिन्दुओं में जनपद का रैंक प्रदेश में 15 से अधिक है, सम्बन्धित समस्त अधिकारी अपने से सम्बन्धित बिन्दु में सुधार करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा नोडल सीएम डैशबोर्ड अंकुर श्रीवास्तव एवं उनकी टीम में सम्मिलित अंशुल खरे ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के कार्यों की प्रशंसा की है एवं प्रदेश में जनपद की स्थिति निरन्तर यथावत रहे के निर्देश दिये गये हैं।

## सड़क सुरक्षा व स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूकता के लिए विशेष शिविर का आयोजन




**उरई :** चालकों व परिचालकों का जागरूक करते एआरटीओ ।

**उरई(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार जनपद में सड़क सुरक्षा एवं चालक स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर आज एक महत्त्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरस्वती ज्ञान मन्दिर इंटर कॉलेज बघौरा और एट टोल प्लाजा पर आयोजित इस शिविर में चालकों व परिचालकों के स्वास्थ्य, नेत्र और मधुमेह ब्लड शुगर की जांच की गई। शिविर में सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज बघौरा, डिवाइन मर्सी क्रिश्चियन स्कूल, रोज वेली पब्लिक स्कूल, दिशा दर्शन स्मार्ट स्कूल उरई सहित विभिन्न विद्यालयों के वाहन चालकों व परिचालकों ने प्रतिभाग किया। स्वास्थ्य परीक्षण की जिम्मेदारी डा. अखिलेश कुमार चिकित्साधिकारी, ज्योति सिंह ऑप्टोमेट्रिस्ट, सोमवती स्टाफ नर्स व हरिश्चंद्र लैब टेक्नीशियन ने सफलतापूर्वक निभाई। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश कुमार, यातायात प्रभारी बीर बहादुर सिंह, कॉलेज प्रबंधक शिवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य कमलेश सिंह, सद्भावना एकता मंच के अध्यक्ष लक्ष्मण दास बबानी, रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य महावीर तरसौलिया, समाजसेवी अब्दुल अलीम खान, ममता स्वर्णकार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं एट टोल प्लाजा पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित शिविर में 51 चालकों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 4 चालकों को चश्मा लगाने व 6 को ब्लड शुगर नियंत्रण में रखने की सलाह दी गई। इस कार्यक्रम में पाथ इंडिया लिमिटेड के मुख्य परियोजना प्रबंधक सुल्तान अहमद खा, टीम लीडर एस.के. श्रीवास्तव, सेमरी टोल प्लाजा से आरिफखान, ऐट टोल प्लाजा से के.के. शुक्ला, स्वास्थ्य विभाग से कमलेश राजपूत, डॉ. चंद्रशेखर, कंचन, डॉ. राहुल सिंह, राजेश कुमार निरंजन, वीरेंद्र चतुर्वेदी, शिव मोहन, श्याम जी तिवारी व अन्य प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। राजेश कुमार एआरटीओ ने उपस्थित छात्र-छात्राओं और चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया। उन्होंने सभी से अपील की कि वाहन चलाते समय हेलमेट-सीट बेल्ट का प्रयोग करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, मोबाइल फोन का प्रयोग न करें और दुर्घटना के समय घायलों की सहायता जरूर करें। कार्यक्रम का समापन उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए व सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाकर किया गया।

## राज्य कर की बकाया वसूली को लेकर जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश




**उरई :** बैठक करते डीएम व अन्य ।

**उरई(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य कर वाणिज्य कर विभाग की बकाया वसूली को लेकर समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित आरसी की वसूली में तेजी लाई जाए और शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने जालौन, उरई, कालपी, कोंच व माधौगढ़ तहसीलों के उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सभी डिफॉल्टरों की जांच कर उनकी चल-अचल संपत्तियों को चिन्हित करते हुए कुर्की की कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि समयबद्ध ढंग से कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी, उपायुक्त राज्य कर अमित कुमार यादव आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एसडीएम ने विशेष नाला सफाई अभियान का किया स्थलीय निरीक्षण

**कालपी(जालौन)।** नगरीय क्षेत्र में जलभराव तथा गंदगी की समस्या को निपटाने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी तथा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने घूम-घूमकर नाला-नालियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान नगरीय क्षेत्र के दो मुख्य नालों तथा 11 छोटे नालों को साफ करने के लिए विशेष अभियान की हकीकत को देखा।



**कालपी :** विशेष नाला सफाई अभियान की हकीकत परखते एसडीएम ।

उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के साथ छंगे आश्रम के समीप नाला सफाई अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंनें बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप नालों का विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए सफाई प्रभारी शिशुपाल सिंह यादव पप्पी के नेतृत्व में दर्जन भर सफाई कर्मचारी विशेष अभियान में तैनाती की गई है। दरअसल मुख्य दोनों नाले नगरीय क्षेत्र के बीच से होकर निकलते हुए यमुना नदी में गिरते हैं। कई स्थानों में नलों में पानी की रुकावट उत्पन्न हो जाती है।

लगभग 2-2 किमी. लंबे नालों को प्रथम चरण में सफाई की जा रही है। नाला सफाई अभियान पूरी तरह से 15 जून के पहले पूरा कर लिया जायेगा। विदित हो कि सफाई प्रभारी शिशुपाल सिंह यादव की मौजूदगी में रामचबूतरा, नई बस्ती, खानकाह शरीफके पास मुख्य नालों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कई स्थानों में जेसीबी मशीन के माध्यम से भी स्वच्छता अभियान किया गया।

अभियान के अंतर्गत पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव भी नाला सफाई अभियान का निरीक्षण कर चुके हैं। उन्होंने कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 5 लोग घायल, भर्ती

**कालपी(जालौन)।** अलग-अलग दो सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार दो युवक 22 वर्षीय अंकित सिंह पुत्र शिवराम सिंह ग्राम अमराहट कानपुर देहात तथा 40 वर्षीय देवेंद्र निवासी ग्राम बैरई कालपी बीती रात को न्यामतपुर से लौट रहे थे। तभी गोरा पुल के निकट बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे अंकित तथा देवेंद्र गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया। चिकित्साधिकारी डा. विशाल सचान ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला चिकित्सालय उरई के लिए रिफर कर दिया गया। इससे पहले सड़क दुर्घटना घायल तीन लोगों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जिसमें 24 वर्षीय शिवम सिंह पुत्र कुँवर सिंह, 20 वर्षीय शंकर पुत्र हरिशंकर तथा 22 वर्षीय सतीश पुत्र जगत निवासीगण बरदौली थाना कालपी का चिकित्सक डा. विशाल सचान तथा डा. शेख शहरयार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### कलयुगी पुत्र ने पिता की कर दी मारपीट दर दर भटकने को मजबूर हुआ पिता

कोंच(जालौन)। समय का पहिया कब किसे कहां ले जाये यह कहा नहीं जा सकता क्योंकि कलयुग अपना असर दिखाने लगा है और इस कलयुग में एक पुत्र ने गलत आचरणों के चलते अपने ही पिता की मारपीट कर दी और उन्हें घर से बेघर कर दिया अब वह दर दर भटक रहा है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कौशलपुर का है जहां मुन्ना उर्फ जगमोहन पुत्र राधे श्याम ने गलत आचरण के चलते दिनांक 12 मई 2025 की शाम को अपने पिता राधे श्याम की मारपीट कर दी और जो भी बचाने आया उक्त ने उसे भी मारापीटा जब इसकी जानकारी ओम नारायण को हुई तो उन्होंने डायल 112 पुलिस को सूचना दी लेकिन पुलिस के आने के पहले ही मुन्ना भाग गया और पुलिस के जाते ही घर आ धमका और जान से मारने की धमकी देते हुए पिता व भाई ओम नारायण की पत्नी व बच्चों को घर से निकाल दिया और घर में घुसने नहीं दे रहा है ऐसे में पूरा परिवार मुन्ना के भय के कारण रिश्तेदारों के यहां शरण लिए हुए है वहीं ग्राम में बेजुबान जानवर भी भूखे प्यासे बंधे हुए हैं जिन्हें देखने वाला कोई नहीं है।

उक्त के सम्बंध में मुन्ना के भाई ओम नारायण ने दिन मंगलवार को कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए अपनी सुरक्षा की गुहार लगाते हुए घर मे प्रवेश दिलाये जाने की मांग की है जिस पर पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच में जुट गई है।

## एसडीएम ने गौशाला का निरीक्षण कर जिम्मेदारों को निर्देश दिये

**कालपी(जालौन)।** भीषण गर्मी के मौसम में गौवंशो की हकीकत परखने के लिये उपजिलाधिकारी ने नगर पालिका द्वारा संचालित आलमपुर गौशाला का औचक निरीक्षण। इस दौरान परिसर में गौवशो के लिए पानी तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिये निर्देश दिए।



**कालपी :** निरीक्षण के दौरान एसडीएम तथा ईओ

बीती शाम को नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के साथ औचक ढंग से एसडीएम सुशील कुमार सिंह कालपी नगर की आलमपुर गौशाला पहुंचे। एसडीएम ने गौशाला में हरे चारा की उपलब्धता देखकर सुनिश्चित हुये। चोकर, दाना तथा भूसे का स्टॉक व रखरखाव का निरीक्षण किया। परिसर में मौजूद दो सैकड़ा गौवंशो की गणना करके अभिलेखों से मिलान किया। पानी तथा प्रकाश व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी में मौजूद कर्मियों को निर्देश दिए कि परिसर में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए गायों के लिये छायादार टिन सैंड के ऊपर गर्मी से निजात दिलाने के लिये जूट के बोरों के बिछे होने की बेहतरीन इंतजाम पर संतोष जताया। गौवंशो की ठंडक तथा गर्मी से राहत के लिये चलने वाले 11 सीलिंग पंखे तथा आनलाइन सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद कालपी के जिम्मेदार कर्मचारियों के अलावा केयर टेकरो की मौजूदगी रही।उन्होंने ने कहा कि गौशाला का गर्मी के मौसम में निरंतर निरीक्षण किया जाएगा इसलिए व्यवस्था में किसी भी तरीके की उदासीनता ना बरती जाए।

## कांग्रेसियों ने शहीद हुए वीर जवानों और निर्दोष नागरिकों को मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि'

**कोंच(जालौन)।** भारत-पाक सीमा पर आतंकी घटनाओं में शहीद हुए वीर जवानों व निर्दोष नागरिकों की स्मृति में कांग्रेस नगर इकाई द्वारा सरोजिनी नायडू पार्क स्थित शहीद स्थल पर एक भावपूर्ण श्रद्धांजली कार्यक्रम आयोजित किया गया।



**उरई :** शहीदों का श्रद्धाजलि देते कांग्रेसी ।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने मोमबत्ती जलाकर देश की रक्षा में बलिदान हुए सैनिकों और आतंकी हमलों में मारे गए 28 निर्दोष नागरिकों को याद किया।

इस अवसर पर 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूरष् में कई वीर जवान व आम नागरिक शहीद हो गए कांग्रेस पार्टी के आवाहन पर आज पूरे प्रदेश भर में ष्एक दीपक शहीदों के नामष्कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।इस परिपेक्ष में आज हम तमाम कांग्रेसजन यहां इकट्ठा होकर उन शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।वरिष्ठ कांग्रेसी रामकिशोर पुरोहित ने कहा कि शहीद जवानों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का खात्मा तथा देश के आवाम की सुरक्षा की गारंटी के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति का होना बहुत जरूरी है। में नमन करता हूँ उन सैनिको को जिन्होंने देश की सुरक्षा के दरम्यान अपने प्राणों की आहुति दी। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी रामकिशोर पुरोहित ललिया कासिम अहमद सरताजुद्दीन व बबलू शर्मा सहित स्थानीय पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों की आत्मशांति की कामना करते हुए देश की एकता व अखंडता के लिए समर्पण का संकल्प लिया।

## नवीन पर्यटन नीति के प्रचार प्रसार हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव ने जिले में नवीन पर्यटन नीति 2022 के प्रचार प्रसार को लेकर एक दिवसीय पर्यटन नीति कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया। कार्यशाला में लखनऊ से केपीएमजी टीम ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के द्वारा पर्यटन नीति के अंतर्गत चिन्हित गतिविधियों होटल, बजट होटल, वेलनेस सेंटर, स्टार वर्गीकृत होटल, हेरीटेज होम स्टे, फार्म स्टे, साहसिक पर्यटन परियोजना, मौसमी अस्थायी शिविर, कन्वेंसम सेंटर, कारवाँ पर्यटन ईकाइया, ईको पर्यटन रिजॉर्ट, प्रकाश एवं ध्वनि शो, स्थायी तंबू आवास, धर्मशालाओं एवं आश्रम, सार्वजनिक संग्रहालय, ग्रामीण गृह प्रवास, थीम पार्क व मनोरंजन पार्क वाटर पार्क, पर्यटन सेवा प्रदाता एवं ढाबे आदि में निवेश करने पर प्रोत्साहन व सब्सिडी छूट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें बताया गया कि 10 लाख से 10 करोड़ तक 25 प्रतिशत सब्सिडी, 10 करोड़ से अधिक तथा 50 करोड़ तक 20 प्रतिशत, 50 करोड़ से अधिक तथा 200 करोड़ तक 15 प्रतिशत, 200 करोड़ से अधिक तथा 500 करोड़ तक 10 प्रतिशत एवं 500 करोड़ से अधिक पर 10 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी एवं निवेशकों को पर्यटन विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराये जाने को प्रोत्साहित किया गया।




बैठक में डिस्ट्रिक्ट कोआर्डीनेटर के माध्यम से होम स्टे के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व होम स्टे के तहत पर्यटन क्षेत्रों के आसपास व्यक्तिगत घरों में कम से कम 2 और अधिक से अधिक 6 कमरों को टूरिस्टों के लिए तैयार रखा जाता है, जिस हेतु पोर्टल पर पंजीकरण कराना होता है, अब तक 22 होम स्टे रजिस्टर किये जा चुके हैं, इसके उपरान्त वे साईड अमेनिटी हेतु भूमि का प्रस्ताव, जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक गई, जिसमें वित्तीय वर्ष 25-26 में नई कार्य योजना के निर्माण हेतु, जनपद में संचालित हो रहे निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण प्रस्ताव, जनपद के जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा की गई, जिसमें भूमि को क्लियर करते हुए पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण प्रस्ताव को वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्य योजना में प्रस्तावों को प्रस्तावित करने के निर्देश दिए गए एवं पर्यटन विभाग द्वारा कार्यदायी संस्थाओं यूपीसीएलडीएफ यूपीएसटीडीसी एवं यूपीपीसीएल को टाइम बाउन्ड एवं गुणवत्ता के साथ कार्य कराये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कमला कान्त पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, उपायुक्त उद्योग अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अन्य अधिकारी तथा जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सदस्य धर्मेन्द्र गोस्वामी, हरीराम निरंजन, रवींद्र दिवाकर प्रधान प्रतिनिधि नाराहट आदि मौजूद रहे।

## पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्म श्री उपाधियों के लिए आवेदन आमंत्रित

दस जून तक करें साइटेशन जमा-डीएम

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि विगत वर्षो की भांति आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री की उपाधियां भारत सरकार द्वारा दी जानी है। आगामी वर्ष 2026 हेतु भारत सरकार द्वारा उक्त उपाधियों के ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गई है, जिसके फ्लस्वरुप विभिन्न क्षेत्रों यथा कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और प्रोद्योगिकी, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, सिविल सेवा, खेल एवं अन्य में विशिष्ट एवं उत्कृष्ट, योगदान एवं सेवा से सम्बंधित महानुभाव, महानुभावों के बारे में संस्तुतियां राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन भारत सरकार को भेजी जानी है, अतः उक्त क्षेत्रों से सम्बंधित महानुभाव अपना साइटेशन दो प्रतियों में समस्त वांछित संलग्नकों सहित 10 जून तक जिला सूचना कार्यालय में उपलब्ध करा दें। साइटेशन राईटअप के रूप में अधिकतम 800 शब्द व 5000 अक्षर होना चाहिए। साइटेशन में समाज के कल्याण के लिए किए गए कार्यों, समाज सेवा कार्यों को भी उजागर किया जा सकता है, साथ ही राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय पुरस्कारों, यदि कोई हों या कोई अन्य महत्वपूर्ण तथ्य का विवरण भी दें सकते हैं। आवेदन का प्रारुप जिला सूचना कार्यालय में उपलब्ध है।







## समर्पण दिवस समागम का हुआ आयोजन

**हमीरपुर।** आज संत निरंकारी सत्संग भवन रमेड़ी तरौस हमीरपुर में सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की स्मृति में वार्षिक समर्पण दिवस समागम मनाया गया। युगदृष्टा सतगुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज का जीवन मानव कल्याण को समर्पित था। समागम की अध्यक्षता संयोजक महात्मा क्रांति कुमार निरंकारी ने की। इस समागम में सैकड़ों निरंकारी भक्त उपस्थित रहे। जिला संयोजक क्रांति कुमार निरंकारी ने बताया कि सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी प्रेम एवं करूणा की सजीव मूरत थे। मानव कल्याण के लिए समर्पित और शांति से भरे विश्व की परिकल्पना को साकार करने वाले सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने मानव मात्र को जीवन भर केवल प्रेम और शांति का पाठ पढ़ाया और संपूर्ण मानव जाति को एकत्व की जागरूकता प्रदान करते हुए विश्व में आदर्श समाज की स्थापना की। अपने जीवन के अंतिम स्वास तक सतगुरु बाबा जी इसी पवित्र उद्देश्य की पूर्ति के लिए निरंतर प्रयासशील रहे। आध्यात्मिक जागरुकता के अतिरिक्त समाज कल्याण की गतिविधियों में सतगुरु बाबा जी ने अपना सकारात्मक योगदान दिया। जिसमें रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जाँच शिविर, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, इत्यादि जैसी परियोजनाएं अहम है। उनके अमूल्य योगदान के फलस्वरूप मिशन को विश्व स्तर पर ख्याति के साथ-साथ अनेक पुरस्कारों द्वारा भी सम्मानित किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निरंकारी मिशन को सामाजिक एवं आर्थिक परिषद के सलाहकार रूप में मान्यता भी प्राप्त हुई। वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज युगदृष्टा सतगुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज के सत्य संदेश के सुंदर सपने को साकार करते हुए उसे जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्रयासरत है। जिनसे करोड़ों निरंकारी भक्त प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन को सार्थक बना रहे है। इस समर्पण दिवस समागम पर हमीरपुर नगर के साथ-साथ सुमेरपुर, ककरऊ, हमिरामऊ, कलौलीतीर एवं अन्य स्थानों से आए सैकड़ों श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान डीएम का पारा हुआ हाई

- **नाराजगी जताने के साथ कई अधिकारियों का किया जवाब तलब**
- **सीएम डैशबोर्ड से संबंधित कार्यों की डीएम ने की समीक्षा**

**बाँदा।** जिलाधिकारी जे0 रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से सम्बन्धित कार्यों की तथा कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी जे0 रीभा ने नेडा, उद्यान, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, पशुधन तथा महिला एवं श्रम विभाग में ए प्लस श्रेणी प्राप्त होने पर अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विकास कार्यों को तेज गति से कराकर इसी प्रकार से जनपद की रैकिंग में सुधार लायें। उन्होंने सेतुओं के निर्माण की समीक्षा करते हुए बॉदा बाईपास एवं पैलानी गौरी मार्ग पर निर्माण किये जा रहे सेतुओं के निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के प्रति सड़क निर्माण एवं सड़क अनुरक्षण कार्यों में देरी होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित यूपी पीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर, अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी तथा आरएनडीएस के प्रोजेक्ट मैनेजर के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को डीएम कालोनी में अतिक्रमण/कब्जा करने वालों के विरूद्ध नोटिस जारी करते हुए कब्जा हटाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में प्रगति खराब पाये जाने पर जीएम डीआईसी के विरूद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्माण कार्यों हेतु निर्देश दिये कि कार्यों के भौतिक प्रगति के साथ वित्तीय प्रगति में भी समानता होनी चाहिए। उन्होंने राजकीय निर्माण निगम के द्वारा ट्रांजिट हास्टल के कार्य में लिफ्ट लगाने के कार्य में विलम्ब होने पर चेतावनी देते हुए एक माह में कार्य को प्रत्येक दशा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को बबेरू में सब स्टेशन एवं लाइन डालने के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने, पर्यटन विकास निगम द्वारा भूरागढ किले में पर्यटक सुविधा बढाये जाने के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने तथा रनगढ किले के कार्य में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये। आवास विकास परिषद



बांदा : बैठक लेती जिलाधिकारी जे0 रीभा ।

द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज बॉदा में निर्माण कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिये। उन्होंने सीडीओ को कार्य का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिये। विधि विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराये जाने तथा जल निगम शहरी एवं जल निगम ग्रामीण को निर्माण कार्यों को वर्षा से पूर्व तेजी के साथ कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बॉदा तिन्दवारी रोड के रिन्यूवल का कार्य शीघ्र करने तथा राजकीय हाईस्कूल इन्दुआ का कार्य शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आंत्रिक रोड का निर्माण तथा राजकीय हाईस्कूल अमलीकौर के कार्य की गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश कार्यदायी संस्था यूपीसिडको के अधिकारियों को दिये। राजीकय पॉलीटेक्निक नरैनी एवं छाबी तालाब के अवशेष कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, जिला विकास अधिकारी रामशंकर, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सी.बी.एस.सी बोर्ड के रिजल्ट आने पर शांति धाम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं ने मारी बाजी





**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**अतर्रा बांदा।** आज दिन मंगलवार को सीबीएससी बोर्ड का रिजल्ट आया जिसमें शांतिधाम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं में हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट के लगभग दो दर्जन से ज्यादा छात्र छात्राओं ने श्रेष्ठतम अंक हासिल किए। शांतिधाम स्कूल के प्रधानाचार्य स्टीफेन वास ;फादरद्ध ने बताया कि हाई स्कूल में रोषिता कुशवाहा 96ण्4ः अंक हासिल किए इसी तरह हर्ष मिश्रा 93ण्6ः ए पूर्ति नंदिनी 93ण्4ः ए दिव्या तिवारी 92ण्8ः ए शिवम् सिंह 92ण्2ः ए विराट शिवहरे 92ः ए अर्पित गुप्ता 91ण् 4ः ए अपर्णा सिंह 89ः ए दुष्यंत सिंह 88ण्6ः ए रागनी रॉय 88ण्6ः तथा इसी तरह इंटर क्लास में आदर्श गुप्ता 92ण्6ः ए वंशिका सिंह नामदेव 92ण्2ः ए प्रतिभा पटेल 90ण्6ः ए आदित्य दुबे 87ण्6ः ए आकांक्षा गुप्ता 86ण् 6ः ए सार्थक कुशवाहा 86ः ए अभय मिश्रा 84ण्6ः ए श्रीराम तिवारी 84 ण्6ः ए नवनीत सिंह 83ण् 2ः ए संजना गुप्ता 82ण्8ः । कुछ बच्चों के अभिभावकों ने यह माना कि तत्कालीन प्रधानाचार्य टी अरुल राज ;फादर द्ध की मेहनत का नतीजा है।

# मुठभेड़ के दौरान पकड़ा गया शातिर बदमाश

- **मौके का फायदा उठाते हुए एक अभियुक्त भागने में रहा सफल**
- **पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में लगी**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बांदा।** विगत दिनों सर्राफ कारोबारी के बेटे को गोली मारकर की गई लूटपाट के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। वहीं उसका सहयोगी भागने में सफल रहा। जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नरैनी अंबुजा त्रिवेदी के नेतृत्व में थाना गिरवां क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम देने वाले एक अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी पलाश बंसल ने बताया कि विगत 12 अप्रैल को थाना गिरवां क्षेत्र के तिन्दुही के रहने वाले मिथलेश सोनी तथा उनका पुत्र पंकज सोनी जो कि गांव-गांव फेरी लगाकर सोने-चांदी के आभूषण की बिक्री करते हैं, से घर लौटते समय अज्ञात अभियुक्तों द्वारा बछेही मोड़ के पास लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस दौरान अभियुक्तों द्वारा तमंचे से फायर भी किया गया जिसमें पंकज सोनी घायल हो गये थे। इस सम्बन्ध में थाना गिरवां पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि गिरवां क्षेत्र में एक मोटरसाइकिल में दो संदिग्ध व्यक्ति भ्रमण कर रहे हैं। सूचना पर एसओजी तथा थाना गिरवां पुलिस द्वारा मकरी पुलिया के पास सघन तलाशी एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर आ रहे 02 व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया तो अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर फायर करना शुरू कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया जबकि दूसरा मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल अभियुक्त को गिरफ्तार कर इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गहन जांच में पाया गया कि गिरफ्तार अभियुक्त आमिर खान 12 अप्रैल को थाना गिरवां क्षेत्र में हुई लूट की घटना में शामिल था। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा 315 बोर, 2 जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, लूटे गए आभूषण, 16 हजार 500 की नगदी आदि बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम आमिर खान पुत्र शेरखान निवासी हड़ा कबौली थाना नरैनी बताया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है। एसपी ने कहा कि दूसरे अभियुक्त की तलाश जारी है। उसे भी जल्द पकड़ा जाएगा। गिरफ्तारी को लेकर कई टीमें लगाई गई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश तिवारी, कृष्णदेव त्रिपाठी प्रभारी एसओजी आदि शामिल रहे।



बांदा : मुठभेड़ में घायल बदमाश ।

## ग्राम प्रधान सहित ग्राम सचिव के भ्रष्टाचार की जांच में लीपा पोती

स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा । ग्राम पंचायत में सचिव और प्रधान खुले आम भ्रष्टाचार कर रहे है।ग्रामीणों द्वारा विरोध करने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हो रही। तत्कालीन जिलाधिकारी को शपथ पत्र देकर के ग्राम सभा के लोग जांच की मांग किया था जिन अधीनस्थ अधिकारियों को जांच दी गई जांच में उन्होंने लीपा पोती कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार

महुआ विकास खंड के ग्राम सभा मसुरी में विकास के कामों में भ्रष्टाचार हो रहा है। ग्राम पंचायत सदस्य देवकुमारए मैथिलीशरणए दिनेश कुमार आदि ने सचिव रश्मि मिश्रा और प्रधान प्रेमा वर्मा पर विकास कार्य और सरकारी योजनाओं में कथित तौर पर भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप लगाते हुए पांच माह पहले तत्कालीन जिलाधिकारी नागेन्द्र प्रताप सिंह को शपथ पत्र देकर जांच की मांग की थी। जिसमें दो सदस्यीय जांच समिति को पन्द्रह दिनों में जांच आख्या प्रेषित करने का आदेश हुआ था ।लेकिन जांच समिति के दोनों अधिकारियों ने टालमटोल करते हुए गड़बड़ी करके तीन महीनों में महज़ खानापूर्ति वाली आपत्तिजनक आख्या भेजी जिसमें कथित भ्रष्ट सचिव व प्रधान को दोषी ठहराने के बजाय उन्हें बचाने का ही भरसक प्रयास किया गया।जांच टीम के द्वारा फर्जी जांच आख्या प्रेषित कर दी गई । पिछले दिनों जनसुनवाई कार्यक्रम में पुनः प्रार्थना पत्र देकर शिकायतकर्ताओं ने वर्तमान जिलाधिकारी से न्याय पूर्ण कार्यवाही किए जाने की मांग करते हुए पंचायत निधियों के बैंक खातों के संचालन पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने अपने ताजा बयान में कहा है कि जांच समिति के सदस्य उप कृषि निदेशक के साथ ही लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता की तथाकथित भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने में अहम भूमिका निभा रहे है। सदस्यों सहित ग्रामीणों ने दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में श्री जी इंटरनेशनल स्कूल ने बताया दबदबा

**चित्रकूट ब्यूरोः** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा मंगलवार को हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के घोषित परीक्षा परिणामों में श्री जी इंटरनेशन स्कूल ने एक बार फिर जिले में दबदबा बना लिया है। जहां इस संस्थान के हाईस्कूल के 11 और इण्टरमीडिएट के सात विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है। जिसमें हाईस्कूल के अभिनव राजपूत ने 96 और इण्टरमीडिएट की भूमिका जैन ने 95.50 प्रतिशत अंत प्राप्त किए है।

विद्यालय के प्रबंधक अजय अग्रवाल और निदेशक स्वपनिल अग्रवाल ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में अभिनव राजपूत ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार काव्या पाण्डेय ने 94.8, अर्पित सिंह ने 93.8, उपासना सिंह ने 93.2, अथर्व केशरवानी और ऋतुजा ने 92-92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशं दूसरा, तीसरा, चौंथा व पांचवा स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार प्रखर राठौर ने 91.8, अंशिका द्विवेदी ने 91.6, हर्ष प्रताप सिंह व शौर्य केशरवानी ने 91.4-91.4 व अर्जित जैन ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार इण्टरमीडिएट में विद्यालय की भूमिका जैन ने 95.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा निधि ने 94.25, इश्वरी गोयल ने 93.75, खुशी केशरवानी ने 92.25, कशिश जैन व स्वर्णिमा सिंह ने 91.75-91.75 और शशांक चतुर्वेदी ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है।

## पुलिस ने पकड़ा जानवरों से लदा डीसीएम



**बांदा।** चेकिंग के दौरान बबेरू पुलिस ने मवेशियों से लदे डीसीएम को पकड़ा है। जिसमे दर्जनों मवेशी भूसे की तरह भरे हुए थे। वहीं आधा दर्जन अभियुक्त भी पुलिस के हत्थे चढ़े है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने के क्रम में मंगलवार को थाना बबेरु पुलिस द्वारा आज सुबह गश्त एवं चेकिंग के दौरान कस्बा बबेरु के मुख्य चौराहे से 06 अभियुक्तों को एक लोडर व एक डीसीएम में क्रूरतापूर्वक पशुओं को लादकर ले जाते समय गिरफ्तार किया गया। डीसीएम से कुल 21 भैंसे व 14 पड़वा/पड़िया तथा लोडर से कुल 10 भैंसे व 01 पड़िया बरामद हुए है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम साबिर पुत्र तारिक निवासी दिहुली थाना थरियावं जनपद फतेहपुर, सफीक पुत्र इन्द्राज अहमद निवासी सचौली थाना थरियावं जनपद फतेहपुर, नूर मोहम्मद पुत्र छोटे अहमद निवासी पाराहजन थाना करारी जनपद कौशाम्बी, साजिद खां पुत्र मो0 हारुन निवासी मरवा जैतवारा जनपद सतना (म0प्र0), इबरान खां पुत्र महरुम खां, हलीम पुत्र मो0 कलीम निवासीगण मरवा जैतवारा जनपद सतना (म0प्र0) बताया। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह राजावत, जयचन्द्र सिंह चौकी प्रभारी कस्बा बबेरु, उपनिरीक्षक विजय बहादुर, मुख्य आरक्षी प्रमील विवेक, आरक्षी रवि कुमार, राजेश्वर, सूर्यांशू आदि शामिल रहे।

# चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

- **माल के साथ पकड़े गए तीन चोर**
- **अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के माल के साथ-साथ तमंचे भी हुए बरामद**





बांदा : चोरी के माल के साथ पकड़े गए चोर ।

**बांदा।** चोरी की घटना का खुलासा करते हुए मटौंध पुलिस ने तीन चोरों को पकड़ा है। जिनके कब्जे से माल के साथ-साथ तीन तमंचे भी बरामद हुए है। डॉक्टरी परीक्षण के बाद पुलिस ने अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना मटौंध पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी पलाश बंसल ने बताया कि थाना मटौन्ध क्षेत्र के ग्राम लोहरा के रहने वाले देवीदीन द्वारा विगत 1 अप्रैल को थाना मटौन्ध पर सूचना दी कि 1 अप्रैल की रात्रि को उनके घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना मटौन्ध पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में मंगलवार को थाना मटौन्ध पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर आलमखोड के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी में अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के आभूषण व घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचे 315 बोर तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर अपना नाम ओमप्रकाश शुक्ला पुत्र मातादीन शुक्ला निवासी कितपुरा थाना चंदला जनपद छत्तरपुर (म0प्र0), हरेन्दा रैकवार पुत्र जागेश्वर रैकवार निवासी घटरा थाना गौरिहार जनपद छत्तरपुर (म0प्र0), प्रीतम सिहं उर्फ राहुल सिहं पुत्र राजकुमार सिहं निवासी घटरा थाना गौरिहार जिला छत्तरपुर (म0प्र0) बताया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष संदीप कुमार सिंह, उपनिरीक्षक संतोष कुमार सरोज, भवानी सिहं, आरक्षी पुष्पेन्द्र, अजय कुमार आदि शामिल रहे।

## नाबालिक लड़की को जहरीला पदार्थ सूंघाकर बनाते कर रेप किया रईस जादो ने रिपोर्ट दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** जनपद का नरैनी कस्बा इन दिनों इंसानियत को तार.तार करने वाली घटनाओं का गढ़ बन चुका है। एक के बाद एक दिल दहलाने वाली वारदातों ने समाज की आत्मा को झकझोर कर रख दिया है। रईसजादों की कुकर्म लीला ने नैतिकता की सारी हदें पार कर दीं। कुछ दिन पहले कस्बे के बंबा तालाब के पास एक रईसजादे की कुख्यात हरकतों का वीडियो वायरल होने से लोग हतप्रभ रह गए।जिस पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक के विरुद्ध कार्यवाही कर जेल भेज दिया।अभी उबर भी नहीं पाए थे कि एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की जघन्य घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। यह घटना मानवता पर एक गहरा धब्बा हैए जिसने समाज के माथे पर शर्मिंदगी की काली स्याही पोत दी।पीड़िता के पिता की नरैनी कोतवाली में दी गई तहरीर के अनुसारए उनकी नाबालिक बेटी को गांव के कुछ हैवानों ने जहरीला पदार्थ सुंघाकर स्कूल के पीछे से अगवा किया। इसके बाद अतर्रा और बांदा में इन दरिंदों ने उस मासूम के साथ दुष्कर्म की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। अपनी काली करतूत को पूरा करने के बाद इन वहशियों ने पीड़िता को गिरवा के खत्री पहाड़ के पास एक खेत में बेहोशी की हालत में फेंक दिया और फरार हो गए। खेत के पास रहने वाले एक बाबा ने मासूम को देखकर शोर मचायाए लेकिन तब तक ये राक्षस अपनी नीच हरकत को अंजाम देकर भाग चुके थे।इस जघन्य अपराध की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक पलाश बंशल ने कड़ा रुख अपनाते हुए नरैनी पुलिस को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने अपनी तत्परता का परिचय देते हुए देर रात इस घृणित कांड के सभी आरोपियों को धर दबोचा। पीड़िता का मेडिकल करवाकर पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है और कठोर कानूनी कार्रवाई को अंजाम दे रही है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई ने जनता के बीच कुछ राहत की सांस दी हैए लेकिन समाज में गुस्से की लहर दौड़ रही है।यह घटना बांदा में रईसजादों की कुकर्म लीला के बाद दूसरा बड़ा झटका हैए जिसने समाज को शर्मसार कर दिया। यह सिर्फ एक अपराध नहींए बल्कि मानवता के खिलाफ एक संगठित साजिश है। क्षेत्र में आक्रोश की आग भड़क रही है और जनता अब ऐसी घृणित वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए कठोरतम कदम उठाने की मांग कर रही है। समाज और प्रशासन को अब जागना होगा। इन दरिंदों को ऐसी सजा दी जाए जो न सिर्फ उन्हें सबक सिखाएए बल्कि भविष्य में ऐसी वारदातों को सोचने वालों के लिए एक कड़ा संदेश बने।प्रशासन और समाज के लिए संदेशरू यह समय केवल कार्रवाई का नहींए बल्कि ऐसी घटनाओं की जड़ को उखाड़ फेंकने का है। बेटियों की सुरक्षाए समाज की नैतिकता और कानून का राज स्थापित करने के लिए हर स्तर पर कठोर और त्वरित कदम उठाए जाएं। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना होनी चाहिएए लेकिन यह शुरुआत मात्र है। अब समाज को एकजुट होकर इन वहशियों के खिलाफ आवाज बुलंद करनी होगीए ताकि बांदा की धरती पर फिर कभी कोई मासूम इस तरह की हैवानियत का शिकार न बने।कोतवाली निरीक्षक राम मोहन राय ने बताया कि घटना को तत्काल संज्ञान में लेकर घटना में दोषी दो लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर जेल भेजा जा चुका है

## कंधा देने के साथ अफसरों ने दी श्रद्धांजलि

बांदा। थाना अतर्रा में तैनात आरक्षी रमाकान्त यादव ग्राम फेटवा थाना महुआडीह जनपद देवरिया के रहने वाले थे तथा वर्ष 1990 में आरक्षी के पद पर जनपद सिद्धार्थनगर से उ0प्र0 पुलिस में भर्ती हुए थे। रमाकान्त यादव दिनांक वर्ष 2020 में जनपद बांदा में नियुक्त हुए थे। सोमवार को अचानक तबियत खराब होने पर उन्हे थाना अतर्रा के सहकर्मियों द्वारा उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी दुःखद मृत्यु हो गई। पुलिस लाइन में आज पुलिस परिवार के साथियों द्वारा रीत व पुष्प चढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पुलिसकर्मी के परिजनों को दुःख की घड़ी में ढ़ांढ़स बंधाते हुए सात्वना दी गई। मृतक के परिवार को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया तथा आश्वस्त किया कि दुःख की इस घड़ी में पूरा पुलिस परिवार उनके साथ है। एसपी पलाश बंसल ने कहा कि आरक्षी रमाकांत यादव की कमी महकमे को जरूर खलेगी। वह जिम्मेदार कर्मचारी के साथ-साथ बहुत ही कर्मठ रहे है।

# डीएम ने राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक कर दिए सम्बन्धितों को निर्देश



**चित्रकूट ब्यूरोः** कर करेत्तर, राज्य कर के अवशेष बकायों एवं सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान डीएम ने राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को निर्देशित किया।

बैठक में डीएम ने बांट माप, गेहूं खरीद, नगर विकास, परिवहन, खनन, पैमाइश आदि की समीक्षा करते हुए जिला खनिज अधिकारी को निर्देशित किया कि शासन द्वारा प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कराए, जिससे जनपद की रैंकिंग में सुधार हो सके। कहा कि जनपद में ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए। पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर जांच करते रहें। आरसी के संबंध में उपायुक्त राज्य कर अधिकारी विक्रम अजीत को निर्देशित किया कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों से मुलाकात कर एवं आरसी की मिलान कर वसूली कराए। धारा 116 की प्रगति ठीक न पाने पर डीएम ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रगति कराएं तथा लक्ष्य बनाकर कार्य करें, तभी सफलता मिलेगी। लंबित वादों के सम्बन्ध में कहा कि यथाशीघ्र निस्तारण कराए। कहा कि तहसील मऊ के अंतर्गत अधिक वाद लम्बित हैं। इसमें कार्य योजना बनाकर निस्तारण कराएं, तभी जनपद की रैंकिंग सुधरेगी। हैसियत प्रमाण पत्र के संबंध में कहा कि लंबित प्रमाण पत्रों का शासन की गाइडलाइन के अनुसार त्वरित निस्तारण कराए। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस के संबंध में जनपद की रैंकिंग में गिरावट होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्वी व अधिशासी अभियंता विद्युत राजापुर को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कहा कि अगले माह यदि कोई डिफाल्टर होता है, तो संबंधित का वेतन रोक दिया जाएगा। सभी अधिकारियों से कहा कि अपने पोर्टल पर देखते रहें तथा किसी भी कीमत पर डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व वसूली के संबंध में कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग ठीक है, वह ऐसे ही रैंकिंग बनाए रखें। अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन बिंदुओं पर सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग प्रभावित हुई है, उन पर इस माह में प्रगति कराएं, अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। बताया कि मुख्यमंत्री स्वयं सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा की करते है। अतः किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, उपजिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, उपजिलाधिकारी मऊ सौरभ यादव, उपजिलाधिकारी राजापुर ऋषि रमन, आईजी स्टांप राम सुंदर यादव, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद सिंह, खाद एवं विपणन अधिकारी अविनाश झा, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह आदि मौजूद रहे।

**परशुराम समिति छात्र.छात्राओं को सम्मानित करेगी**

**इकदिलए इटावा।** परशुराम सेवा समिति हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के उत्तीर्ण मेधावी छात्र.छात्राओं को सम्मानित करेगी। उक्त जानकारी देते हुए परशुराम समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉण्सुशील सम्राट व प्रदेश महामन्त्री विनय कुमार द्विवेदीए जयशिव मिश्रा ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड व यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के वर्ष 2025 में 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले मेधावी छात्र.छात्राओं को परशुराम सेवा समिति प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करेगी। प्रदेश अध्यक्ष डॉण्सम्राट ने बताया कि छात्र.छात्राएं एक पासपोर्ट साइज की फोटो व अंक पत्र की फोटो कॉपी एवं आधार कार्ड की फोटो कॉपी समिति के प्रदेश कार्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में जमा करें स अथवा मोबाइल नम्बर 9412185887 पर भी भेज सकते हैं।

## जे एस सीनियर सेकेंडरी स्कूल का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत




**छिबरामऊ कन्नौज ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्डए दिल्ली द्वारा आज बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट घोषित होते ही कक्षा 10 तथा कक्षा 12 में अध्यनरत छात्र.छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई।

कक्षा 12 में कुल 90 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे जिनमें से तीन छात्र परीक्षा में अनुपस्थित रहे। इनमें से 69 छात्र.छात्राएं प्रथम श्रेणी से पास हुए। छात्रा सृष्टि गुप्ता द्वारा 92ः अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया गया।

इसी तरह कक्षा 10 में छात्र कनिष्का ने 93ः अंक अर्जित किए ए आस्था त्रिपाठी ने 91ः अंक तथा अक्षय पाठक ने 90ः अंक अर्जित किए।

विद्यालय का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर समस्त अभिभावकोंए स्टाफतथा छात्र.छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रिंसिपल डॉक्टर शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने सभी छात्र.छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अवगत कराया की बहुत कम समय में ही विद्यालय के स्टाफकी कड़ी मेहनत तथा लग्न की वजह से विद्यालय के परीक्षा परिणाम प्रत्येक वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं ।

## मिट्टी खोदते समय टीला धंसने से दो किशोरी दबी एक की मौत



फर्रुखाबाद। अस्पताल परिसर में मृतक का शव स्टेचर पर देखकर मां रोती हुई मां सामने खड़े इंस्पेक्टर तथा सीओ सिटी ऐश्वर्या पांडे

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव तलैया नगला निवासी 10 .12 बच्चे और महिलाएं घर में पुताई के लिए मिट्टी खोदने पास के ही गांव सदरियापुर में गए थे मिट्टी खोदते समय अचानक ऊपर से लगभग 4 फुट मोटा मिट्टी का टीला धस गया और मिट्टी खोद रही 14 साल की गुरमीता पुत्री रामधनी तथा गोल्डी पुत्री सुदामा नीचे दब गई आनन फानन में साथ आये बच्चों ने पास में काम कर रहे लोगों को घटना की जानकारी दी सदरियापुर के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों किशोरियों को अचेत अवस्था में बाहर निकाला और 108 नंबर एंबुलेंस की सहायता से दोनों किशोरियों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज पहुंचे यहां डॉक्टर विकास पटेल ने 14 वर्षीय गुरमीता को मृत घोषित कर दिया वहीं 10 वर्षीय गोल्डी की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया

घटना की सूचना पर चौकी इंचार्ज खुदागंज शिवकुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और जानकारी ली उसके उपरांत थानाध्यक्ष राजीव कुमार और सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने सीएससी पहुंचकर घटना की जानकारी ली और घटनास्थल पर पहुंच कर मौका मुआयना किया मृतक गुरमीता चार बहने तथा एक भाई था गुरुमीता की बहन शुभम रुबीना और स्वामिनी तथा भाई सोनू का रो.रोकर बुरा हाल था सब इंस्पेक्टर बलवीर सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

## नलकूप एवं ओवरहेड टैंक की चाहर दीवारी जल्द पूर्ण करें



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने भारत सरकार के अमृत 2 कार्यक्रम के के तहत स्वीकृत छावनी परिषद फतेहगढ़ पुनर्गठन पेयजल योजना के तहत 1282ण02 लाख की लागत से निर्मित किये जा रहे उच्च जलाशय नलकूप व वितरण प्रणाली एवं पम्पिंग प्लांट का निरीक्षण किया ।

जिलाधिकारी ने वितरण प्रणाली में इस्तेमाल की जा रही सामिग्री की गुडवत्ता का निरीक्षण किया प्रयोग की जा रही सामग्री की गुडवत्ता अच्छी पाई गई अधिशाषी अभियंता ने बताया कि 15ण95 किमी में से 12ण5 किमी पाइप लाइन बिछ गई है जिसे 1ण0 मी0 गहराई पर डाला गया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द कार्य समाप्त कर हैंडओवर की कार्यवाही पूर्ण करे नलकूप एवं ओवरहैड टैंक की चहारदीवारी भी जल्द पूर्ण कराये। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी व संवंधित लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष शाक़िर हुसैन प्रेमपुर पहुंच कर उनके पार्थिव शरीर पर कांग्रेस का झण्डा डालकर श्रद्धांजलि अर्पित की



**छिबरामऊ कन्नौज** प्रेमपुर में कांग्रेस के वयोवृद्ध वरिष्ठ नेता विद्याराम दुबे जी ने 96 वर्ष की आयु में अपने आवास में अन्तिम सांस लीएउनके चार पुत्र व चार पुत्रियाँ हैं।

जब कांग्रेस परिवार को उनकी मृत्यु की सूचना मिलीएतुरन्त ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष शाक़िर हुसैन प्रेमपुर पहुँच कर उनके पार्थिव शरीर पर कांग्रेस का झण्डा डालकर उनकी आत्मा की शान्ति के लिये मौन रखा और परिवार के सदस्यों को ढाँढस दिया कि अब वह ईश्वर के यहाँ पहुंच गए हैंएवह वही भी अच्छी तरह से रहेंगे।इस दुःखद मौके पर उनके साथ पीसीसी सदस्य एवं प्रदेश महासचिव;माइनॉरिटीद्ध संजय पौलए प्रदेश सचिव सेवादल विनोद दुबे ;पप्पूद्धएयुव नेता अमीर खानएपूर्व प्रदेश सचिव पारुल त्रिपाठीएहरी शंकर मिश्रा एडवोकेट सहित कई कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।'

## नर्स दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता यशी व निधि पहले स्थान पर



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय से संबंद्ध बाबू सिंह दद्दू जी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज भोजपुर में अन्तर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर अपने विचार साथी छात्र.छात्राओं से साझा किये।

महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ शिक्षक मनीष शर्मा रचना यादव तथा करिश्मा कटारे ने फ्लोरेंस नाइटगेंल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन व पुष्प अर्चन के साथ किया।

इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कीं। पोस्टर एवं उन पर दिए गए व्याख्यान को देखते हुए निर्णायक मंडल ने बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष की छात्रा यशी शर्मा व निधि शाक्य की प्रस्तुति को प्रथम तथा ग्रुप ई बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष की छात्रा गीतिका राजपूत तथा शिवानी राजपूत द्वितीय तथा ग्रुप ए की एएनएम प्रथम वर्ष की छात्रा सिमरन तथा कनिष्का तृतीय घोषित की गई।

इससे पूर्व शिक्षकों ने नर्स दिवस पर प्रथम नर्स फ्लोरेंस नाइटेंगेल का जन्मदिवस केक काटकर मनाया।

कार्यक्रम में इंजीनियरिंग टेक्नालॉजी एवं मैनेजमेंट के डीन डॉक्टर निखिल श्रीवास्तव सुनील नेहा मनमोहन सिंह रामेन्द्र गोल्डी सुष्मिता कटियार प्रीती आदि शिक्षकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## राजपूताना पब्लिक स्कूल के छात्रों किया बेहतरीन प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद।** सीबीएसई हाई स्कूल एवं इंटर के परिणाम आज घोषित किए गए हैं जिसमें राजपूताना पब्लिक स्कूल के छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा राजपूताना पब्लिक स्कूल के सभी छात्राएं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए विद्यालय के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौर प्रबंधक संदीप सिंह राठौर प्रशासक मोहम्मद अरशद तथा प्रधानाचार्य हिरदेश कुमार ने छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं हाई स्कूल के छात्र मनु राजपूत ने 96ण4 एचडी प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर सुब्रत राठौर 95 दूसरे वी अर्पित यादव अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे अभय सिंह प्रशांत सिंह यशिका वर्मा प्रखर प्रताप सिंह ऋतिक अनमोल यादव मोहम्मद कौनैन शिवांजलि परमार ऐश्वर्या दीक्षित प्रत्यूष कटियार अर्जित राठौर लक्ष्य कटियार आयुष कुमार दिवी राजपूत ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है

## विद्यालय में गंदगी मिली खाने की गुणवत्ता खराब

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने प्राथमिक विद्यालय कटरी सोता बहादुरपुर व प्रा0 विद्यालय सोता बहादुरपुर का औचक निरीक्षण किया

निरीक्षण में प्राथमिक विद्यालय कटरी सोता बहादुरपुर में पंजीकृत 320 बच्चों के सापेक्ष 180 बच्चें उपस्थित पाये गये पठन पाठन का स्तर ठीक पाया गया जिलाधिकारी ने शिक्षा के स्तर को और अच्छा करने व साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिये निर्देशित किया गया। प्रा0विद्यालय सोता बहादुरपुर में पंजीकृत 176 के सापेक्ष 109 बच्चें उपस्थित पाये गये साफसफाई का अभाव पाया गया मिड डे मील की गुडवत्ता सही नही पाई गई जिलाधिकारी द्वारा इस पर नाराजगी जताई गई व तत्काल सभी व्यवस्थाये सही कराने के निर्देश दिये गये।

## बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए जिससे समाज का विकास हो



**छिबरामऊ कन्नौज** क्षेत्र के कसियापुर ग्राम मे जाति तोडो समाज जोडी सभा का आयोजन किया गया जिसमें मण्डल प्रभारी छबिराम जाटव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब कहा था कि शिक्षित बने संगठन बने और संघर्ष करें।

समाज के लोगों को बाबा साहब की बात को मनाना चाहिए और अपने बच्चों को अवश्य पढ़ना चाहिए और बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए और कहा कि देश में आज बहुजनो की लड़ाई सिर्फ सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ही लड़ रहे हैं आज आजाद जी ने अपनी संघर्ष की बदौलत बहुजनों के दिलों में जगह बनाई है व आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि संत गाडगे जी ने कहा था कि अपने घरों के बर्तन बेच दीजिए हाथ पर रख कर खाना खाइये पर अपने बच्चों को जरूर पढ़ाइए और श्री गौतम ने कहा कि इस बीजेपी की सरकार में दलितों पर रोज उत्पीड़न हो रहा है और सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है इस सरकार में जानवरों की तो कीमत है पर दलितों की कोई कीमत नहीं है यूपी में पूरी तरह से जंगल रात व्याप्त हो चुका है भाजपा की सरकार में लगातार बेरोजगारी और महंगाई चरम सीमा पर है भाजपा दलित मुस्लिम किसान और महिला विरोधी सरकार है आजाद समाज पार्टी जनहित के मुद्दे उठाकर लगातार जमीनी स्तर पर मजबूत हो रही है भाजपा कोआजाद समाज पार्टी विधानसभा के चुनाव सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम करेगी इस मौके पर जिला प्रभारी शकील अहमदएभाईचारा जिला संयोजक इमरानएविधानसभा अध्यक्ष सुरजीत दिवाकर, विधानसभा उपाध्यक्ष गोविंद सिंह, अशोक, अनूप गौतम व दर्जन घर से अधिक लोगों ने पार्टी की संस्था ग्रहण की।

## कन्नौज के क़ाज़ी को मुबारकबाद-जमात रज़ा ए मुस्तफा



**छिबरामऊ कन्नौज** बरेली मरकज के क़ाज़ी ए हिंदुस्तान मुफ्ती असजद रज़ा साहब ने उर्स ए ताजुश्शरिया के मौके पर बिलग्राम खानदान के सय्यद अनस मिया वास्ती को कन्नौज का क़ाज़ी ए शहर नियुक्त किया।

जिसके बाद मुल्क भर के उलमाए अहले सुन्नत ने सय्यद साहब को मुबारकबाद पेश की। उसी बीच आलाहजरत की तंजीम जमात रज़ा ए मुस्तफा ब्रांच छिबरामऊ ने भी सय्यद अनस मियां साहब को मुबारकबाद पेश की। इसके अलावा सौरिखएगुरसहायगंजए डुंडबाए कन्नौज व आसपास के इलाकों से सभी ने उनका सम्मान व समर्थन किया।

हज़रत अनस मिया फ़तहे बिलग्राम मिशन की जानिब से बेसहारा और विधवा लोगों की हर महीने मदद करते हैए गरीबों के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन करते हैं नौजवानो को बेहयाई बुरी बातों से रोकते है आप खिदमते खल्क में बखूबी कमाल रखते हैं। इस दौरान मुजफ्फर हुसैन अज़हरीए महफूज रज़ाए हाफिज फैजान रज़ाए फहीम रज़ाए मुकीमए मौलाना शाहिदए महमूद मंसूरीए क़ासिम अंसारीए फैसल ख़ानए इदरीस रज़ा इत्यादि जमात के सदस्यों ने इस्तकबाल किया।

## आर्मी पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**



**फर्रुखाबाद** आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट में कक्षा दस और बारह का परीक्षा परिणाम शत. प्रतिशत रहा। कक्षा बारह में विज्ञान वाणिज्य एवं कला संकाय के कुल मिलाकर 163 परीक्षार्थी शामिल हुए थे जिनमें 31बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

कला संकाय की अंशिका राठौर ने 98ण4 प्रतिशतअंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कला संकाय के ही 97 प्रतिशत के साथ रुद्र प्रताप सिंह दूसरे और 97 प्रतिशत पाकर मुस्कान तीसरे स्थान पर रहे। 80 से 89ण9 के बीच 58 परीक्षार्थी 70 प्रतिशत से 79ण9 प्रतिशत के बीच 55 परीक्षार्थी 60 प्रतिशत से 69ण9 प्रतिशत के बीच 19 परीक्षार्थी रहे। विज्ञान संकाय की आराध्या तिवारी ने 96ण8 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा दस में 216 परीक्षार्थियों में से 40 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

80 प्रतिशत से 89 प्रतिशत के बीच 69 70 प्रतिशत से 79ण9 प्रतिशत के बीच 67 60 प्रतिशत से 69ण9 प्रतिशत के बीच 30 तथा 50 प्रतिशत से 59ण9 प्रतिशत के बीच 10 परीक्षार्थी रहे। कक्षा 10 में आर्यन सिंह ने 97ण4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। 96ण6 प्रतिशत के साथ अनिरुद्ध प्रताप सिंह दूसरे और 96ण4 प्रतिशत अंक लेकर विक्रान्त सिंह तथा आविन कुमार सिंह तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार और उप प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उन्हें शुभकामनायें दी।

## खबर एक नज़र

### एक सप्ताह तक सफारी पार्क बंद रहेगा

**इटावा।** वर्तमान में एंवियन इन्फ्लूएंजा के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षकए वन्यजीवए उत्तर प्रदेश से प्राप्त निर्देशों के क्रम में इटावा सफारी पार्क पर्यटकों हेतु 14 मई से एक सप्ताह या अग्रिम सूचना तक बंद किया जाता है। यह जानकारी सफारी पार्क के निदेशक डाण् अनिल कुमार पटेल ने दी है।

### 12वीं की छात्रा को डंपर ने कुचलाए मौत

**.गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क किया जामए चालक फरार**

**भरथनाए इटावा।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बकेवर. भरथना मार्ग पर ग्राम मोढी स्थित एमएसके इंटरनेशनल स्कूल के सामने मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 7 बजे बकेवर की ओर से अनियंत्रित रफ्तार ओवरलोड मोहरम भरे दौड़े आ रहे एक डम्फर ने ग्राम मोढी निवासी साइकिल सवार कक्षा 9 की छात्रा सरिता उर्फ गुड्डन दोहरे ;15 वर्षद्ध पुत्री उमाशंकर दोहरे की साइकिल में पीछे से टक्कर मारते हुए रौंद डाला। जिससे सरिता की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक डम्फर लेकर भागताए इसी बीच कुछ राहगीरों ने डम्फर पर पथराव कर रोक लिया। पथराव में डम्फर के शीशे टूट गए। जिस पर चालक घटनास्थल पर डम्फर छोड़कर भाग जाने में सफल हो गया।

छात्रा सरिता रोज की तरह अपनी साइकिल से जन सहयोगी इंटर कालेज पढ़ने जा रही थी। सरिता की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और ग्रामीणों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और आक्रोशित ग्रामीणों ने बकेवर.भरथना सड़क पर जाम लगा दिया। उधर दुर्घटना के साथ जाम की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंहए पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधानए कोतवाल देवेन्द्र सिंहए क्राइम इंस्पेक्टर अरिमर्दन सिंह फोर्स लेकर घटनास्थल पर पहुंच गए और आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर आधे घंटे तक लगा सड़क जाम को खुलवा दिया। बकेवर. भरथना मार्ग पर नियमित यातायात करने वाले प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना के पीछे बकेवर मार्ग चौड़ीकरण को लेकर सड़क किनारे लम्बे समय पहले खोदकर डाले गए फुटपाथ को बताया जा रहा है। मृतक छात्रा के चाचा रामशंकर दोहरे ने बताया मृतका सरिता अपने परिवार में विवाहित दो बड़े भाई करन सिंह 30 वर्षए सौरभ कुमार 22 वर्षए विवाहित दो बड़ी बहन संगीता 28 वर्षए अंजली 25 वर्ष में सबसे छोटी थी। मृतका की मां किरन देवी व पिता उमाशंकर सहित परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल बना हुआ है। पुलिस ने घटनास्थल से डम्फर को कब्जे में लेकर मृतक छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### ट्रैक्टर व पिकअप की भिड़न्त में 50 लोग घायल

**भरथना, इटावा।** भरथना कोतवाली अंतर्गत ऊसराहार भरथना मार्ग स्थित ग्राम भोली और नगला अजीत के मध्य सोमवार की रात उस समय चीख पुकार के बीच आस पास के वाशिंदो में हाहाकार मच गया जब 35 श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली और 15 बारातियों को लेकर तेज रफ्तार दौड़ी जा रही पिकअप की आमने.सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें सभी करीब आधा सैकड़ा लोग घायल हो गए।जिममें 13 लोगो के अधिक चोटें आईंए गम्भीर रूप से घायल तीन लोगों को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।

जनपद औरैया के ग्राम उमरेंग थाना एरवाकटरा निवासी आशीष बाथम ट्रैक्टर ट्राली में अपने परिजनएनाते रिश्तेदार सहित अन्य करीब 35 ग्रामीण श्रद्धालुओं को लेकर एक ट्रैक्टर में सवार होकर लखना कालका मंदिर पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर झंडा ;नेजाद्ध चढ़ाकर देर रात अपने घर वापस लौट रहा थाएजैसे ही उनका ट्रैक्टर ग्राम भोली पुलिया और नगला अजीत के मध्य पहुंचा इसी बीच ऊसराहार की ओर सामने से तेज रफ्तार आ रही पिकअप और ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर हो गई जिससे ट्रैक्टर में सवार ग्राम उमरैंन निवासी रामकिशोरए नरेंद्र बाथमएसृष्टिएविद्यावती गीता देवीएरुद्रा व सरोजिनी घायल हो गएएजिनमें से गंभीर रूप से घायल सृष्टिएआशीष और नरेंद्र को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

जबकि थाना ऊसराहार के ग्राम भिखारीदास ;समथरद्ध निवासी कलेक्टर सिंह के लड़के शिवेग की बारात अनंतराम टोल के समीप स्थित ग्राम शाहजहांपुर के लिए जा रहे पिकअप सवार ग्राम भिखारीदास के रूद्र जैन रत्नेशएसोनू कठेरियाए रविंद्र सहित नगला अजीत निवासी रामकिशोर गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर तीन की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान ने बताया कि ट्रैक्टर और पिकअप की भिड़ंत हुई थी जिसमें 13 लोग घायल हो गए उपचार के लिए भरथना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया है। वाकी अन्य सभी मामूली चोटिल जरूर थे जो खुद ही अपने हिसाब से इलाज के लिए चले गए। सड़क पर तेज रफ्तार का कहर तो तब समझ में आया जब लोगों ने घटना स्थल पर ट्रैक्टर के इंजन को दो हिस्सों में पड़ा देखा और पिकअप के परखच्चे उड़े देखे। घटना के प्रत्यक्षदर्शी ग्राम नगला अजीत निवासी रामकिशोर दोहरे 60 बर्ष पुत्र मनोहर लाल दोहरे ने बताया वह अपनी वाहन धुलाई सेंटर पर लेता हुआ थाए इसी बीच दो बाईकों के बीच आमने सामने की भिड़ंत हो गई जिसे वह दौड़ कर बचाने पहुंचे ही थे कि ट्रैक्टर ट्राली और पिकअप की भी जोरदार भिड़ंत हो गईएजिसकी चपेट में आकर वे खुद घायल हो गए और इस घटना को देख दोनों बाइक दुर्घटना वाले फुर्र हो गए।

# सरकार ने 23 सितंबर तय कर दी आयुर्वेद दिवस की तारीख

## आयुष मंत्रालय ने इस फैसले को बताया आयुर्वेद की वैश्विक स्वीकृति और प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक कदम

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** आरोग्य के देवता, आयुर्वेद के प्रणेता और भगवान विष्णु का बरहवां अवतार कहलाने वाले भगवान धन्वंतरि के प्राकट्य दिवस यानी धनतेरस को आयुर्वेद दिवस के तौर पर मनाए जाने की परंपरा में बदलाव करते हुए केन्द्र की मोदी सरकार ने अब हर साल आयुर्वेद दिवस के आयोजन के लिए 23 सितंबर की तारीख निश्चित कर दी है। इस तारीख को आयुर्वेद दिवस के तौर पर मनाने का फैसला करने के लिए सरकार को इस वजह से पहलकदमी करनी पड़ी क्योंकि हिन्दू पंचांग के अनुसार धनतेरस का त्योहार कार्तिक मास की त्रयोदशी को मनाया जाता है जिसकी तारीख हर साल अक्टूबर से नवंबर के बीच बदलती रहती है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद को वैकल्पिक के बजाय मुख्य उपचार प्रणाली के तौर पर अपनाने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए आयुर्वेद दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले विभिन्न विशेष कार्यक्रमों के आयोजन में कई तरह की तकनीकी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लिहाजा देश से लेकर समूचे संसार में एक निश्चित तिथि पर आयुर्वेद दिवस मनाने और इसके आयोजन में निरंतरता सुनिश्चित करने के मकसद से एक उपयुक्त तारीख तय करने के लिए आयुष मंत्रालय की ओर से बकायदा एक कमेटी का गठन किया गया जिसके द्वारा प्रस्तुत चार अलगकृअलग विकल्पों में से 23 सितंबर का चयन कर लिया गया। इस तारीख का चयन करने के पीछे सबसे बड़ी वजह यह रही कि इस तारीख को प्रकृति अद्भुत खगोलीय संतुलन का प्रदर्शन करती है जिसके कारण दिन और रात की अवधि बराबर रहती है। केंद्रीय आयुष मंत्रालय की ओर से उक्त जानकारियां साझा करते हुए बताया गया है कि जिस प्रकार आयुर्वेदिक उपचार प्रणाली में ना सिर्फ कफ, पित्त और वायु बल्कि गहराई से मन, शरीर और आत्मा के संतुलन पर जोर दिया जाता है उसी प्रकार शरद-विषुव की अदभुत खगोलीय घटना हर साल प्रकृति 23 सितंबर को दिखाती है जिस दिन दिन और रात का समय एक बराबर यानी बिल्कुल संतुलित रहता है। मंत्रालय का मानना है कि एक निष्चित तारीख समर्पित कर दिए जाने के बाद अब आयुर्वेद को वैश्विक स्वास्थ्य परिदृश्य में और अधिक प्रभावी ढंग से जोड़ने और आगे बढ़ाने में सहूलियत होगी। साथ ही एक निश्चित तिथि होने से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता अभियान, शैक्षिक कार्यक्रम और अन्य संबंधित गतिविधियों की योजना बनाना और उन्हें क्रियान्वित करना अधिक आसान होगा।

# उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के राजस्व न्यायालयों में लम्बित मामलों पर जिलाधिकारी ने व्यक्त की नाराजगी

## तीन से पांच वर्ष व इससे अधिक लम्बित मामलों को प्राथमिकता पर करे निस्तारण

**मिर्जापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदारो की बैठक कर राजस्व वादो के निस्तारण के प्रगति कार्य की समीक्षा की। इस दौरान उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदारो के राजस्व वादो के अधिक लम्बित होने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने उप जिलाधिकारी सहित तहसीलदार व नायब तहसीलदारो निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व वादो का निस्तारण शीघ्र और पारदर्शी तरीके से किया जाए, वादो के निस्तारण लापरवाही न बरतते हुए स्वयं में न्याय की मंशा बनाते हुए वादो की सुनवाई किया जाए। उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारी जनता दर्शन के पश्चात सप्ताह में कम से कम तीन दिन क्षेत्र में अवश्य जाए तथा धारा-116 का निस्तारण मौके पर मुआयना करते



हुए सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि धारा-116 मात्र आम जन को सिंचाई व मार्ग उपलब्ध कराने से सम्बन्धित है, मौके पर मुआयना करते हुए पारदर्शी ढंग से माह के अंत तक एक वर्ष से ऊपर व तीन वर्ष ऊपर के मुकदमो का शत प्रतिशत निस्तारण मई माह के अंत तक सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि तहसील में लेखपालो व राजस्व कानून गो की टीम बनाकर रोस्टर के अनुसार मौके पर भेजकर धारा-116, धारा-24 व धारा-36 सहित अन्य मामलो का निस्तारण सुनिश्चित कराएं। समीक्षा के दौरान धारा-34 च धारा-24 के तहसील सदर व चुनार में धारा-116 के अधिक मामले लम्बित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वादो के निस्तारण समय सीमा के अन्दर सुनवाई करते हुए तेजी लाया जाए ताकि आम जन को न्याय मिल सकें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर जिलाधिकारी भू0रा0 सत्य प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकार सदर गुलाब चन्द्र, मड़िहान सौम्या मिश्रा, लालगंज युगांतर त्रिपाठी, चुनार राजेश वर्मा, उप जिलाधिकारी न्यायिक चुनार संजीव कुमार, उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर शक्ति प्रताप सिंह, तहसीलदार चुनार योगेन्द्र शरण शाह सहित समस्त तहसीलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित रहें।

## हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर मारपीट, भाई बहन घायल, चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी ताजीम खान ने मंगलवार को थाने में तहरीर देकर गांव निवासी चार लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। घायल भाई बहन को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है।जहां पर चिकित्सक ने ताजीम को मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने के जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है कि मंगलवार की सुबह हैंड पंप पर पानी भरने की विवाद को लेकर गांव निवासी ताबेज उर्फनंदू, जावेद ,सनी, सन्नो गाली गलौज देते हुए मारने पीटने लगी तथा वादी की अंगुली बाएं हाँथ में दाँत से काट लिया बहन रुबीना को भी मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पुलिस मुकदमा घायल भाई बहन को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## पेंशनर जीवित प्रमाण पत्र कोषागार में उपस्थित होकर अथवा ऑनलाइन समय से कराएं उपलब्ध

**मिर्जापुर।** मुख्य कोषाधिकारी, अर्चना त्रिपाठी ने बताया कि कोषागार मीरजापुर से पेंशन प्राप्त कर रहें सभी पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरोंका जीवित प्रमाण पत्र की अवधि हो रही है। ऐसे समस्त पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों अपने-अपने जीवित प्रमाण पत्रो को कोषागार कार्यालय मिर्जापुर में उपस्थित होकर अथवा आनलाइन जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा का उपयोग अपने स्मार्ट फोन के प्ले स्टोर से आधार फेस आई एप स्टाल करे तथा पुनः प्ले स्टोर सेश्रम्प्ट।छच।ड।।छ एप स्टाल कर ओपन करे। उक्त एप ओपन करने पर निम्न प्रकार आवेदन प्राप्त करते हुए अपना जीवन प्रमाण पत्र भेज सकते है एवं भविष्य में अपना जीवन प्रमाण पत्र कोषागार में प्रेषित करने हेतु इसका पुनः प्रयोग करते हुए सुविधा का लाभ पा सकते है।

## अवनीश ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया

**जौनपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में डॉ. रिज़वी लर्नर अकादमी, जौनपुर के छात्र अवनीश कुमार सरोज ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने विद्यालय बल्कि पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है। अवनीश ने इससे पहले हाई स्कूल की परीक्षा में भी 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। उनके इस निरंतर श्रेष्ठ प्रदर्शन ने यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण, मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।अवनीश की सफलता के पीछे उनकी कठिन परिश्रम, नियमित अध्ययन, और माता-पिता का सतत सहयोग रहा है। वे एक अनुशासित दिनचर्या का पालन करते हुए निरंतर अध्ययन करते रहे।

# पानी का संकट गहराया, सूखे तालाब, नमामि गंगे के तहत लगे नल नाकाफी हो रहे साबित

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकासखंड में नमामि गंगे योजना द्वारा हरघर नल जल योजना नाकाफी साबित हो रहा है। वही दो दर्जन गाँव में टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है। क्षेत्र में हरसड स्थित मुर्दहवा

### दो दर्जन गांवों में टैंकर से हो रही जल आपूर्ति

तालाब सहित दर्जन भर तालाबों में पानी न होने के कारण बच्चे उसमें क्रिकेट खेलते नजर आ रहे हैं। विजली सप्लाई रात 9 बजे से सुबह आठ बजे तक हो रही है। दोपहर में मात्र दो घंटे ही बिजली आपुर्ति होने से गर्मी में लोग परेशान हो रहे है। घर के बाहर तेज तपिश व घर के अंदर उमश से जीना दूभर हो गया है। आलम यह है कि गर्मी का आगाज हो गया है। हैंडपंपो व कूपों के पानी का जलस्तर घटता जा रहा है। ऐसी स्थिति में तालाबों में पानी होने से गाँव के कूप व हैंड पंप का जलस्तर वर्करार रहता है। ग्रामीणों ने नहर संचालित करा कर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन तालाब भरवाने की मांग की है। वही ग्राम पंचायतों से कूप की सफाई करवाने की मांग की है। नमामि गंगे द्वारा बनाई गई पर्शिया खुर्द में पानी टंकी की सप्लाई पटपरा, तीता, बेवगुना गांव के कयी बस्तियों में पानी सप्लाई न होने से लोग परेशान है। वही अन्य गाँव हलिया, कोटार, सिकटा, वीरपुर, महुगढ, भटवारी, बसुहरा, दिघिया, राजपुर, सोनगढा, सुखडा आदि गाँव में भी तीसरे चौथे दिन पानी मिल पा रहा है। दो दर्जन ग्राम पंचायतों में टैंकर से पानी आपूर्ति क्षेत्र के पटपरा, बेलाही, मतवार, नदना, पिपरा, मनिगढा, थोथा, बैधा, देवरी, गोरगी आदि सहित दो दर्जन गांवों में टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है।

बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया की पानी की समस्या की जानकारी संज्ञान में आते ही हैंड पम्पों का रिबोर कराया जा रहा है। सभी सचिवों व ग्राम प्रधानों को टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई करने का निर्देश दिया गया है। नमामि गंगे परियोजना को पत्रक के माध्यम से सभी कोटियों में पानी सप्लाई करने का निर्देश दिया गया है।

## नगर में सड़क, बिजली, पानी और विकास कार्यों का लिया जायजा

**स्वतन्त्र भारत बहादुरगंज गाज़ीपुर।** नगर पंचायत बहादुरगंज में जिलाधिकारी द्वारा विकास कार्यों की समीक्षा के लिए आज नगर में नायब तहसीलदार द्वारा नगर के वार्डो का भ्रमण कर विकास कार्यों, तथा नगर के अंदर साफ सफाई,बिजली,पानी इत्यादि की जानकारी हासिल की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नायाब तहसीलदार कौशल चौरसिया में नगर के वार्ड संख्या 13 कन्या विद्यालय एवं वार्ड संख्या 7 गुलाबचंद चबूतरे सहित हनुमान मंदिर मुख्य बाजार आदि स्थानों के विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए वार्ड में बह रहे नाली हैंडपंप, फ्रीजर तथा साफ सफाई व्यवस्था सड़कों की दशा एवं छिड़काव तथा मच्छरों से बचाव की मशीनों के बारे में जानकारी आम जनता से ली गई। इस बीच नगर पंचायत में बैठकर कर्मचारियों से नगर पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों की समीक्षा की गई और उनसे दवा के छिड़काव फॉगिंग, तथा ड्यूटी इत्यादि के बारे में जानकारी ली गई।

## शीशम के सूखे पेड़ को काटने को लेकर गाली गलौज व जान से मारने का मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गांव निवासी श्याम नारायण तिवारी ने मंगलवार को थाने में तहरीर देकर गांव निवासी दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। दिए गए तहरीर में बताया है कि गांव निवासी पारस नाथ पाण्डेय के आराजी नंबर पर स्थित सुखे शीशम पेड़ को जो मेरे कच्चे मकान पर गिर रहा है। पेड़ को कटवाने को कहा कि गाली गलौज देते हुए पारस नाथ पाण्डेय व संदीप पांडेय जान से मारने की धमकी दिया है। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।


**स्वतंत्र भारत वर्गीकृत**

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने पूर्व में अपने तीसरे नंबर के पुत्र मो. सलमान को अपनी सम्पत्ति से बेदखल कर लिया था, अब उससे सम्बन्ध बहाल कर लिया है, वह मेरी चल–अचल संपत्ति में विधिक उत्तराधिकारी होगा। खलील अहमद पुत्र स्व. अब्दुल्ला नि. ग्राम गोपालपुर तेल्हाई, थाना व पो. हथगांव, तहसील खागा, जिला फतेहपुर।(41)

सी.आर.-300/K-41

**सूचना**

मैने अपने पुत्र भाष्करकान्त औदिच्य व पुत्रवधू मोनिका उर्फ रोली के गलत व्यवहार के कारण अपने सारे सम्बन्ध समाप्त कर अपनी चलअचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है वो अपने कार्यो व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होगें। श्रीमती सरस्वती औदिच्य पत्नी स्व. राम कुमार औदिच्य पता–122/1 हैरिसगंज रेलबाजार कैण्ट कानपुर।(42)

सी.आर.-300/K-42

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे पासपोर्ट नं.– R3413774 में त्रुटिवश मेरे पिता मो. रफीक खान दर्ज हो गया है, जबकि सही नाम रफीक खान (RAFEEQ KHAN) हैं, जिसे सुधारकर पढ़ा एवं दर्ज किया जाए। मो. रजा पुत्र रफीक खान नि. मो. आबूनगर नई बस्ती, थाना कोतवाली, शहर व जिला फतेहपुर।(37)

सी.आर.-300/K-37

**सूचना**

मेरा नाम Vishesh Arora S/o Gulshan Arora है मेरी Highschool Marksheet मे त्रुटि वश Father Name- Gulshan Kumar Verma हो गया है मेरा सही नाम Vishesh Arora S/o Gulshan Arora है R/o E-341 Sector 7 Satbari Road Swarna Nagari Kidwai Nagar Kanpur-208011(37)

सी.आर.-300/K-37

**अदालती सूचना**

इत्तिलानामा बनाम रेस्पान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्रर समाअत अपील
न्यायालय अपर आयुक्त द्वितीय महोदय चित्रकूटधाम मंडल बांदा
निगरानी सं. सी202407000001340/2024
अमन द्विवेदी आदि बनाम गंगादीन आदि

1. अमन द्विवेदी पुत्र शिवाकान्त 2. अभिनव पुत्र रजनीकान्त 3. अनुराधा बेवा रजनीकान्त 4. सूर्यकान्त पुत्र शीतल प्रसाद उर्फ विश्वम्भर 5. मेवादेवी बेवा शिवकान्त 6. रमाकान्त पुत्र शीतलप्रसाद निवासी ग्राम भगवानपुर तहसील चायल जिला प्रयागराज

बनाम–1.गंगादीन पुत्र रामनिवाज 2. दिलावर पुत्र बाबूलाल 5/1. नत्थू पुत्र गंगा 6/1. इम्तयाज पुत्र मुमताज 7/1. अंजनी पुत्र कमला प्रसाद 8/1. कृष्णकांत पुत्र देवनाथ निवासीगण ग्राम नयाचन्द्रा तहसील मानिकपुर जिला चित्रकूट 9. बाबूलाल पुत्र मंगली 10. बच्चा पुत्र चुनकाई 11. धरमपाल पुत्र देवीदयाल 12. शिवनरायन पुत्र बैजनाथ 13. शिवभजन पुत्र साधू 14. शिवशरण पुत्र साधू 15. शिवभवन पुत्र साधू 16. रामानन्द पुत्र रामभवन 17. श्रीमती मालती पत्नी राजू उर्फ धर्मराज 18. रामराज पुत्र शिरोमन नि. ग्राम पंवारी मजरा मदना तह. मानिकपुर जिला चित्रकूट 19. अशोक कुमार पुत्र रामनरायन 20. श्रीमती किरन देवी पत्नी कृष्णकुमार 21. श्रीकृष्ण विनोद पुत्र बृजनन्दन 22. मदन कुमार पुत्र शिवनन्दन 23. श्रीमती मन्टोरिया पत्नी रामनरायन 24. मुन्नीलाल पुत्र बृजनन्दन 25. रघुनन्दन पुत्र ननकू 26. रामविनोद पुत्र बृजनन्दन 27. लल्लूराम पुत्र बृजनन्दन 28. विनय कुमार पुत्र कृष्णकुमार 29. शिवनिकेतन पुत्र कृष्णकुमार निवासीगण ग्राम चर तह० मानिकपुर जिला चित्रकूट 30. श्रीरामचन्द्र पुत्र रामभवन 31. सांवलदास पुत्र बैजनाथ 32. कमला पुत्र चुनकाई 33. कामता पुत्र चुनकाई 34. बच्चा पुत्र बुधई 35. रामभवन पुत्र बुदानी 36. कमल प्रसाद पुत्र रामऔतार 37. रामनरायन पुत्र मुजनू 38. श्रीमती सांवलिया पत्नी रामऔतार 39. श्रीरामनरायन पुत्र शिरोमन निवासीगण ग्राम पंवारी मजरा मदना तहसील मानिकपुर जिला चित्रकूट

अन्तर्गत धारा–210 उ०प्र० राजस्व संहिता

मुत्तिला हो कि अपील बनाराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश किया और यह अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत में तारीख 21.05.2025 ई. वास्ते समाअत इस अपील से मुकर्रर की है। अगर खुद आप या आपके वकील या अन्य कोई शख्स हो जो कानूनन आपकी तरफ अपील हाजा में जवाब इस सवाल करने का मजाज हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समाअत और तजबीज आपकी गैरहाजिरी में एकतरफा की जायेगी। आज तारीख 01.05.2025 ई. को मेरे दस्तखत और मोहर अदालत हवाले किया गया। आज्ञा से, न्यायालय अपर आयुक्त द्वितीय महोदय चित्रकूटधाम मंडल बांदा।

सी.आर.-300/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 10598/2024
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202403410010598
अशोक रस्तोगी बनाम मेसर्स कला सिल्क स्टोर द्वारा प्रोपराइटर आनन्द कुमार महावर
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1. श्री अशोक रस्तोगी उम्र 64 वर्ष वयस्क पुत्र स्व. बृज किशोर रस्तोगी निवासी फ्लैट नं. 204 कंकार्ड अपार्टमेन्ट 7/190 स्वरूप नगर कानपुर नगर....आवेदक/भवन स्वामी

बनाम– मेसर्स कला सिल्क स्टोर द्वारा प्रोपराइटर आनन्द कुमार महावर निवासी भवन सं. 764 के. ब्लाक किदवई नगर कानपुर नगर व व्यवसायिक पता 48/143 जनरलगंज कानपुर नगर
...विरोधी पक्षकार/किरायेदार

वाद अन्तर्गत धारा 21(2)(ड)(च) उ. प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 29.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 29.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-300/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं. प्रथम कानपुर नगर
वैवाहिक वाद सं. 1288/2024

रोहित राज उम्र लगभग 35 वर्ष वयस्क पुत्र श्री गिरजा शंकर निवासी म.नं. 9/43 पीली बिल्डिंग कानपुर नगर..प्रार्थी/वादी

बनाम– श्रीमती आरती उर्फ पिंकी उम्र लगभग 30 वर्ष पत्नी रोहित राज पुत्री अग्नि कुमार निवासिनी 8/156 सीताराम कॉलोनी गंगाघाट शुक्लागंज उन्नाव
..विपक्षिनी/प्रतिवादिनी

दावा अन्तर्गत धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955

आपके विरूद्ध उपरोक्त वादी ने एक वाद अन्तर्गत धारा 9 हि.वि.अधि. 1955 के दाखिल किया है आपको सूचित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में दिनांक 15.05.2025 ई. को दिन में 10.00 बजे वादोत्तर के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता हैं न्यायालय में आप स्वयं उपस्थित होकर अगर कोई आपत्ति हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय आदेश पारित होगा। आज दिनांक 06.05.2025 ई. को न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया। आज्ञा से, मुन्सरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं. प्रथम कानपुर नगर।

सी.आर.-300/K-CN

**कानपुर विकास प्राधिकरण कानपुर विज्ञप्ति**

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन सं0–131 ब्लाक–के योजना एल०आई०जी०–4 गुजैनी के०यू०डी०पी० कानपुर नगर का आवंटन दिनांक 27.05.1985 श्री नानक चन्द्र पुत्र श्री ठाकुर प्रसाद के पक्ष में किया गया था। तदोपरान्त उक्त भूखण्ड का एग्रीमेन्ट दिनांक 16.07.1985 को श्री नानक चन्द्र पुत्र श्री ठाकुर प्रसाद के पक्ष में निष्पादित किया गया। तदोपरान्त उक्त भूखण्ड की फ्रीहोल्ड डीड दि. 26.03.2003 कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री नानक चन्द्र पुत्र श्री ठाकुर प्रसाद के पक्ष में निष्पादित की गयी। जिसका क्षेत्रफल 72.21 वर्गमी० तथा भू–उपयोग आवासीय है। तदोपरान्त फ्रीहोल्ड धारक श्री नानक चन्द्र पुत्र श्री ठाकुर प्रसाद द्वारा उक्त भूखण्ड का पंजीकृत बैनामा दिनांक 28.03.2003 को श्रीमती सरोज त्रिपाठी पत्नी श्री राम कृष्ण तिवारी के पक्ष में विक्रय कर दिया। आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये मृत्यु प्रमाण पत्र एवं पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र के अनुसार श्री राम कृष्ण त्रिपाठी पुत्र राम कुमार त्रिपाठी की मृत्यु दिनांक 25.09 2024 को हो चुकी है व अविवाहित पुत्र श्री विनोद कुमार उर्फ नारायण त्रिपाठी पुत्र राम कृष्ण त्रिपाठी की मृत्यु दिनांक 24.09.2013 हो चुकी है एवं श्रीमती सरोज त्रिपाठी पत्नी राम कृष्ण त्रिपाठी की मृत्यु दिनांक 11.05.2007 हो चुकी है। इनकी मृत्योपरान्त उपजिलाधिकारी (सदर) कानपुर नगर द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या–2025011326440020/ पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र दिनांक 13.02.2025 के अनुसार निम्नलिखित सदस्य है:– 1. राधाकान्त त्रिपाठी पुत्र उम्र 36 वर्ष। उपरोक्तानुसार क्रम संख्या–1 तक अंकित सदस्य आवेदक श्री राधाकान्त त्रिपाठी पुत्र स्व० रामकृष्ण त्रिपाठी द्वारा एकल विण्डो पर प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 23.04.2025 के साथ संलग्न शपथ पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, आई०डी०प्रूफ० की छायाप्रति फ्रीहोल्ड डीड़ की छायाप्रति पंजीकृत बैनामा की सत्यापित प्रति आदि प्रस्तुत करते हुए भवन सं0–131 ब्लाक के योजना एल०आई०जी०–4 गुजैनी के०यू०डी०पी० कानपुर नगर का विरासतन/बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है। उक्त भवन का पंजीकृत बैनामा/विरासतन आधार पर श्री राधाकान्त त्रिपाठी पुत्र स्व० रामकृष्ण त्रिपाठी के पक्ष में नामान्तरण किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो या अन्य कोई अपना अधिकार रखता है तो प्रकाशन होने के बाद 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति एकल विन्डो एवं कार्यालय विश्वबैंक में दाखिल कर सकता है उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा प्रश्नगत भवन का पंजीकृत बैनामा/ विरासतन के आधार पर नामान्तरण किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी तथा भविष्य में किसी दावा/क्लेम पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

विशेष कार्याधिकारी (विश्वबैंक)

सी.आर.-300/K


# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर योजना की बैठक

**स्वतन्त्र भारत गाज़ीपुर।** गाजीपुर जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता मे पी एम सूर्य घर योजना की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मे सम्पन्न हुइ। पी ओ नेडा को निर्देश दिया पी एम सूर्य योजना मे जों भी आवेदन प्राप्त हुए है उसका सूची विद्युत खण्डवार एक सप्ताह मे वेण्डर को उपलब्ध कराया जाये साथ ही विद्युत विभाग मे लगाये गये मीटर रीडरो का 15 दिनो के अन्दर प्रशिक्षण कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करे। उन्होने कहा कि जो भी अधिकारी/कर्मचारी इस जनपद के निवासित है वो इस योजना का लाभ अवश्य ले । बैठक मे परियोजना अधिकारी यूपीनेडा गाजीपुर ने सूर्य घर योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पीएम सूर्य घर योजना, जिसे पीएम !सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के नाम से भी जाना जाता है, एक ऐसी योजना है जो घरों को छत पर सौर पैनल स्थापित करके मुफ्त बिजली प्रदान करती है. इस योजना का उद्देश्य घरों को मुफ्त बिजली प्रदान करना, सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा



देना, और बिजली की लागत में कमी लाना है। उन्होने बताया कि इस योजना के तहत घरों को छत पर सब्सिडी वाले सौर पैनल स्थापित करके मुफ्त बिजली प्रदान की जाती है, जिससे उनकी बिजली लागत में काफी कमी आती है। सब्सिडी मे सौर पैनलों की लागत का कुछ हिस्सा सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में प्रदान किया जाता है। इस योजना मे पात्र होने के लिए आवेदक के पास एक घर होना चाहिए, जिसकी छत सौर पैनल लगाने के लिए उपयुक्त हो, और आपके पास वैध बिजली कनेक्शन होना चाहिए.। इस योजना मे ऑनलाइन आवेदन आधिकारिक पोर्टल चउेनतलंहींतण्हवअण्पद पर किये जा सकते हैं.। उन्होने बताया कि आवेदक पंजीयन के लिए ग्राहक का मोबाइल नंबर, ग्राहक का नाम, राज्य, जिला, बिजली वितरण कंपनी, उपभोक्ता खाता संख्या, बिजली बिल की प्रति, घर के रूफटॉप की तस्वीर, सौर स्थापना के लिए उपलब्ध अनुमानित क्षेत्र इत्यादि जानकारी सम्बंधित साइट पर अपलोड कर सोलर रूफटॉप के लिए निःशुल्क पंजीयन कर सकते हैं। बताया कि इस योजना के अंतर्गत एक किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए केंद्र सरकार द्वारा 30 हज़ार एवं राज्य सरकार द्वारा 15 हजार कुल 45 हजार अनुदान अनुमन्य है। दो किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए केन्द्र सरकार का 60 हज़ार एवं राज्य सरकार का 30 हजार अनुदान इस प्राकर कुल अनुदान 90 हजार अनुमन्य है। 03 किलोवाट मे केन्द्र सरकार 78 हजार तथा राज्य सरकार 30 हजार कुल एक लाख आठ हजार अनुमन्य है। प्रति संयत्र प्रति किलोवाट 60 हजार रूपये लगाया जाता है। इसी के गुणांक मे 03 किलोवाट के लिए एक लाख अस्सी हजार कुल मूल्य होगा, जिसमे से एक लाख आठ हजार केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा देय अनुदान के पश्चात 72 हजार लाभार्थी द्वारा व्यय किया जायेगा। उन्होने बताया कि केंद्र सरकार ने हाल ही में बिजली बचाने और विद्युत के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए यह योजना शुरू की है एवं अंतरिम बजट में लोगों को हर माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। योजना के तहत एक करोड़ घरों पर बिजली के लिए सोलर सिस्टम लगाने का एलान मा0प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने किया था। इस योजना के तहत घरों की छत पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इससे सूर्य की किरणों की मदद से बिजली का उत्पादन होगा। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी, विद्युत विभाग के अधिकारीगण, पी ओ नेडा ,कार्यदायी संस्था मौजूद रहे।


**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 8576/2024
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202403410008576
अवधेश नारायण बनाम श्याम सुन्दर
अन्तर्गत धारा 4(7) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1. अवधेश नारायण बालिग उम्र लगभग 64 वर्ष पुत्र स्व. सूरज नारायण उर्फ दयाशंकर निवासी म.नं. 107/18 चन्द्र नगर कानपुर नगर
...आवेदक/भवन स्वामी

बनाम–श्याम सुन्दर बालिग उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र स्व. राम स्वरूप निवासी 107/18 चन्द्रनगर थाना सीसामऊ कानपुर नगर
...विपक्षी/किराएदार

थाना सीसामऊ कानपुर नगर

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 4(7) उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 08.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-300/K-CN


## जे.पी. इंटरनेशनल स्कूल सुजानगंज के मेधावी बच्चों ने लहराया परचम



**सुजानगंज जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के जे0पी0 इंटरनेशनल स्कूल सुजानगंज में मंगलवार को होनहार छात्र- छात्राओं के चेहरे तब खिल उठे जब उन्हें उत्कृष्ट अंक की प्राप्त हुई। जे पी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा इंटरमीडिएट में लड़कियां तथा हाईस्कूल में लड़कों का रहा दबदबा। जहां पर हाईस्कूल में सुयश दुबे 97 प्रति., धृति मिश्रा 96त्न, सागर दुबे 94.4 प्रति., शिखा पांडे 93.4 प्रति., राज वर्मा 92.4 प्रति. अनुष्का गुप्ता 91.2 प्रति., शिवांश मिश्रा 91.4 प्रति., अर्पिता पांडे 89.2 प्रति., राज सोनी 89 प्रति., प्रियांशु गुप्ता 88.8 प्रति., अंशिका सिंह 88.6 प्रति., शुभम यादव 88.4 प्रति., अंक प्राप्त किया। जब की इंटरमीडिएट में तान्या गुप्ता 91.2 प्रति., शिवांश उपाध्याय 90 प्रति., नैतिक उमर 86.2 प्रति., आदर्श मणि त्रिपाठी 86.2 प्रति., नम्रता यादव 86 प्रति., नेहा मौर्य 85 प्रति., स्मिता यादव 84 प्रति., और उमरा नसीम 83.4 प्रति. अंक प्राप्त हुए। विद्यालय के प्रबंधक डॉ0 जयप्रकाश त्रिपाठी ने सभी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्या प्रीति सिंह निदेशक डॉ विनय कुमार त्रिपाठी डॉ0 लक्ष्मी नारायण दुबे, श्याम शंकर पाण्डेय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

# अभी भी सच्चाई छिपा रही पाकिस्तानी सेना?

**इस्लामाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के खिलाफ भारत की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने पहली बार अपने सैनिकों के मारे जाने की बात कबूली है। पाकिस्तान सेना का

कहा भारत के हमले में हमारे 11 सैनिक मारे गए


कहना है कि भारत के हमले में उसके 11 सैनिक मारे गए। इसके अलावा, पाक सेना ने बताया कि 40 'नागरिकों' की भी मौत हुई है। हालांकि पाकिस्तान के इतिहास को देखते हुए इन आंकड़ों पर संदेह जताया जा रहा है। दरअसल इससे पहले भारतीय सेना ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में 30 से 40 पाकिस्तान सैनिकों और 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मारने की बात कही थी। पाकिस्तान ने आतंकियों को आम नागरिक के तौर पर पेश किया है और उनके जनाजे में कई



आर्मी अफसर भी शामिल हुए थे। पाकिस्तान की सरकारी मीडिया संस्था पीटीवी के अनुसार, भारत के हमले में पाकिस्तान की रक्षा करते हुए कम से कम 11 सैनिक शहीद हो गए और 78 अन्य घायल हुए हैं। इन हमलों में 40 नागरिकों की भी मौत हो गई, जिनमें 7 महिलाएं और 15 बच्चे शामिल हैं, जबकि 121 नागरिक घायल बताए जा रहे हैं। पीटीवी द्वारा जारी बयान में कहा गया कि पाकिस्तान सेना के मारे गए सैनिकों में नायक अब्दुल रहमान, लांस नायक दिलावर खान, लांस नायक इकरामुल्लाह, नायक वकार खालिद, सिपाही मोहम्मद आदिल अकबर और सिपाही निसार शामिल हैं। वहीं, पाकिस्तान वायुसेना से जो जवान मारे गए, उनमें स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ, चीफ टेक्नीशियन औरंगजेब, सीनियर टेक्नीशियन नजीब, कॉर्पोरल टेक्नीशियन फारूक और सीनियर टेक्नीशियन मुबाशिर शामिल हैं। बयान में आगे कहा गया, हमारे शहीदों की यह महान कुर्बानी साहस, समर्पण और अटूट देशभक्ति का प्रतीक है, जो हमेशा के लिए राष्ट्र की स्मृति में अंकित रहेगी।

# सैटेलाइट तस्वीरें बता रहीं ध्वस्त पाक एयर बेसों की दास्तां

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** 10 मई को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत द्वारा निशाना बनाए गए पाकिस्तान के हवाई ठिकानों की सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि वहां भारी नुकसान हुआ है, जो सशस्त्र बलों द्वारा किए गए सटीक हमलों के प्रभाव को दर्शाता है। माना जाता है कि पाकिस्तान के रणनीतिक सैन्य ठिकानों पर किए गए हमलों ने शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार को तीन दिनों की शत्रुता के बाद युद्ध विराम के लिए भारत से संपर्क करने के लिए मजबूर किया। मैक्सार द्वारा 10 और 11 मई को एकत्र की गई सैटेलाइट तस्वीरें, जिन्हें विशेष रूप से एक्सेस किया गया है, सुक्कुर (सिंध), नूर खान (रावलपिंडी), रहीम यार खान (दक्षिणी पंजाब), सरगोधा में मुशफ, जैकोबाबाद



(उत्तरी सिंध) और भोलारी (उत्तरी थट्टा जिला) में हवाई ठिकानों पर हुए नुकसान को विस्तार से दिखाती हैं। पसरूर और सियालकोट में रडार साइटों को सटीक हथियारों का उपयोग करके निशाना बनाया गया। भारत की जवाबी कार्रवाई पाकिस्तान द्वारा 10 मई को 26 से अधिक स्थानों पर हवाई घुसपैठ का प्रयास करने के बाद हुई। सिंध के जमशोरो जिले में स्थित यह पाकिस्तानी वायु सेना (पीएएफ) का अग्रिम परिचालन बेस है और इसमें एफ-16 और जे-17 जैसे लड़ाकू विमान मौजूद हैं। इस एयर बेस का उद्देश्य कराची में समुद्र तट के किनारे पाकिस्तानी रक्षा बलों को मजबूत करना है।

# 'हमारी ट्रेनिंग का अभिन्न अंग है इस्लाम'

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने एक बार फिर यह साफ कर दिया है कि उसके अभियानों में इस्लामिक विचारधारा की गहरी पैठ है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (डीजी-

पाकिस्तानी सेना का 'जिहादी चेहरा' उजागर

आईएसपीआर) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ ने गत दिनों एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस्लाम सिर्फ हर सैनिक की व्यक्तिगत आस्था का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह सेना के प्रशिक्षण का भी अभिन्न अंग है। जनरल शरीफ से पाकिस्तान सेना के ऑपरेशन 'बुन्यान-ए-मर्सूस' और भारतीय नागरिकों पर हमलों को लेकर सवाल पूछा गया था। उनसे पूछा गया कि क्या ये ऑपरेशन अल्लाह के दिखाए रास्ते पर किए जा रहे हैं, तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इस्लाम हमारी सोच और कार्यों की प्रेरणा है। उन्होंने कहा, इस्लाम न सिर्फ हमारी व्यक्तिगत आस्था का हिस्सा है, बल्कि यह हमारे प्रशिक्षण और संचालन का भी आधार है। यही हमारी ताकत है, यही हमारा मार्गदर्शन करता है। उन्होंने सेना के नारे ईमान, तक़्वा, जिहाद फी सबीलिल्लाह (ईमान, पवित्रता, अल्लाह के रास्ते में संघर्ष) को दोहराते हुए कहा कि सेना प्रमुख भी इस पर गहरी आस्था रखते हैं और यही आस्था हमारे अभियानों में झलकती है।

## अमेरिका के टैरिफ शुल्क को मात देने की रणनीति

# लैटिन अमेरिकी देशों से हाथ मिलाएगा चीन

बीजिंग ने तैयार किया मास्टर प्लान ताइपे (ताइवान)। अमेरिकी शुल्क से उत्पन्न व्यापार युद्ध से निपटने के लिए चीन अन्य देशों के साथ अपने गठबंधन को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। चीन ने मंगलवार को बीजिंग में आयोजित एक कार्यक्रम में लैटिन अमेरिकी नेताओं के साथ एकजुट मोर्चा पेश किया। चीन के नेताओं ने दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी और अन्य नीतियों से उत्पन्न अनिश्चितता एवं अस्थिरता की पृष्ठभूमि में खुद को एक विश्वसनीय व्यापार तथा वृद्धि भागीदार के रूप में पेश किया है। वहीं अमेरिका और चीन ने हाल



ही में एक-दूसरे पर लगाए भारी शुल्क में से अधिकतर पर 90 दिन की रोक लगाने को लेकर दोनों देशों के बीच सहमति बनने की सोमवार को जानकारी दी थी। अमेरिका के साथ तनाव कम करने के लिए कदम उठाने के साथ ही चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने यहां चीन-सीईएलएसी (लैटिन अमेरिकी व कैरेबियाई देशों के समुदाय) फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि चीन विशुद्ध राजनीतिक तथा गुटीय टकराव की बढ़ती हुई स्थिति तथा एकतरफावाद एवं संरक्षणवाद की बढ़ती लहर से निपटने के लिए लैटिन देशों के साथ हाथ मिलाने को तैयार है। इस फोरम की शुरुआत 2015 में की गई थी। उन्होंने कहा, 'शुल्क युद्धों या व्यापार युद्धों से किसी की जीत नहीं होती।' चीन ने अमेरिकी शुल्कों को लेकर भी कई बार इसी तरह की बात कही है। फोरम में हिस्सा लेने वाले लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई अधिकारियों में ब्राजील, चिली और कोलंबिया के राष्ट्रपति शामिल हैं। शी ने चीन और लैटिन अमेरिकी देशों के बीच घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए राजनीतिक आदान-प्रदान, आर्थिक वृद्धि, सांस्कृतिक तथा शैक्षणिक आदान-प्रदान और वैश्विक सुरक्षा पर केंद्रित पांच कार्यक्रमों की घोषणा की। उन्होंने इस क्षेत्र से आयात को बढ़ावा देने और चीनी कंपनियों को वहां अपना निवेश बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने का वादा किया। शी ने लैटिन अमेरिकी तथा कैरेबियाई वित्त पोषण का समर्थन करने के लिए 66 अरब युआन (9.2 अरब डॉलर) की नई 'क्रेडिट लाइन' की भी घोषणा की।

## एक नज़र

### चार दिवसीय मध्य पूर्व दौरे पर रियाद पहुंचे ट्रंप

**रियाद।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने चार दिवसीय मध्य पूर्व के दौरे पर पहले पड़ाव पर मंगलवार को सऊदी अरब पहुंचे। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने राष्ट्रपति ट्रंप का एयरपोर्ट पर स्वागत किया। सऊदी अरब दौरे में राष्ट्रपति ट्रंप, सऊदी युवराज के साथ ईरान के परमाणु कार्यक्रम, गाजा युद्ध को समाप्त कराने और तेल की कीमतों समेत कई अन्य मुद्दों पर बात कर सकते हैं। सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रंप के सम्मान में राजि भोज का आयोजन किया है। ट्रंप, यूएस-सऊदी निवेश सम्मेलन में भी शिरकत करेंगे। बुधवार को ट्रंप खाड़ी सहयोग परिषद के सदस्यों की बैठक में भी हिस्सा लेंगे। इस परिषद में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सदस्य देश हैं। डोनाल्ड ट्रंप ऊर्जा कीमतों को कम रखना चाहते हैं ताकि अमेरिकी लोगों के लिए महंगाई को नियंत्रित रखा जा सके। ट्रंप की मदद के लिए तेल उत्पादक देशों ने पहले ही अपना तेल उत्पादन बढ़ा दिया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें कम हुई हैं।

### ऑस्ट्रेलिया में लेबर कैबिनेट ने ली शपथ

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में तीन मई को 'लेबर पार्टी' के भारी बहुमत से पुनः निर्वाचित होने के बाद मंत्रिमंडल ने मंगलवार को शपथ ग्रहण की। मतगणना अभी जारी है और लेबर पार्टी को 150 सीट वाली प्रतिनिधि सभा में 92 से 95 सीट मिलने की संभावना है। पिछली संसद में पार्टी के पास 78 सीट थीं। रूढ़िवादी विपक्षी दलों के गठबंधन को 41 सीट मिलने की संभावना है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस बुधवार को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मिलने के लिए जकार्ता जाने की योजना बना रहे हैं। इसके बाद उनका रविवार को पोप लियो 14वें के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया से रोम जाने का कार्यक्रम है।

### अमेरिका में पादरी और उसकी पत्नी पर यौन शोषण का आरोप

**न्यू जर्सी।** अमेरिका के न्यूजर्सी में एक पादरी और उनकी पत्नी पर 10 साल तक चर्च के सदस्यों को गुलाम बनाकर काम करवाने का आरोप लगा है। साथ ही काम के साथ-साथ उन पर यौन शोषण का भी आरोप है। संघीय अभियोजकों ने कहा कि न्यू जर्सी के एक स्वयंभू पादरी और उसकी पत्नी ने चर्च के सदस्यों को लगभग 10 साल तक गुलामी और यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया,और उनसे कहा कि अगर वे नहीं माने तो भगवान उन्हें दंडित करेंगे। बताते दें 60 साल के ट्रेवा एडवर्ड्स और उनकी 63 साल की पत्नी क्रिस्टिन पर ये आरोप लगा है। अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय ने कहा कि 60 साल की ट्रेवा एडवर्ड्स और उनकी 63 साल की पत्नी क्रिस्टिन ने कमजोर स्थानीय लोगों को अपने ऑरेंज अपार्टमेंट बिल्डिंग में जीसस इज लॉर्ड बाय द होली घोस्ट चर्च में आकर्षित किया, साथ ही उन्हें भोजन और नींद पूरी नहीं करने दी। इसके साथ ही समुदाय में कठिन काम करने के लिए मजबूर किया।

### ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर के घर में लगी आग

**लंदन।** उत्तरी लंदन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के घर में आग लग गई। ब्रिटेन पुलिस ने इस मामले में 21 साल के एक शख्स को गिरफ्तार किया है। शख्स पर प्रधानमंत्री की संपत्ति से कनेक्शन बताया जा रहा है। आग सोमवार सुबह उनके निवास पर लगी थी। घटना के बाद मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड और पुलिस अधिकारियों ने आग पर काबू पाया। ब्रिटिश पुलिस का कहना है कि उन्होंने पीएम के लंदन वाले घर में आग लगने के मामले में जान को खतरे में डालने के इरादे से आगजनी करने के संदेह में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जहां प्रधानमंत्री कीर स्टारमर देश का नेतृत्व करने के लिए चुने जाने से पहले रहते थे। 21 वर्षीय इस युवक को मंगलवार की सुबह गिरफ्तार किया गया।

### बुर्किना फासो में जिहादी हमला, 100 से अधिक मरे

**बामाको।** उत्तरी बुर्किना फासो में एक जिहादी संगठन ने सैन्य अड्डों और जिबो शहर सहित कई स्थानों पर हमला किया। हमले में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में ज्यादातर सैनिक थे। एक सहायता कर्मी और स्थानीय लोगों ने सोमवार (स्थानीय समयानुसार) को हमले की जानकारी दी। बुर्किना फासो के सबसे प्रभावित इलाकों में काम करने वाले एक सहायता कर्मी ने बताया कि रविवार तड़के सैन्य अड्डे और जिबो शहर सहित कई स्थानों पर हमला हुआ। एक छात्रा ने बताया कि इस हमले में उसके पिता की भी मौत हो गई। सुरक्षा के डर से नाम न बताने की शर्त पर बात की। इस हमले की जिम्मेदारी अल-कायदा से जुड़े जिहादी संगठन जमात नस्र अल-इस्लाम वाल-मुस्लिमीन ने ली, जिसे जेएनआईएम के नाम से भी जाना जाता है। ये संगठन साहेल इलाके में सक्रिय है। बुर्किना फासो अब सैन्य जुंटा द्वारा संचालित है। देश की आबादी 23 मिलियन है। यह देश अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में आता है, जो आतंकवाद और हिंसा से सबसे बुरी तरह से प्रभावित है।

# भारत के खिलाफ फिर साजिश रच रहे मोहम्मद यूनुस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने एक बार फिर पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर अपने जहरीले और खतरनाक

पूर्वोत्तर राज्यों पर पका रहे एक नया ख्याली पुलाव

मंसूबों को उजागर किया है। उन्होंने इस बार सुझाव दिया है कि भारत के पूर्वोत्तर के सात राज्य स्वतंत्र देश जैसे है, जिनके साथ क्षेत्रीय और एकीकृत आर्थिक विकास की रणनीति बनाई जा सकती है। सोमवार को यूनुस ने नेपाली संसद के प्रतिनिधि सभा की उपाध्यक्ष इंदिरा राणा के साथ एक बैठक की थी। इस बैठक के बारे में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उनकी तरफ से कहा



गया है कि बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और भारत के सात पूर्वोत्तर राज्यों के बीच एक एकीकृत आर्थिक रणनीति बनाई जानी चाहिए। बता दें कि कुछ महीने पहले ही मोहम्मद यूनुस ने पूर्वोत्तर के इस क्षेत्र को भूमि से घिरा हुआ कहा था और बांग्लादेश को इस क्षेत्र का अभिभावक कहा था। इस बार मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और भारत के सात राज्यों के लिए एक एकीकृत आर्थिक योजना का आह्वान किया है और कहा कि इन देशों और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को अलग रहने की अपेक्षा एक साथ रहने पर अधिक लाभ होगा। एक्स पर किए गए एक पोस्ट में मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार ने नेपाल संसद के प्रतिनिधि सभा की उपाध्यक्ष इंदिरा राणा के साथ यूनुस की बैठक के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, यूनुस ने बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और भारत के सात पूर्वोत्तर राज्यों के बीच एक एकीकृत आर्थिक रणनीति का आह्वान किया है, जिसमें जलविद्युत, स्वास्थ्य सेवा और सड़क संपर्क में सीमा पार सहयोग की संभावना पर जोर दिया गया है।

# वैश्विक स्तर पर मुक्त व्यापार संकट में : डब्ल्यूटीओ

**तोक्यो।** विश्व व्यापार संगठन की प्रमुख नगोजी ओकोंजो-इवेला ने मंगलवार को जापान के प्रधानमंत्री शिगारू इशिबा से मुलाकात की। इस दौरान इवेला ने कहा कि वैश्विक स्तर

ट्रंप के टैरिफ को बताया बाधा कहा- जापान से है उम्मीदें

पर मुक्त व्यापार संकट में है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की महानिदेशक ने इशिबा से कहा कि खुले बाजारों में अग्रणी होने के नाते उन्हें जापान से काफी उम्मीदें हैं, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने तेजी से बदलते शुल्क एवं अन्य नीतियों के साथ विश्व वाणिज्य को बाधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'व्यापार वर्तमान में बेहद चुनौतीपूर्ण समय का सामना कर रहा है और यह काफी कठिन है।' जापान के विदेश मंत्रालय ने उनके हवाले से कहा, 'हमें इस संकट का इस्तेमाल हमारे सामने मौजूद चुनौतियों को हल करने के अवसर के रूप में करना चाहिए, और व्यापार में नए रुझानों का



लाभ उठाना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के अग्रणी' के तौर पर जापान को विश्व व्यापार संगठन को बनाए रखने, मजबूत करने तथा बेहतर बनाने में मदद करनी चाहिए। जापान उन देशों में से है जो अभी तक अमेरिकी प्रशासन के साथ मोटर वाहन, इस्पात तथा एल्युमीनियम सहित शुल्क में बढ़ोतरी पर कोई समझौता नहीं कर पाए हैं।

# मैक्सिको में मेयर पद की प्रत्याशी सहित चार की हत्या, लाइव स्ट्रीमिंग में कैद हुई घटना

**मैक्सिको।** मैक्सिको की मेयर पद की उम्मीदवार समेत चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मेयर पद की उम्मीदवार येसेनिया लारा गुटेरेज को गोली उस वक्त मारी गई, जब वे मेयर चुनाव के लिए प्रचार कर रहीं थीं। मेयर उम्मीदवार की हत्या की घटना फेसबुक पर पोस्ट लाइव स्ट्रीमिंग में दर्ज हो गई। वीडियो में दिख रहा है कि येसेनिया लारा गुटेरेज प्रचार के दौरान लोगों से मिल रहीं थीं। इस दौरान उनके समर्थकों ने उन्हें घेरा हुआ था। गुटेरेज जब लोगों से मिलते हुए



सड़क से गुजर रहीं थीं। इसी दौरान हमलावरों ने उन पर गोली चला दी। इस दौरान कुल 20 राउंड फायरिंग हुई, जिसमें मेयर पद की उम्मीदवार गुटेरेज समेत कुल चार लोगों की मौत हो गई। घटना मैक्सिको के वेराक्रूज की है। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने हमले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हत्या की वजह अभी साफ नहीं है। इसकी जांच की जा रही है। येसेनिया गुटेरेज, मैक्सिको की राष्ट्रपति की पार्टी मोरेना पार्टी की सदस्य थीं। गोलीबारी की घटना में कुल चार लोगों की मौत समेत तीन अन्य लोग घायल भी हुए हैं। मेयर पद के लिए मतदान एक जून को होना था। जांच एजेंसियां हत्या के मामले की जांच में जुट गई हैं।

# ताइवान ने किया रॉकेट सिस्टम हिमार्स का सफल परीक्षण

**ताइपे।** चीन द्वारा लगातार ताइवान के खिलाफ आक्रामकता का प्रदर्शन किया जा रहा है। हाल ही में भी चीन के 31 विमान ताइवान की सीमा के नजदीक उड़ान भरते देखे गए। चीन के आक्रामक रुख के जवाब में अब

चीन की आक्रामकता के खिलाफ कर रहा तैयारी

ताइवान ने भी अपनी ताकत बढ़ानी शुरू कर दी है। इसी के तहत ताइवान की सेना ने सोमवार को अपना पहला लाइव फायरिंग टेस्ट किया। अमेरिका से सप्लाई किए गए हाई मोबिलिटी आर्टिलियरी रॉकेट सिस्टम (एचआईएमएआरएस) का ताइवान ने सफल परीक्षण किया। ताइवानी सेना की 58वीं आर्टिलरी कमांड ने मनझोउ टाउनशिप के जिउपेंग बेस पर यह परीक्षण किया। एचआईएमएआरएस रॉकेट सिस्टम के एक पॉड में छह रॉकेट या एक आर्मी टेक्टिकल मिसाइल सिस्टम से लैस किए जा सकते हैं। इस आर्मी टेक्टिकल मिसाइल सिस्टम की रेंज 300 किलोमीटर है। 11 लॉन्च व्हीकल से 33 रॉकेट फायर किए जा सकते हैं। हालांकि ताइवान की सेना ने ड्रिल को लेकर ज्यादा जानकारी साझा नहीं की। परीक्षण करने वाली कमांड के अधिकारी कर्नल हो ची चुंग ने बताया कि परीक्षण के दौरान रॉकेट सिस्टम बनाने वाली अमेरिकी कंपनी के अधिकारी भी मौजूद रहे और उन्होंने ताइवानी सेना को तकनीकी मदद मुहैया कराई।

# हमास की कैद से 584 दिन बाद इजरायल लौटा बंधक

**तेल अवीव।** 584 दिनों तक हमास की कैद में रहने के बाद, इजरायली-अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर अब इजरायल लौट आए हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे एक भावनात्मक क्षण बताया। उन्होंने अलेक्जेंडर का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इजरायली सैन्य दबाव और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कूटनीतिक प्रयासों के चलते अलेक्जेंडर की वापसी संभव हो सकी है। नेतन्याहू ने इसे एक विजयी संयोजन बताया। नेतन्याहू ने आगे कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप से बात की है। ट्रंप ने इजरायल के साथ काम करने का भरोसा दिलाया है।

# संयुक्त परिवार की सीख-'अपनापन, निष्ठा व निस्वार्थ प्रेम'!

संयुक्त परिवार का मतलब सिर्फएक छत के नीचे एक साथ रहना ही नहीं होता, बल्कि यह एक जीवनशैली है, जहाँ साझा संस्कार, गहरे रिश्ते और उम्रभर की यादें पनपती हैं। यहाँ बच्चे समझौते की कला सीखते हैं, एकता में शक्ति पाते हैं और रिश्तों की अहमियत को महसूस करते हैं। इंटरनेशनल फैमिली डे के मौके पर एण्डटीवी के कलाकारों ने संयुक्त परिवार में पले-बढ़े बचपन की उन सीखों और संस्कारों के बारे में बात की, जिन्होंने उनके व्यक्तित्व को गहराई से गढ़ा। 'भीमा' की धनिया उर्फस्मिता सेबल ने कहा, ''मेरी परवरिश 12 लोगों के संयुक्त परिवार में हुई, जहां हर दिन ने मुझे एकजुटता और बाँटने का असली मतलब सिखाया। हमारे घर में एक ही टेबल पर सब नहीं बैठ सकते थे, इसलिए खाने के लिए दो राउंड लगते थे, लेकिन वही मेल-जोल का सबसे प्यारा समय होता था।'' सोनल पंवार उर्फ 'हप्पू की उलटन पलटन' की मलाइका ने कहा, ''संयुक्त परिवार मेरी ज़िंदगी का पहला स्कूल था, जहां मैंने जीवन के असली मूल्य सीखे। मेरे कज़िन्स मेरे सबसे अच्छे दोस्त थे-हम साथ खेलते, लड़ते और हर खुशी को मिलकर मनाते थे। कभी गली में क्रिकेट खेलना, तो कभी बिजली जाने पर छत पर तारों के नीचे सोना, ऐसे ही पलों ने सिखाया कि खुशियाँ बांटने से बढ़ती हैं। आज भी वो अपनापन मेरे अंदर जिंदा है।'' विदिशा श्रीवास्तव उर्फ 'भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी ने कहा, ''संयुक्त परिवार में बीता बचपन, हर रिश्ते में निस्वार्थ साथ देने की सीख बन गया। हाँ, बचपन में टीवी का रिमोट हो या आखिरी बिस्किट, इन छोटी-छोटी बातों पर खूब झगड़े होते थे। लेकिन जब बात साथ देने की आती थी, तो पूरा परिवार एक साथ खड़ा होता था। उसी माहौल ने मुझे सिखाया कि अपनों के लिए हमेशा मज़बूती से खड़े रहना कितना जरूरी है।

# सोनल और सिमरन की दिलचस्प केमिस्ट्री!

मोस्ट पॉपुलर शो 'जमाई नं. 1' अपनी दिलचस्प कहानी और लगातार आते ड्रामेटिक ट्विस्ट्स के चलते दर्शकों को लगातार बांधे हुए है। हाल ही में शो का एक



जबर्दस्त मोमेंट तब सामने आया, जब सायली (सोनल वेंगुर्लेकर) और रिद्धि (सिमरन कौर) के बीच एक धमाकेदार डांस फेसऑफहुआ। जहां स्क्रीन पर इस सीन ने ग्लैमर, टेंशन और इमोशंस सामने लाए, वहीं पर्दे के पीछे यह सोनल के लिए एक पर्सनल जीत थी, क्योंकि इस परफॉर्मेंस के लिए उन्हें अपने कम्फर्ट ज़ोन से काफी बाहर निकलना पड़ा। शो में सायली का किरदार एक ट्रेन्ड डांसर के तौर पर दिखाया गया है, लेकिन असल में सोनल ने कभी प्रोफेशनल डांस नहीं किया। खुद सोनल मानती हैं कि डांस हमेशा से उनकी कमजोर कड़ी रहा है। कम वक्त में तैयारी करनी थी, इसलिए सोनल ने खुद को रिहर्सल्स में झोंक दिया, कोरियोग्राफर के साथ दिन-रात मेहनत की और अपनी को-एक्ट्रेस सिमरन से भी कुछ मददगार टिप्स लिए। सिमरन ऑनस्क्रीन उनकी प्रतिद्वंदी हैं लेकिन ऑफस्क्रीन सबसे बड़ी सपोर्टर बन गईं। सोनल ने कहा, ''जब मुझे इस डांस सीक्वेंस के बारे में पहली बार पता चला तो मैं सच में थोड़ी घबराई हुई थी।

## बाजार दर्पण

SHRI GANGA ORTHOCARE CENTRE

Dr. D.K. Dubey
M.S. (Ortho)
Senior consultant, Orthopaedic Surgeon
Dr. Anurag Diwedi
M.B.B.S., D.Ortho(Mumbai)
Orthopaedic Surgeon
इटावा में जोड़ संबंधित सही और बेहतर उपचार के लिए आज ही परामर्श लें
Shri Ganga Orthocare Centre
CONTACT: 9068067700, 9411942021
Address: Old Agra Road Etawah

AWPL
परिवार का हिस्सा बने और बने निरोग खुद भी जिये औरो को भी जीना सिखायें
सुख और समृद्धि दोनो पायें
आयुर्वेद अपनाये जीवन और पैसा दोनो बचायें
जय किशन यादव

फ्रेंचाइजी विनायक एसोसिएट
पता- 6/2 कटरा माधोकुंज प्रयागराज
मो. 9935657889

उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनों हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर

डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089